।। श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम्।।

श्रीश्रीलरूपगोस्वामिप्रभुपादप्रणीतः

श्रीश्रीभक्तिरसामृतसिन्धुः

भगवद्भक्तिभेदनिरूपकः प्रथमलहरी-सामान्यभक्तिः

(उत्तमा-भक्ति का लक्षण एवं माहात्म्य)



श्रीहरिदास शास्त्री

॥ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ॥

श्रीश्रीलरूपगोस्वामिप्रभुपादप्रणीतः

श्रीश्रीभक्तिरसामृतसिन्धुः

भगवद्भक्तिभेदनिरूपकः प्रथमलहरी— सामान्यभक्तिः

(उत्तमा-भक्ति का लक्षण एवं माहात्म्य)

श्रील-जीवगोस्वामि-प्रभुपाद-कृत-'दुर्गमसङ्गमनी' टीकया,
श्रील-मुकुन्ददास-गोस्वामिपाद-कृत-'अर्थरत्नाल्प-दीपिका' टीकया,
श्रील-विश्वनाथचक्रवर्त्तिपाद-कृत-'भक्तिसार-प्रदर्शिनी' टीकया,
श्रीधामवृन्दावन-वास्तव्य-न्यायवैशेषिकशास्त्रि-नव्यन्यायाचार्य-
काव्य-व्याकरण-साङ्ख्य-मीमांसा-वेदान्त-तर्क-तर्क-न्याय-
वैष्णवदर्शनतीर्थ-विद्यारत्नाद्युपाध्यलङ्कृत-
श्रीहरिदासशास्त्रि-कृत-हिन्दी-अनुवादेन च समलङ्कृतः।

सद्ग्रन्थ प्रकाशक :-
श्रीहरिदास शास्त्री
श्रीगदाधरगौरहरि प्रेस,
श्रीहरिदास निवास, पुरानी कालीदह,
वृन्दावन, मथुरा, (उत्तर प्रदेश)।
श्रीचैतन्याब्द—५२६

प्रकाशक :-

श्रीहरिदास शास्त्री

संस्थापक एवं अध्यक्ष :-



श्रीहरिदास शास्त्री गोसेवा संस्थान

श्रीहरिदास निवास, पुरानी कालीदह,

वृन्दावन, मथुरा, (उत्तर प्रदेश)।

फोन नं— ०५६५-३२०२३२२, ३२०२३२५

www.sriharidasniwas.org

info@sriharidasniwas.org

प्रकाशन तिथि :

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

भाद्र अष्टमी कृष्ण पक्ष, सम्वत् २०६८, श्रीगौराङ्गाब्द ५२६

प्रथम संस्करण

प्रकाशन सहायता- १५०/- रुपये

॥ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम्॥

श्रीश्रीलरूपगोस्वामिप्रभुपादप्रणीतः

श्रीश्रीभक्तिरसामृतसिन्धुः

भगवद्भक्तिभेदनिरूपकः प्रथमलहरी— सामान्यभक्तिः

(उत्तमा-भक्ति का लक्षण एवं माहात्म्य)

श्रीश्रीराधागोविन्ददेवौ विजयेते

अखिलरसामृतमूर्त्तिः प्रसृमररुचिरुद्धतारकापालिः।
कलितश्यामा-ललितो राधाप्रेयान् विधुर्जयति॥ (१)

अनुवाद

प्रथम अर्थ — श्रीकृष्ण पक्ष में

जो अखिलरसामृतमूर्ति हैं, जिन्होंने अपने सौन्दर्य के प्रभाव से तारका एवं पाली नामक सखियों को अपने वशीभूत किया है, तथा श्यामा एवं ललिता सखियों को प्रीतिपूर्वक अपनाया है, उन श्रीमती राधा के प्रिय श्रीकृष्ण की जय हो॥ १॥

द्वितीय अर्थ — चन्द्र पक्ष में

जो अखिलरसामृतमूर्ति हैं, चारो ओर ज्योत्स्ना से तारा समूह को निष्प्रभ करते हैं, रात्रि के सौन्दर्य्य को जो स्थापन करते हैं, उन माधवी पूर्णिमा के राधाप्रिय (राधा नामक तारे के प्रिय) चन्द्र की जय हो॥ १॥

श्रीश्रीराधादामोदरौ जयतः
श्रील जीवगोस्वामिप्रभुपादकृता

दुर्गमसङ्गमनी टीका

सनातनसमो यस्य ज्यायान् श्रीमान् सनातनः ।
श्रीवल्लभोऽनुजः सोऽसौ श्रीरूपो जीवसद्गतिः॥ १॥

अथ श्रीमान् सोऽयं ग्रन्थकार: सकलभागवतलोकहिताभिलाषपरवशतया प्रकाशितै: स्वहृदयदिव्यकमलकोषविलासिभि: श्रीमद्भागवतरसैरेव भक्तिरसामृतसिन्धुनामानं ग्रन्थमपूर्वरचनमाचिन्वानस्तद्वर्णयितव्यस्यैव च सर्वोत्तमतां निश्चिन्वानस्तद्व्यञ्जनयैव मङ्गलमासञ्जयति; एवं सर्व एव ग्रन्थोऽयं मङ्गलरूप इति च विज्ञापयति,— अखिलेति। विधु: श्रीकृष्णो जयति सर्वोत्कर्षेण वर्त्तते; यद्यपि विधु: श्रीवत्सलाञ्छन इति सामान्यभगवदाविर्भावपर्य्यायस्तथाऽपि विधुनोति खण्डयति सर्वदु:खमतिक्रामति सर्वं चेति, यद्वा, विदधाति करोति सर्वसुखं सर्वं चेति निरुक्तेः पर्य्यवसाने विचार्य्यमाणे तत्रैव विश्रान्ते:, असुराणामपि मुक्तिप्रदत्वेन स्ववैभवातिक्रान्तसर्वत्वेन परमापूर्वस्वप्रेम-महासुखपर्य्यन्त-सुखविस्तारकत्वेन स्वयंभगवत्त्वेन च तस्यैव प्रसिद्धे:, अतएवामरेणापि तत्प्राधान्येनैव तानि नामानि प्रोक्तानि;— 'वसुदेवोऽस्य जनक:' इत्याद्युक्ते:।

एतदेव सर्वं जयत्यर्थेन स्पष्टीकृतं; सर्वोत्कर्षेण वृत्तिर्नाम तत्तदेवेति; अतएव प्राकट्यसमयमात्रदृष्ट्या या लोकस्याप्रतीतिस्तस्या निरासकोऽयं वर्त्तमान: प्रयोग:; तथा च प्रमाणानि(भा. १-९-३९)- 'विजयरथकुटुम्ब' इत्यादौ— ''यमिह निरीक्ष्य हता गता: स्वरूपम्'' इति, (भा. ३-२-२१) 'स्वयं त्वसाम्यातिशयस्त्र्यधीश: स्वाराज्यलक्ष्म्याप्तसमस्तकाम:। बलिं हरद्भिश्चिरलोकपालै:, किरीटकोट्येडितपादपीठ:॥' इति; (भा.९-२४-६५), 'यस्याननं मकरकुण्डलचारुकर्ण, भ्राजत्कपोलसुभगं सुविलासहासम्। नित्योत्सवं न ततृपुर्दृशिभि: पिबन्त्यो, नार्य्यो नराश्च मुदिता: कुपिता निमेश्च''॥ इति; (भा. १०-२९-४०) 'का स्त्र्यङ्ग ! ते कलपदामृतवेणुगीत-सम्मोहिताऽर्य्यचरितान्न चलेत्त्रिलोक्याम्। त्रैलोक्यसौभगमिदं च निरीक्ष्य रूपं, यद्गोद्विजद्रुममृगा: पुलकान्यबिभ्रन्', इति, (भा. ३-२-१२) 'यन्मर्त्यलीलौपयिकं स्वयोगमायाबलं दर्शयता गृहीतम्। विस्मापनं स्वस्य च सौभगर्द्धे: परं पदं भूषणभूषणाङ्गम्'॥ इति, (भा. १-३-२८) 'एते चांशकला: पुंस: कृष्णस्तु भगवान् स्वयमिति, (भा. १०-९०-४८) ''जयति जननिवासो देवकीजन्मवाद:'' इत्यादीनि श्रीभागवते।

अथ तत्तदुत्कर्षहेतुं स्वरूपलक्षणमाह— अखिलरसा वक्ष्यमाणा: शान्ताद्या द्वादश यस्मिन् तादृशममृतं परमानन्द एव मूर्त्तिर्यस्य स: (भा. १०-४१-२८)— 'आनन्दमूर्तिमुपगुह्ये'ति (भा. १०-१४-२२) 'त्वय्येव नित्यसुखबोधतनावनन्ते' इति (भा. १०-४३-१७) 'मल्लानामशनिरि'त्यादि श्रीभागवतात्, 'तस्मात् कृष्ण एव परो देवस्तं ध्यायेत्तं रसयेदि'ति श्रीगोपालतापनीभ्यश्च; तत्रापि रसविशेषविशिष्टपरिकरवैशिष्ट्येनाविर्भाववैशिष्ट्यं दृश्यते; अतएवादिरसविशेषविशिष्टसम्बन्धेन नितराम्; यथा— (भा. १०-४४-१४) 'गोप्यस्तप: किमचरन् यदमुष्य रूपं, लावण्यसारमसमोर्ध्वमनन्यसिद्धम्। दृग्भि: पिबन्त्यनुसवाभिनवं दुराप, मेकान्तधाम यशस: श्रिय ऐश्वरस्य॥' (भा १०-३२-१४), 'त्रैलोक्यलक्ष्म्येकपदं वपुर्दधद्' इति, (भा. १०-३३-६) ''तत्रातिशुशुभे ताभि:'' इत्यादि श्रीभागवते; तासु च गोपीषु मुख्या दश भविष्योत्तरे श्रूयन्ते, यथा— 'गोपाली पालिका धन्या विशाखाऽन्या धनिष्ठिका। राधाऽनुराधा सोमाभा तारका दशमी तथा।' इति; विशाखा ध्याननिष्ठिकेति पाठान्तरं, तथेति दशम्यपि तारकानाम्न्येवेत्यर्थ:, दशमीत्यप्येकं नाम वा,

स्कान्दप्रह्लादसंहिता-द्वारका-माहात्म्ये च– 'ललितोवाच' इत्यादौ मुख्यास्वष्टासु पूर्वोक्ताभ्योऽन्या ललिता-श्यामला-शैव्या-पद्मा-भद्राश्च श्रूयन्ते, पूर्वोक्तास्तु राधा-धन्या-विशाखाश्च। तदेतदभिप्रेत्य तत्रापि मुख्यमुख्याभिरुत्तरोत्तरवैशिष्ट्यं दर्शयितुमवरमुख्ये द्वे तारकापाली तावन्निष्कृष्य ताभ्यां वैशिष्ट्यमाह,– प्रसृमराभिः प्रसरणशीलाभिः रुचिभिः कान्तिभिः रुद्धे वशीकृते तारकापालिः येन सः, पालिकेति तु संज्ञायां कन्विधानात्, पालीतिदीर्घान्तोऽपि क्वचिद् दृश्यते। अथ मध्यममुख्याभ्यामाह,– कलिते आत्मसात्कृते श्यामा श्यामला ललिता च येन सः।

अथ परममुख्ययाऽऽह– राधायां (राधायाः) प्रेयानतिशयेन प्रीतिकर्त्ता,– 'इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः' इति कर्त्तरि क-प्रत्ययविधेः। अतएवास्या एवासाधारण्यमालोक्य पूर्ववद्युग्मत्वेनापि नेयं निर्दिष्टा। अतस्तस्या एव प्राधान्यं पाद्मे कार्त्तिकमाहात्म्ये उत्तरखण्डे तत्कुण्डप्रसङ्गे– 'यथा राधा प्रिया विष्णोस्तस्याः कुण्डं प्रियं तथा। सर्वगोपीषु सैवैका विष्णोरत्यन्तवल्लभा'॥ इति, अतएव मात्स्यस्कान्दादौ शक्तित्वसाधारण्येनाभिन्नतया गणनायामपि तस्या एव वृन्दावने प्राधान्याभिप्रायेणाह– 'रुक्मिणी द्वारवत्यां तु राधा वृन्दावने वने' इति, तथा च बृहद्गौतमीये तस्या एव मन्त्रकथने– 'देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता। सर्वलक्ष्मीमयी सर्वकान्तिः सम्मोहिनी परा' इति, ऋक्परिशिष्टश्रुतावपि– 'राधया माधवो देवो माधवेनैव राधिका। विभ्राजन्ते जनेष्वा' इति। अतएवाहुः– (भा. १०-३०-२८) 'अनयाराधितो नूनम्' इत्यादि।

अथ श्लेषार्थव्याख्या– तत्रैक श्लेषेणोपमां सूचयंस्तयाऽर्थविशेषं पुष्णाति; सर्वलौकिकालौकिकातीतेऽपि तस्मिन् लौकिकार्थविशेषोपमाद्वारा लोकानां बुद्धिप्रवेशः स्यादिति केनाप्यंशेनोपमेयं, सर्वतमस्तापजदुःखशमकत्वेन सर्वसुखदत्वेन च, तत्र पूर्ववन्निरुक्तिपर्य्यवसाने विचार्य्यमाणे राकापतेरेव विधुत्वं मुख्यं पर्य्यवस्यतीति सर्वतः प्रभावात् पूर्णतांशेन च। एवं सूर्य्यादीनां तापशमनत्वादि नास्तीति नोपमानयोग्यता, ततो विधुः सर्वत उत्कर्षेण वर्त्तते इति लभ्यते; वर्त्तमानप्रयोगांशस्तु प्रत्यृतुराजमेव तत्तद्रूपतयाऽनुवृत्तेः। एवं विशेष्ये साम्यं दर्शयित्वा विशेषणेऽपि साम्यं दर्शयति,– अखिलेत्यादिभिः, अखिलोऽखण्डो रस आस्वादो यत्र तादृशममृतं पीयूषं, तदात्मिकैव मूर्तिर्मण्डलं यस्य, अत्र शब्देन साम्यं रसनीयत्वांशेनार्थेनापि योज्यं;– तथा प्रसृमराभी रुचिभिः कान्तिभी रुद्धावृता तारकाणां पालिः श्रेणी येनेति पूर्ववन्निजकान्तिवशीकृतकान्तिमतीगणविराजमानत्वांशेनापि ज्ञेयम्।

तथा– 'श्यामा तु वागुलौ अप्रसूताङ्गनायां च तथा सोमलतोषधौ। त्रिवृता-शारिका-गुन्द्रा-निशा-कृष्णा-प्रियङ्गुषु॥' इति विश्वप्रकाशात्, कलितमूरीकृतं श्यामाया रात्रेर्ललितं विलासो येनेति रात्रिविलासित्त्वेनापि ज्ञेयम्; तथा राधायां विशाखानाम्न्यां तारायां प्रेयानधिकप्रीतिमान् ऋतुराजपूर्णिमायां तदनुगामित्वाद्, इति तदनुगतिमात्रसाध्यस्ववैभवविज्ञत्वांशेनापि ज्ञेयम्। उपमानस्य चैतानि विशेषणान्युत्कर्षवाचकानि– सूर्य्यादेस्तादृशमूर्त्तित्वाभावात् तारानाशनक्रियत्वेन तत्साहित्यशोभित्वाभावात् सुखविशेषकररात्रिविलासाभावात् तादृशविज्ञत्वानभिव्यक्तेश्चेति।

सिद्धान्तरसभावानां ध्वन्यलङ्कारयोरपि।
अनन्तत्वात्स्फुटत्त्वाच्च व्यज्यते दुर्गमं त्विह॥

लिखनं सर्वमेवास्मिन्नाशङ्कानाशगर्भितम्।
वृथात्वशङ्कया त्वत्र नावध्येयमबुद्धिभिः॥

ग्रन्थकृतां स्वारस्यात् , कतिचित्पाठास्तु ये मया त्यक्ताः। नात्रानिष्टं चिन्त्यं, चिन्त्यं तेषामभीष्टं हि॥ १॥

अनुवाद

सनातन (चतुःसन में अन्तर्भूत सनातन) के समान जिनके ज्येष्ठ भ्राता श्रीमान् सनातन हैं, एवं श्रीवल्लभ जिनके अनुज हैं, ऐसे श्रीरूप गोस्वामीजी जीव का आश्रय हैं।

अनन्तर ग्रन्थकार श्रीरूपगोस्वामीचरण सकल भक्तगणों के हिताभिलाष के परवश होकर, निजहृदय के दिव्यकमलकोष में विलसित (विराजित) श्रीमद्‌भागवत रससमूह के द्वारा भक्तिरसामृत नामक अभिनव ग्रन्थ की रचना करने के लिए उसमें वर्णित विषय की सर्वोत्तमता निश्चायक व्यञ्जनापरक मङ्गलाचरण कर रहे हैं, एवं यह सम्पूर्ण ग्रन्थ ही मङ्गलस्वरूप है, इसको भी सूचित करने के लिए कहते हैं—

अखिलरसामृतमूर्त्तिः प्रसृमररुचिरुद्धतारकापालिः।
कलित श्यामा-ललितो, राधा प्रेयान् विधुर्जयति॥ १॥

विधु अर्थात् श्रीकृष्ण जय युक्त हो रहे हैं, उनमें समस्त प्रकार के उत्कर्ष विद्यमान हैं।

यद्यपि 'विधु' शब्द से कोषकार के 'श्रीवत्सलाञ्छन' वचन के द्वारा सामान्य भगवत् आविर्भाव का ही बोध होता है, तथापि 'समस्त दुःख निवारण करने के कारण, एवं सबको (अवतारों को) अतिक्रम करके जो विराजते हैं, अथवा समस्त सुखों को उत्पन्न करते हैं, समस्त वस्तुओं को उत्पन्न करते हैं, वह विधु हैं' इस निरुक्ति का पर्यवसान शास्त्रीय विचार करने से श्रीकृष्ण में पर्यवसित होता है। इसलिए विधु शब्द से श्रीकृष्ण को ही जानना होगा।

असुरों को भी मुक्ति प्रदान करने के कारण, अपने वैभव के द्वारा सबको अतिक्रमण करके विद्यमान होने के कारण, परम अपूर्व निजप्रेम महासुख पर्य्यन्त (एकता अनुकूलता रूप) सुख का विस्तारक होने के कारण, एवं स्वयं भगवान् होने के कारण श्रीकृष्ण में ही विधु शब्द का पर्यवसान होता है। अतएव अमरकोष में भी श्रीकृष्ण के प्राधान्य से ही भगवान् के नामों का उल्लेख हुआ है—'वसुदेव जिनके जनक हैं।'

विधु शब्द के ये सभी अर्थ 'जयति' शब्द के अर्थ द्वारा स्पष्ट हुए हैं। सब प्रकार से उत्कर्ष का अर्थ यही है। प्रकट समय में ही यह सम्भव है, अपर समय में नहीं, लोगों की इस प्रकार की आशङ्का निरास के लिए कहते हैं— 'जयति', इस 'वर्त्तमानकाल' प्रयोग से जानना होगा कि उत्कर्ष सूचक समस्त पदार्थ सर्वदा ही श्रीकृष्ण में विद्यमान हैं।

उपरोक्त कथित दुःख निवारणादि के विषय में प्रमाण समूह— भा. १-९-३९—

विजयरथकुटुम्ब आत्ततोत्रे
धृतहयरश्मिनि तच्छ्रियेक्षणीये।

भगवति रतिरस्तु मे मुमूर्षो-
यमिह निरीक्ष्य हता गताः सरूपम्॥

अर्जुन के रथ की रक्षा में सावधान, जिन श्रीकृष्ण के बायें हाथ में घोड़ों की रास थी, और दाहिने हाथ में चाबुक, इन दोनों की शोभा से उस समय जिनकी अपूर्व छवि बन गयी थी, तथा महाभारत युद्ध में मरने वाले वीर जिनकी इस छवि का दर्शन करते रहने के कारण सारूप्य मोक्ष को प्राप्त किये थे, उन्हीं पार्थसारथी भगवान् श्रीकृष्ण में मुझ मरणासन्न की परम प्रीति हो।

भा. ३-२-२१—

स्वयं त्वसाम्यातिशयस्त्र्यधीशः,
स्वाराज्यलक्ष्म्याप्तसमस्तकामः।
बलिं हरद्भिश्चिरलोकपालैः,
किरीटकोट्येडितपादपीठः ॥

श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं; वे तीनों शक्तियों के अधीश्वर हैं। उनके समान भी कोई नहीं है, उनसे बढ़कर तो कौन होगा? वे अपने स्वतः सिद्ध परमानन्द स्वरूप ऐश्वर्य से ही सर्वदा पूर्णकाम हैं। इन्द्रादि असंख्य लोकपालगण नाना प्रकार के भेंट प्रभृति समर्पण पूर्वक करोड़ों-करोड़ों मुकुटों के अग्रभाग से उनके चरण रखने की चौकी की स्तुति किया करते हैं।

भा. ९-२४-६५—

यस्याननं मकरकुण्डलचारुकर्ण-
भ्राजत्कपोलसुभगं सविलासहासम्।
नित्योत्सवं न ततृपुर्दृशिभिः पिबन्त्यो
नार्यो नराश्च मुदिताः कुपिता निमेश्च॥

भगवान् के मकराकृति कुण्डल से शोभित मनोहर कर्णयुगल एवं उसके द्वारा दीप्यमान कपोलद्वय ऐसे सुन्दर लगते थे जैसे कि उनके विलास एवं हास युक्त मुखमण्डल में नित्य उत्सव हो रहा हो। सभी नर-नारी आनन्दपूर्वक नेत्रों से उनके वदनमण्डल की इस माधुरी का निरन्तर पान करते रहने पर भी तृप्त नहीं होते, किन्तु पलकें गिरने से उनके गिराने वाले निमि पर कुपित होते।

भा. १०-२९-४०—

का स्त्र्यङ्ग! ते कलपदामृतवेणुगीत-
सम्मोहितार्यचरितान्न चलेत्त्रिलोक्याम्।
त्रैलोक्यसौभगमिदञ्च निरीक्ष्य रूपं
यद् गोद्विजद्रुममृगाः पुलकान्यबिभ्रन्॥

हे कृष्ण! तीनों लोकों में ऐसी कौन सी स्त्री है, जो सुमधुर पद और दीर्घ मूर्च्छनाओं से युक्त तुम्हारे वेणुगीत से सम्मोहित होकर, तथा इस त्रिलोकसुन्दर रूप जिसे देखकर गो, पक्षी, वृक्ष, हरिण

अथवा पशु भी पुलकित हो जाते हैं; उसे अपने नेत्रों से निहारकर आर्यमर्यादा (निजधर्म) से विचलित न हो जाय!

भा. ३-२-१२—

यन्मर्त्यलीलौपयिकं स्वयोग-
मायाबलं दर्शयता गृहीतम्।
विस्मापनं स्वस्य च सौभगर्द्धेः
परं पदं भूषणभूषणाङ्गम्॥

भगवान् ने अपनी योगमाया के बल से मर्त्यलीलोपयोगी जो विग्रह प्रकट किया था, वह इतना मनोहर था कि उससे स्वयं (वैकुण्ठ स्थित श्रीनारायण) को भी विस्मय हो जाता था। उसमें सौभाग्य सम्पत्ति की पराकाष्ठा थी। उनका अङ्ग आभूषणों का भी आभूषण था, अर्थात् उनका अङ्ग परम सौन्दर्ययुक्त था।

भा. १-३-२८—

एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्।
इन्द्रारिव्याकुलं लोकं मृडयन्ति युगे युगे॥

ये सब अवतार तो भगवान् के अंशावतार अथवा कलावतार हैं, परन्तु श्रीकृष्ण तो स्वयं भगवान् (अवतारी) हैं। जब लोग दैत्यों के अत्याचार से व्याकुल हो उठते हैं, तब ये सभी अवतार युग-युग में उन पीड़ित लोगों की रक्षा कर उन्हें सुखी करते हैं।

भा. १०-९०-४८—

जयति जननिवासो देवकीजन्मवादो
यदुवरपरिषत्स्वैर्दोर्भिरस्यन्नधर्मम्।
स्थिरचरवृजिनघ्नः सुस्मितश्रीमुखेन
व्रजपुरवनितानां वर्धयन् कामदेवम्॥

भगवान् श्रीकृष्ण ही समस्त जीवों के आश्रय स्थान हैं। यद्यपि वे सदा-सर्वदा सर्वत्र उपस्थित रहते हैं, फिर भी कहने के लिये उन्होंने देवकीजी के गर्भ से जन्म लिया है। यदुवंशी वीर पार्षदों के रूप में उनकी सेवा करते रहते हैं। उन्होंने अपने भुजबल से अधर्म का अन्त कर दिया है। परीक्षित्! भगवान् चराचर जगत् का दुःख स्वभाविक मिटाते रहते हैं। मन्द-मन्द मुस्कान से युक्त उनका मुखारविन्द व्रजस्त्रियों और पुरस्त्रियों के हृदय में प्रेमभाव का सञ्चार करता रहता है। वास्तव में सारे जगत् पर वही विजयी हैं। उन्हीं की जय हो! जय हो!।

उन उन उत्कर्ष हेतु स्वरूपलक्षण को कहते हैं—

'अखिल रसामृतमूर्त्तिः'— अखिल रस— शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर ये पाँच मुख्य हैं, और हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स एवं अद्भुत ये सात गौण माने गये हैं। श्रीकृष्ण इन समस्त द्वादश रसों की परमानन्द मूर्त्ति हैं। उन्हीं का जयगान हो रहा है। इसका प्रमाण इस प्रकार है—

भा. १०।४१।२८—

दृष्ट्वा मुहुःश्रुतमनुद्रुतचेतसस्तं
तत्प्रेक्षणोत्स्मितसुधोक्षणलब्धमानाः।
आनन्दमूर्तिमुपगुह्य दृशाऽऽत्मलब्धं
हृष्यत्त्वचो जहुरनन्तमरिन्दमाधिम्॥

मथुरा की स्त्रियाँ बहुत दिनों से भगवान् श्रीकृष्ण की अद्भुत लीलाएँ सुनती आ रही थीं। उनके चित्त चिरकाल से श्रीकृष्ण के लिये व्याकुल हो रहे थे। आज उन्होंने उनको देखा। भगवान् श्रीकृष्ण ने भी अपनी प्रेमभरी चितवन और मन्द मुसकान की सुधा से सींचकर उनका सम्मान किया। परीक्षित्! उन स्त्रियों ने नेत्रों के द्वारा भगवान् को अपने हृदय में ले जाकर उनके आनन्दमय स्वरूप का आलिङ्गन किया। उनका शरीर पुलकित हो उठा और बहुत दिनों की विरह-व्याधि शान्त हो गयी।

भा. १०-१४-२२—

तस्मादिदं जगदशेषमसत्स्वरूपं
स्वप्नाभमस्तधिषणं पुरुदुःखदुःखम्।
त्वय्येव नित्यसुखबोधतनावनन्ते
मायात उद्यदपि यत् सदिवावभाति॥

इसलिये यह सम्पूर्ण जगत् स्वप्न के समान असत्य, अज्ञानरूप और दुःख पर दुःख देने वाला है। आप परमानन्द, परम ज्ञानस्वरूप एवं अनन्त हैं। यह आपकी माया से उत्पन्न एवं विलीन होने पर भी आपमें आपकी सत्ता से सत्य के समान प्रतीत होता है।

भा. १०-४३-१७—

मल्लानामशनिर्नृणां नरवरः
स्त्रीणां स्मरो मूर्तिमान्
गोपानां स्वजनोऽसतां क्षितिभुजां
शास्ता स्वपित्रोः शिशुः।
मृत्युर्भोजपतेर्विराडविदुषां
तत्त्वं परं योगिनाम्
वृष्णीनां परदेवतेति विदितो
रङ्गं गतः साग्रजः ॥

जिस समय भगवान् श्रीकृष्ण बलरामजी के साथ रंगभूमि में पधारे, उस समय वे पहलवानों को वज्रकठोर शरीर, साधारण मनुष्यों को नर-रत्न, स्त्रियों को मूर्तिमान् कामदेव, गोपों को स्वजन, दुष्ट राजाओं को दण्ड देने वाले शासक, माता-पिता के समान बड़े-बूढ़ों को शिशु, कंस को मृत्यु, अज्ञानियों को विराट् पुरुष, योगियों को परम तत्त्व और भक्त शिरोमणि वृष्णिवंशियों को अपने इष्टदेव जान पड़े। सबने अपने-अपने भावानुरूप क्रमशः रौद्र, अद्भुत, शृंगार, हास्य, वीर, वात्सल्य, भयानक, बीभत्स,

शान्त और प्रेमभक्तिरस का अनुभव किया।

श्री गोपाल तापनी में भी उक्त है—"कृष्ण ही परम देवता हैं। उनका ध्यान करे, उन्हीं में प्रीति करे।" ऐसा होने पर भी रसविशेषविशिष्ट-परिकरवैशिष्ट्य से ही आविर्भाव का वैशिष्ट्य देखने में आता है। सुतरां आदि रस— मधुर रस के सम्बन्ध से आविर्भाव की विशेषता है। यथा— भा. १०-४४-१४ में उक्त है—

गोप्यस्तप: किमचरन् यदमुष्य रूपं,
लावण्यसारमसमोर्ध्वमनन्यसिद्धम्।
दृग्भि: पिबन्त्यनुसवाभिनवं दुराप,-
मेकान्तधाम यशस: श्रिय ऐश्वरस्य॥

हे सखी! पता नहीं, गोपियों ने कौन-सी तपस्या की थी, जो नेत्ररूपी पात्रों से नित्य-निरन्तर इनकी रूप-माधुरी का पान करती रहती हैं। इनका रूप क्या है, लावण्य का सार! संसार में या उससे परे किसी का भी रूप इनके रूप के समान नहीं है, फिर बढ़कर होने की तो बात ही क्या है। सो भी किसी के सँवारने-सजाने से नहीं, गहने-कपड़े से भी नहीं, बल्कि स्वयंसिद्ध है। इस रूप को देखते-देखते तृप्ति भी नहीं होती, क्योंकि यह प्रतिक्षण नूतन होता जाता है। समग्र यश, सौन्दर्य और ऐश्वर्य इसी के आश्रित हैं। सखियों! परन्तु इसका दर्शन तो औरों के लिये बड़ा ही दुर्लभ है, वह तो गोपियों के ही भाग्य में सुलभ है।

भा. १०-३२-१४—

तत्रोपविष्टो भगवान् स ईश्वरो
योगेश्वरान्तर्हृदि कल्पितासन:।
चकास गोपीपरिषद्गतोऽर्चित-
स्त्रैलोक्यलक्ष्म्येकपदं वपुर्दधत्॥

बड़े-बड़े योगेश्वर अपने योगसाधन से पवित्र किये हुए हृदय में जिनके लिये आसन की कल्पना करते रहते हैं, किन्तु फिर भी अपने हृदय-सिंहासन पर बिठा नहीं पाते, वही सर्वशक्तिमान् भगवान् यमुनाजी की रेती में गोपियों की ओढ़नी पर बैठ गये। सहस्र-सहस्र गोपियों के बीच में उनसे पूजित होकर भगवान् बड़े ही शोभायमान हो रहे थे। परीक्षित्! तीनों लोकों में, तीनों कालों में जितना भी सौन्दर्य प्रकाशित होता है, वह सब तो भगवान् के सौन्दर्य के बिन्दुमात्र का आभासभर है। वे उसके एकमात्र आश्रय हैं।

भा. १०-३३-७—

तत्रातिशुशुभे ताभिर्भगवान् देवकीसुत:।
मध्ये मणीनां हैमानां महामरकतो यथा॥

यमुनाजी की रमणरेती पर व्रजसुन्दरियों के बीच में भगवान् श्रीकृष्ण की बड़ी अनोखी शोभा हुई। ऐसा जान पड़ता था, मानो अगणित पीली-पीली दमकती हुई सुवर्ण-मणियों के बीच में ज्योतिर्मयी

नीलमणि चमक रही हो।

इस प्रकार श्रीमद्भागवत में उनका उत्कर्ष वर्णित है। उन गोपियों के बीच में मुख्या दस हैं, इसका वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार है– "गोपाली, पालिका, धन्या, विशाखा, धनिष्ठिका, राधा, अनुराधा, सोमाभा, तारका और दशमी। इसमें "विशाखा ध्यान निष्ठिका" इस प्रकार पाठान्तर है। दशमी का नाम तारका है, अथवा दशमी एक अन्य गोपी का नाम है।

स्कन्द पुराण की प्रह्लाद संहिता के द्वारका माहात्म्य में उक्त है–"ललिता ने कहा" इत्यादि, मुख्य आठ के मध्य में पहले कहे गये नामों से अलग ललिता-श्यामला-शैव्या-पद्मा-भद्रा के नाम हैं। पहले कहे गये नाम राधा, धन्या, विशाखा हैं।

इसी अभिप्राय से मुख्य मुख्य से उत्तरोत्तर के वैशिष्ट्य को दिखाने के लिए अवरमुख्य दो तारका व पाली को निकालकर इन दोनों के साथ श्रीकृष्ण के वैशिष्ट्य को दिखाते हैं। प्रसृमराभिः– प्रसरणशील रुचि कान्ति के द्वारा रुद्ध वशीभूत किये हैं तारका व पाली को, वह विधु श्रीकृष्ण हैं।

पालि शब्द के उत्तर संज्ञा में कन् प्रत्यय करने से पालिका शब्द बनता है। कहीं पर दीर्घ ईरामान्त पाली शब्द भी देखने में आता है।

अनन्तर मध्यम मुख्य को कहते हैं– कलिते आत्मसात्कृते– श्यामा-श्यामला ललिता को जिन्होंने अपनाया है, वह विधु (श्रीकृष्ण) उत्कर्ष मण्डित हो रहा है।

अब परम मुख्या गोपिका की बात कहते हैं– राधायाम्– राधा के प्रति अतिशय प्रीतिकर्त्ता हैं। सूत्र को कहते हैं– 'इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः' कर्त्तरि वाच्य में 'क' प्रत्यय होता है, अतएव राधा को उनके असाधारण होने के कारण पहले की तरह दो-दो के साथ न कहकर एकक कहा गया है– राधा प्रेयान् विधुर्जयति। इसलिए इनके प्राधान्य को कार्त्तिक माहात्म्य में उनके कुण्ड के प्रसङ्ग में इस प्रकार कहा गया है–

विष्णु अर्थात् कृष्ण की प्रिया जिस प्रकार राधा हैं, उस प्रकार उनका कुण्ड राधाकुण्ड भी प्रिय है, कारण समस्त गोपियों में 'राधा' कृष्ण की अत्यन्त प्रिया हैं।

अतएव मत्स्यपुराण एवं स्कन्दपुराण में श्रीकृष्ण की शक्तियों के मध्य में साधारण रूप से वर्णन करने पर भी श्रीवृन्दावन में उनका प्राधान्य वर्णन करने के लिए कहा गया है– "द्वारका में रुक्मिणी श्रेष्ठा हैं, किन्तु वृन्दावन नामक वन में श्रीराधा का ही प्राधान्य है।" बृहद्गौतमीय ग्रन्थ में श्रीराधा के मन्त्र कथन के समय कहा गया है– " देवी राधिका परदेवता कृष्णमयी हैं; वह सर्वलक्ष्मीमयी, सर्वकान्ति एवं श्रीकृष्णाकर्षणकारिणी हैं।" ऋक्परिशिष्ट श्रुति में भी वर्णित है– "राधा के साथ माधव, एवं माधव के साथ राधिका अत्यन्त शोभित हैं।" अतएव श्रीमद्भागवत के १०-३०-२८ में उक्त है–

अनयाऽऽराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः।
यन्नो विहाय गोविन्दः प्रीतो यामनयद् रहः॥

अवश्य ही सर्वशक्तिमान् भगवान् श्रीकृष्ण की यह आराधिका होगी। इसीलिये इस पर प्रसन्न होकर हमारे प्राणप्यारे गोविन्द हमें छोड़कर इसे एकान्त में ले गये हैं।

श्लोक की श्लेषार्थ व्याख्या इस प्रकार है— उस एक ही श्लेष के द्वारा उपमा को सूचित करते हुए उससे विशेष अर्थ प्रकाश करते हैं। समस्त लौकिकातीत होने पर भी उपमेय के कुछ अंश में लोगों की बुद्धि प्रविष्ट हो, इसलिए लौकिक अर्थ विशेष उपमा के द्वारा वर्णन किया गया है। समस्त तम-अन्धकार एवं दिन के ताप से जो दुःख होता है, उसका निवारक होकर सबको सुखी करने के कारण पूर्ववत् विचार करने से राकापति (चन्द्रमा) में ही विधुत्व मुख्य रूप से पर्य्यवसित होता है। यह सर्वत्र प्रभावशीलता एवं पूर्णता अंश से होता है।

सूर्य प्रभृति में तापशमत्व नहीं है, इसलिए इनमें उपमान होने की योग्यता नहीं है। इसलिए विधु का ही सर्वोत्कर्ष प्रतिपादित होता है। यहाँ पर 'जयति' वर्त्तमान में प्रयोग हुआ है। इसका अर्थ है— प्रत्येक ऋतुराज वसन्त में इस प्रकार होता है। दो मास का नाम (चैत्र, वैशाख) मधु व माधव है, वसन्त पूर्णिमा में चन्द्र का पूर्ण उत्कर्ष होता है।

विधुर्जयति— विधु विशेष्य है, अन्यान्य पद विशेषण हैं। विशेष्य के साथ समता दिखाकर विशेषण में भी समता को दिखाते हैं। अखिलरसामृतमूर्त्ति—आदि में, अखिल-अखण्ड रस का आस्वादन जहाँ पर है, उस प्रकार अमृत पीयूष। उससे बनी हुई मूर्त्ति है जिसकी। यहाँ पर शब्द से समता दिखाकर, अर्थ जो रसनीय, आस्वादनीय है, के साथ भी समता योज्य है। जिनकी प्रसृमराभी (प्रसरणशील) रुचि (कान्ति, चाँदनी) के द्वारा रुद्ध आवृत है तारकाओं की पालि श्रेणी, इस प्रकार विधु जय युक्त हो रहे हैं। एक अंश से समता को पहले की तरह जानना होगा, अर्थात् पूर्ववत् निजकान्ति से वशीकृत कान्तिमतीगण के साथ विराजमानता अंश के साथ समता को जानना होगा।

श्यामा शब्द का अर्थ दिखाते हैं— विश्व प्रकाश कोष में उक्त है— "श्यामा तु वागुलौ अप्रसूताङ्गनायां च तथा सोमलतोषधौ। त्रिवृता शारिका गुन्द्रा निशा कृष्णा प्रियङ्गुषु॥" 'कलित श्यामा' श्लोक उल्लिखित अंश में जो श्यामा शब्द है, उसका अर्थ है— रात्रि (निशा)।

कलितं विस्तार किया श्यामा रात्रि का ललित-विलास जिन्होंने। चन्द्र अर्थात् विधु का विलास रात्रि में ही होता है, इस प्रकार जानना होगा । इस प्रकार राधा विशाखा शब्द से कही जाती है। विशाखा नक्षत्र से जो मास होता है, उसको वैशाख कहते हैं। राधा अर्थात् विशाखा नामक नक्षत्र से पूर्णिमा होने के कारण विशाखा नामक तारा में अत्यधिक प्रेयान् अर्थात् अधिक प्रीतिमान् है। ऋतुराज पूर्णिमा में विशाखा नक्षत्र-तारा का अनुक्रमण होता है। वैभव विज्ञता अंश में उनका अनुगमन आवश्यक है, इसको जानना होगा, अर्थात् विशाखा नक्षत्र युक्त पूर्णिमा में अत्यधिक सौन्दर्य्य प्रकाश होता है।

उपमान में जो विशेषण समूह हैं वे सब उत्कर्ष वाचक हैं। सूर्य्य आदि की इस प्रकार मूर्त्ति सम्भव नहीं है। सूर्य प्रभृति का तारा नाशन स्वभाव होने के कारण उन सबके साथ सहभाव सम्भव नहीं है। सुख विशेषकर रात्रि विलास सम्भव न होने के कारण सूर्य का ग्रहण नहीं हुआ है। सूर्योदय दिन में होता है, रात्रि में नहीं। चन्द्र के समान रसास्वादन की विज्ञता सूर्य में नहीं है।

इस ग्रन्थ में सिद्धान्त, रस एवं भावों का, तथा ध्वनि व अलंकारों का अनन्त प्रकाश होने के कारण एवं पद्य सुस्पष्ट होने से यहाँ पर दुर्गम अंश का प्रकाश किया गया है, इसलिए इस टीका का नाम दुर्गमसङ्गमनी है। इससे समस्त शङ्कायें दूर होंगी।

यहाँ पर ग्रन्थकार की सहमति से ही पाठ का परिवर्त्तन किया गया है। यह प्रतिकूल नहीं है, अनुकूल है॥ १॥

श्रीश्रीलकृष्णदासकविराजगोस्वामिपदाश्रित-
श्रील-मुकुन्ददास-गोस्वामिपादकृता—
अर्थरत्नाल्प-दीपिका

लोकं गोप्यं सुमधुररसं स्वादयन् योऽवतीर्णो, धन्ये गौड़े व्रजपतिसुतः कृष्णचैतन्यनामा।
आचाण्डालात् सकलजगति प्रेमभक्तेः प्रदाता, कारुण्याब्धिर्वसतु हृदि स श्रीशचीनन्दनो मे॥ क॥

श्रीराधिका-माधविका-वसन्तं व्रजाक्षिपद्मबन्धुम्।
रसज्ञभक्तौघ-चकोरचन्द्रं नमाम्यहं नन्दतनूजमीश्वरम्॥ ख॥

दुर्गमं सुगमं तत्वं भवेद् यस्य प्रसादतः।
राधाकृष्णरसे मग्नं श्रीमद्रूपं नमामि तम्॥ ग॥

रागानुगामि-भजनोल्लासमानसानां, श्रीराधया सह सदा स्मरतां व्रजेन्दुम्।
श्रीरूपपादकमलाश्रित-चेतसां मे, चित्तं सतां मधुकरीयतु पादपद्मे॥ घ॥

अथ श्रीमद्ग्रन्थकारः श्रीश्रीचैतन्यदेवस्य कृपया प्रकाशितश्रीकृष्णरसवर्णनात्मकतयात्यद्भुततमं भक्तिरसामृतसिन्धुनामानं ग्रन्थं सर्वभागवतलोकहिताभिलाषपरवशतया कुर्वन् प्रथमं तावत् स्वाभीप्सितपरिपूर्त्यौ स्वेष्टदेव सङ्कीर्त्तनरूपं मङ्गलमाचरति, तेनैव च ग्रन्थार्थश्च सङ्क्षेपतो दर्शयति,— अखिलेति। विधुः श्रीकृष्णो जयति— मायाशक्त्यानन्तकोटिब्रह्माण्डानि, चिच्छक्त्याख्यस्वरूपशक्त्या वैकुण्ठादिमहालीलाः स्वरूपेण प्राभव-वैभव-महावस्थाख्य-स्वांशविलासान्, स्वशक्त्यावेशेन पृथ्वादिशक्त्यावेशावतारान् विदधाति करोति प्रकाशयतीति विधुरिति 'विधु'शब्दस्यासङ्कोचवृत्या तत्रैव पर्य्यवसानम्।

तस्यैवावतारावतारावतारिनामंशित्वाच्च, 'जयति' इति पदेन— स्व-स्व-लोकेषु तत्तत्परिकरसम्बन्धतो गुणान् दर्शयद्भ्यस्तत्तदवतारि—नायकेभ्य उत्कर्षेण द्वारकादौ मथुरादौ गोकुले पूर्णान् पूर्णतरान् पूर्णतमान् गुणान् क्रमेण प्रकाशयन् सदा विराजत इत्युक्तम्; नमस्कारश्चाक्षिप्तस्तं प्रति नतोऽस्मीति।

तत्र स्वयं भगवत्व-सर्व्वावतारादिकारणत्वयोः— 'ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्दविग्रहः। अनादिरादिर्गोविन्दः सर्व्वकारणकारणम्' इत्यादि ब्रह्मसंहितादिवचनानि प्रमाणम्। स्व-स्व-परिकरैर्गोकुलादिषु सदा विराजमानत्वे— (भा. १-१०-२६) 'अहो अलं श्लाघ्यतमं यदोः कुलमहो अलं पुण्यतमं मधोर्वनम्। यदेष पुंसामृषभः प्रियः श्रियः स्वजन्मना चङ्क्रमणेनाञ्चति'

इत्यादि वचनानि।

ननु गोकुल-मथुरादिषु बहुविधभक्तैरेक: कथं सदावर्त्तते, बाल्य-पौगण्डभाक्-किशोर-स्वरूपेषु कतमोऽयं प्रकाशस्तत्राह— अखिलेति। अखिलानां पञ्चविधानां भक्तानां ये रसा: शान्त: प्रीत: प्रेयान् वत्सलो मधुरश्चेति पञ्च मुख्या:, हासोऽद्भुतो वीर: करुणो रौद्रो भयानको बीभत्स इति सप्त गौणा:— एवं द्वादशभेदास्तएव ह्लादिनीशक्तिवृत्तिरूपत्वादमृत: परमानन्दस्तद्रूपा मूर्त्तिर्यस्य;—सर्व्वरसानां विषयत्वादाश्रयत्वाच्च तन्मूर्त्तित्वं तस्य नानाप्रकाशवत्वेन धर्मी किशोर एव सर्वभक्तसुखहेतुरित्यर्थ:। धर्मित्वेऽप्यस्यासमानोर्द्धप्रेमरूपगुणाया श्रीराधाया: सुखार्थं चेष्टादीनि बोधयितुं— प्रसृमरेत्यादिपदत्रयम्। प्रसृमराभी रुचिभी रुद्धे वशीकृते तारकापाली येन स:, तारकापाल्यो: कथनं श्रीराधाया अन्यविपक्षतटस्थ-व्रजदेवीनामुपलक्षणम्, राधया सह स्वच्छन्दविहाराय रसोपकरणभूता वशीकृता इत्यर्थ:। कलिते पूर्व्वोक्ताभ्यां परमप्रेमास्पदतया गृहीते श्यामा-ललिते येन स:; श्यामाया: कथनं श्रीराधाया अन्यसुहृत्पक्षाणामुपलक्षणं, 'ललिताया'स्तु तदन्यसखीनाम्; तत्रापि सुहृत्पक्षाणां सखीनां कृष्णे प्रेमाधिक्याल्ललिताया उत्तरत्रोक्ति:। प्रेयान् राधायामतिशयेन प्रीतिकर्त्ता,—अतएवास्या असाधारण्यमालोक्य पूर्व्ववद् युग्मत्वेन नेयं निर्द्दिष्टा; अस्या: सम्बन्धे कृष्णस्य सौन्दर्य्यादिगुणानां परमोत्कर्षश्च बोधित:, पूर्णप्रेम्णैव पूर्णप्रकाशौचित्यात्; श्रीराधाया: सर्वव्रजदेवीभ्य: प्रेमरूपगुणैराधिक्यं यथोज्ज्वलनीलमणौ— (राधा—२), 'महाभावस्वरूपेयं गुणैरतिवरीयसी' इति, पाद्मे च— 'यथा राधा प्रियाविष्णोस्तस्या: कुण्डं प्रियं तथा। सर्वगोपीषु सैवैका विष्णोरत्यन्तवल्लभा' इति, अतएव मात्स्ये— 'रुक्मिणी द्वारवत्यान्तु राधा वृन्दावने वने' इति, तथा च बृहद्गौतमीये तस्या मन्त्र कथने— 'देवीकृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता। सर्वलक्ष्मीमयी सर्वकान्ति: सम्मोहिनी परा'। इति, तत्सम्बन्धे कृष्णगुणोत्कर्षो यथा ऋक्परिशिष्ट श्रुतौ— 'राधया माधवो देवो माधवेनैव राधिका। विभ्राजन्ते जनेष्वा' इति।

अत्र चन्द्रवर्णनरूपो द्वितीयोऽर्थोऽप्राकरणिकत्वाद् व्यङ्ग्य:; तत्पक्षे व्याख्या,— विधुनोति खण्डयति तापजदु:खमिति निरुक्तेरसङ्कोचेन पूर्णचन्द्रो लभ्यते; जयति तापात्मकात् सूर्य्यादेरुत्कर्षेण वर्त्तते; प्रतिपूर्णिमायां तत्तद्रूपतया प्रकाशाद् वर्तमान-प्रयोग:। अखिलरसा मधुराद्या यस्मिंस्तदमृतमयी मूर्त्तिर्मण्डलं यस्य स:, तमस्तापजदु:खशान्तिपूर्व्वकसर्वजनसुखहेतुरित्यर्थ:, तथा, प्रसृमराभी रुचिभिर्ज्योत्स्नाभी रुद्धा आवृता तारकाणां पालिर्येन, तथा कलितं प्रकटितं श्यामाया रात्रेर्ललितं विलासो येन; तथा राधाप्रेयान् राधायां विशाखानाम्न्यां तारायां प्रेयानधिकप्रीतिमानिति। ऋतुराजपूर्णिमायां तदनुगामित्वाच्चन्द्रस्य परमोत्कर्षश्च दर्शित:। अत्रोपमालङ्कार: शब्दशक्तिमूलानुरूपध्वनि:।

यत्प्रसादं विनात्रत्या अर्था: सर्वै: सुदुर्गमा:।
स्वयं स्फोरयतात् प्रीत: श्रीमद्रूप: स तान् मयि॥ १॥

अनुवाद

अति गोपनीय, एकता-अनुकूलतारूप सुमधुर भक्तिरस का आस्वादन जगतवासियों को कराने

के लिए, धन्य गौड़-देश में अवतीर्ण होकर चाण्डाल पर्यन्त समस्त प्राणियों को प्रेम भक्ति जिन्होंने प्रदान किये हैं, करुणासागर व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्ण, जो शचीनन्दन-कृष्णचैतन्य नाम धारण किये हैं, वह मेरे हृदय में निरन्तर निवास करें॥ क॥

जो श्रीराधिका, माधविका एवं समस्त व्रजजनों के नयन कमलों के लिए पद्मबन्धु सूर्य हैं, तथा रसज्ञ भक्त समूह चकोर के लिए चन्द्र स्वरूप हैं, मैं उन नन्दनन्दन ईश्वर श्रीकृष्ण को नमस्कार करता हूँ॥ ख॥

जिनकी प्रसन्नता से दुर्गम तत्त्व भी सुगम होता है, राधाकृष्ण के भक्ति रस में जो निमग्न हैं, उन श्रीमद्रूपगोस्वामीजी को मैं नमस्कार करता हूँ॥ ग॥

अनन्तर, रागानुगीय भक्तगणों को प्रणाम करते हुए कहते हैं– जिनके मन रागानुगीय भजन में उल्लसित हैं, श्रीराधा के साथ व्रजेन्दु कृष्ण का सदा स्मरण करते रहते हैं, और जिनके चित्त श्रीरूप गोस्वामीपाद के चरणकमल का आश्रय करते हैं, इस प्रकार भक्तगणों के चरण कमलों में मेरा चित्त मधुकर बने॥ घ॥

श्रीमद्ग्रन्थकार श्रीरूपगोस्वामीचरणजी श्रीश्रीचैतन्यदेव की कृपा से प्रकाशित, श्रीकृष्णरस वर्णनात्मक होने के कारण, अति अद्भुत भक्तिरसामृतसिन्धु नामक ग्रन्थ, समस्त भागवतलोकों का हिताभिलाषी होकर रचना करने के लिए प्रथम निज अभीप्सित परिपूर्त्ति हेतु इष्ट देवता का संकीर्त्तनरूप मङ्गलाचरण करते हैं, तथा उससे ही ग्रन्थ के समस्त विषय को संक्षेप में वर्णित करते हैं–

अखिलरसामृतसिन्धुः प्रसृमररुचिरुद्धतारकापालिः।
कलितश्यामाललितो, राधा प्रेयान् विधुर्जयति॥

विधुः श्रीकृष्णो जयति– श्रीकृष्ण रूप विधु जययुक्त हो रहे हैं। विधु– श्रीकृष्ण किस प्रकार से उत्कर्ष प्राप्त हैं? उसको कहते हैं– माया शक्ति के द्वारा अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड की रचना करते हैं। चित्शक्ति नामक स्वरूपशक्ति के द्वारा वैकुण्ठादि महालीला करते हैं। स्वरूप के द्वारा प्राभव, वैभव, महावस्थ नामक स्वांश विलास करते हैं। स्वशक्त्यावेश के द्वारा पृथु आदि शक्त्यावेश अवतार समस्त कार्य करते हैं, विधान करते हैं, प्रकाश करते रहते हैं, इसलिए उनको विधु कहते हैं। विधु शब्द का असङ्कोच वृत्ति से इस प्रकार पर्यवसान होता है। उन्हीं को अवतार तथा अवतार-अवतारियों का अंशी कहते हैं।

'जयति' पद के द्वारा निज-निज लोकों में उन-उनके परिकरों के सम्बन्ध में जो गुण हैं, उन सबों से अत्यधिक गुण दिखाने के लिए द्वारका, मथुरा, गोकुल में पूर्ण, पूर्णतर, पूर्णतम गुण समूह को क्रमशः प्रकाश करते हुए उत्कर्ष मण्डित हो रहे हैं। अर्थात् सर्वोत्कर्षेण विराजमान हैं, इसलिए विधु श्रीकृष्ण ही हैं। नमस्काररूप मङ्गलाचरण भी सर्वोत्कर्ष स्वीकार करने से ही होता है। अर्थात् उनको मैं नमस्कार करता हूँ।

सर्व उत्कर्ष के लिए स्वयं भगवान् होना, समस्त अवतारादि का कारण होना आवश्यक है, उसका प्रमाण ब्रह्मसंहिता के वचन से देते हैं–

"ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्द विग्रहः।
अनादिरादिर्गोविन्दः सर्वकारण कारणम् ॥"

अर्थात् श्रीकृष्ण परम ईश्वर हैं, सच्चिदानन्द विग्रह हैं, अर्थात् उनकी श्रीमूर्त्ति नित्यज्ञानानन्द स्वरूप है। आप स्वयं अनादि हैं, अतः समस्त तत्त्वों के आदि हैं। आप सबके मूल हैं, आपके पहले अपर कोई तत्त्व नहीं हैं। आपका दूसरा नाम श्रीगोविन्द है। आप अनन्त जगत के समग्र कारणों के मूल कारण स्वरूप हैं।

निज-निज परिकरों के साथ गोकुलादि में सदा विराजते हैं। इसका प्रमाण श्रीमद्भागवतमहापुराण (१-१०-२६) में है–

अहो अलं श्लाघ्यतमं यदोः कुलमहो अलं पुण्यतमं मधोर्वनम्।
यदेष पुंसामृषभः प्रियः श्रियः स्वजन्मना चङ्क्रमणेनाञ्चति॥

अहो! यह यदुवंश परम प्रशंसनीय है, क्योंकि लक्ष्मीपति पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण ने जन्म लेकर इस वंश को सम्मानित किया है। यह पवित्र मधुवन (व्रजमण्डल) भी अत्यन्त धन्य है, जिसे इन्होंने अपने शैशव एवं किशोरावस्था में घूम-फिरकर सुशोभित किया है।

गोकुल मथुरा आदि में अनेक प्रकार भक्तों के साथ सदा एकक कैसे रहते हैं? बाल्य, पौगण्ड, कैशोर स्वरूप के मध्य में कौन सा यह प्रकाश है? इसके उत्तर में कहते हैं– अखिलरसामृतमूर्तिः। अखिल– पञ्चविध भक्तों के मध्य में जो रस हैं, उसमें पाँच मुख्य हैं– शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और मधुर। हास, अद्भुत, वीर, करुण, रौद्र, भयानक और बीभत्स ये सात गौण हैं। ये बारह प्रकार के रस हैं। ये सब ह्लादिनी शक्तिवृत्ति रूप होने के कारण अमृतमय, परमानन्दस्वरूप हैं, और यही मूर्त्ति है जिनकी; वे समस्त रसों का विषय एवं आश्रय रूप मूर्त्ति हैं। उनके अनेक प्रकाश होने पर भी धर्मी किशोर ही समस्त भक्तों का सुख हेतु है।

धर्मी होने पर भी असमानोर्द्ध्व प्रेमरूपगुणसम्पन्न श्रीराधा के सुख के लिए चेष्टा आदि का बोध कराने के लिए प्रसृमर आदि तीन पद दिये गये हैं। प्रसृमर रुचि के द्वारा रोध किये हैं, वशीभूत किये हैं, तारका पाली को जिन्होंने वे। तारका पाली कथन से अन्य विपक्ष तटस्थ व्रजदेवियों को भी जानना होगा। राधा के साथ स्वच्छन्द विहार के लिए रसोपकरणभूता वशीकृता, इस प्रकार अर्थ है। कलिते– पूर्वोक्त से परम प्रेमास्पदरूप से ग्रहण किये हैं– श्यामा ललिता को जिन्होंने। श्यामा शब्द से श्रीराधा के अन्य सुहृत पक्ष को जानना होगा। ललिता से अन्य सखियों को भी जानना होगा। वहाँ पर सुहृत पक्ष की सखियों का कृष्ण के प्रति प्रेमाधिक्य होने के कारण आगे ललिता का कथन हुआ है।

प्रेयान्– राधा के प्रति अतिशय प्रीतिकर्त्ता हैं, अतएव इनका असाधारण्य देखकर पहले के तरह युग्मरूप में नहीं कहा गया है, एकक कहा गया है। श्रीराधा के सम्बन्ध में श्रीकृष्ण के सौन्दर्य आदि गुणों का प्रकाश भी परमोत्कर्ष रूप में ज्ञापित किया है।

समस्त व्रजदेवियों के मध्य में प्रेमरूप गुण के द्वारा आधिक्य श्रीराधा में ही है। इसका विवरण उज्ज्वलनीलमणि ग्रन्थ के राधा प्रकरण में है– "महाभावस्वरूपेयं गुणैरतिवरीयसी" यह राधा महाभाव स्वरूपा हैं, और गुणों से भी सर्वश्रेष्ठ हैं।

पद्म पुराण में भी उक्त है–

"यथा राधा प्रिया विष्णोस्तस्याः कुण्डं प्रियं तथा।
सर्वगोपीषु सैवैका विष्णोरत्यन्त वल्लभा॥"

राधा जिस प्रकार श्रीकृष्ण की प्रिया हैं, उनका कुण्ड भी उसी प्रकार प्रिय है। समस्त गोपियों के बीच में एकमात्र श्रीराधा ही श्रीकृष्ण को अत्यन्त प्रिय हैं।

मत्स्य पुराण में उक्त है– "रुक्मिणी द्वारकायान्तु राधा वृन्दावने वने" द्वारका में रुक्मिणी जिस प्रकार प्रिय हैं, वन वृन्दावन में श्रीराधा भी उसी प्रकार प्रिय हैं।

उनके मन्त्र कथन प्रसङ्ग में बृहद्गौतमीय में उक्त है–

"देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता।
सर्वलक्ष्मीमयी सर्वकान्तिः सम्मोहिनी परा॥"

देवी राधिका परदेवता कृष्णमयी हैं। वह सर्वलक्ष्मीमयी, सर्वकान्ति, सम्मोहिनी पराशक्ति हैं।

उनके सम्बन्ध में कृष्ण गुणोत्कर्ष का वर्णन ऋक् परिशिष्ट श्रुति में है–"राधया माधवो देवो माधवेनैव राधिका। विभ्राजन्ते जनेष्वा" इति। अर्थात् राधा के साथ माधव शोभित हैं और माधव के साथ राधिका शोभित हैं।

यहाँ पर चन्द्र वर्णन रूप द्वितीय अर्थ अप्राकरणिक होने के कारण व्यञ्जना वृत्ति लभ्य है। उस पक्ष में व्याख्या इस प्रकार है– विधुनोति खण्डयति तापजदुःखं– जो ताप जन्य दुःख का नाश करता है। इस प्रकार असंकोच वृत्ति से पूर्ण चन्द्र का बोध होता है। जयति शब्द से सर्वोत्कर्ष का बोध होता है, वह सूर्यादि जनित ताप निवारक होने के कारण सूर्य से भी उत्कर्ष युक्त है।

प्रत्येक पूर्णिमा में पूर्णतया प्रकाश होने के कारण जयति वर्त्तमान काल का प्रयोग हुआ है।

अखिलरस मधुर प्रभृति हैं जिसमें, इस प्रकार अमृतमयी मूर्त्तिमण्डल है जिनकी, वह तमः तापज दुःख शान्ति पूर्वक सर्वजन सुख हेतुभूत है इस प्रकार अर्थ होता है।

तथा प्रसरणशील ज्योत्स्ना के द्वारा रुद्ध आवृत किया है तारा श्रेणी को जिन्होंने वह । तथा रात्रि के ललित विलास को प्रकट किया है जिन्होंने वह चन्द्र।

राधा प्रेयान् – राधा अर्थात् विशाखा नामक तारा में प्रेयान् अतिशय प्रीतिकर्त्ता है। ऋतुराज पूर्णिमा में उसका आगमन होने के कारण वैशाखी पूर्णिमा होती है। उस समय चन्द्र की पूर्णता एवं अत्यन्त कान्ति भी होती है।

यहाँ पर श्लोक में उपमालङ्कार है, एवं शब्द शक्तिमूलक अनुरणनरूप ध्वनि भी है।

जिनकी प्रसन्नता के बिना यहाँ के सुदुर्गम अर्थ समूह का बोध होना सम्भव नहीं है, प्रसन्न होकर जो सुदुर्गम अर्थ समूह का बोध भी कराते हैं, श्रीमान् श्रीरूपगोस्वामी मेरे प्रति प्रसन्न हों॥ १॥

श्रील-विश्वनाथचक्रवर्त्तिपाद-विरचिता–
भक्तिसार-प्रदर्शिनी टीका
श्रीकृष्णाय नमः

नमस्तस्मै भगवते कृष्णायाकुण्ठमेधसे। यो धत्ते सर्वभूतानामभवायोशतीः कलाः॥ क॥

श्रीचैतन्यमुखोद्‌गीर्णा हरेकृष्णेति वर्णकाः। मज्जयन्तो जगत् प्रेम्नि विजयन्तां तदाह्वयाः॥ ख॥

अथ सोऽयं निखिल-सहृदय-हृद्यसमुदयहृदयालङ्कारः सकलकविमण्डलाखण्डलो भगवन्निर्देश-परम-मङ्गल-सुधा-धारा-परम्परया निर्मीयमाणे प्रत्यूहतापानुद्‌गमकेऽप्यस्मिन् ग्रन्थे सदाचारसम्माननार्थमवश्यकर्त्तव्यमङ्गलाचरणमप्यनुषञ्जयति, अखिलेति। विधुः-श्रीकृष्णो जयति...... सर्वोत्कर्षेण वर्त्तते, यद्यपि 'विधुः श्रीवत्सलाञ्छनः' इत्यभिधानात् विधुशब्दः सर्वभगवत्पर एव, तथापि राधाप्रेयानित्याद्यसाधारणविशेषणैः श्रीकृष्णमेव प्रतिपादयतीति ज्ञेयम्।

तदुत्कर्षहेतुं स्वरूपलक्षणमाह,— अखिला रसा वक्ष्यमाणाः शान्ताद्या द्वादश यस्मिन् तादृशममृतं परमानन्द एव मूर्त्तिर्यस्य सः। तत्रापि रसविशेष-विशिष्टपरिकरवैशिष्ट्येनाविर्भाववैशिष्ट्यं दृश्यते; अतएवादिरस-विशेष-विशिष्ट-परिकर-सम्बन्धेन नितराम्; यथा दशमे (भा. ३-४४-१४) गोप्यस्तपः किमचरन् यदमुष्य रूपं, लावण्यसारमसमोर्द्ध्वमनन्यसिद्धम्। दृग्भिः पिबन्त्यनुसवाभिनवं दुरापमेकान्तधाम यशसः श्रिय ऐश्वरस्य॥'' इति, (भा. १०-३२-१४) ''त्रैलोक्यलक्ष्म्यैकपदं वपुर्दधत्'' इत्यादि, (भा. १०-३३-६) तत्रातिशुशुभे ताभिर्भगवान् देवकीसुतः इत्यादि। तासु गोपीषु मुख्या दश भविष्योत्तरे श्रूयन्ते,— ''गोपालीपालिकाधन्या विशाखान्या धनिष्ठिका। राधानुराधा सोमाभा तारका दशमी तथा।'' इति,— तथेति दशम्यपि तारकानाम्न्येवेत्यर्थः, दशमीत्येकं नाम वा; स्कान्दे प्रह्लादसंहितायां द्वारकामाहात्म्ये च, — 'ललितोवाच' इत्यादौ मुख्यास्वष्टसु पूर्वोक्ताभ्योऽन्या ललिता-श्यामला-शैव्या-पद्मा-भद्राश्च श्रूयन्ते; पूर्वोक्तास्तु राधाधन्याविशाखाश्च। तदेतदभिप्रेत्य तत्रापि मुख्यामुख्याभिरुत्तरोत्तरवैशिष्ट्यं दर्शयितुमवरमुख्यात्वं (मुख्ये द्वे) तावन्निष्कृष्य ताभ्यां श्रीकृष्णस्य वैशिष्ट्यमाह,— प्रसृमराभिः प्रसरणशीलाभिः रुचिभिः कान्तिभिः रुद्धे वशीकृते तारका-पालीनाम्न्यौ यूथेश्वर्यौ येन (सः)। अथ मध्यममुख्याभ्यामाह,— कलिते स्वीकृते श्यामा-ललिते येन सः। अथ परममुख्याया वैशिष्ट्यमाह,— राधायाः प्रेयान् अतिशयेन प्रीतिकर्त्ता,— इगुपधज्ञाप्रीकिरः क' इति कप्रत्ययविधेः। अतएवास्याः एवासाधारण्यमालोक्य पूर्ववद् युग्मत्वेनापि नेयं निर्दिष्टा। अतस्तस्या एव प्राधान्यं पाद्मोत्तरखण्डे कार्त्तिकमाहात्म्ये तत्कुण्डप्रसङ्गे—'यथा राधा प्रिया विष्णोस्तस्याः कुण्डं प्रियं तथा। सर्वगोपीषु सैवैका विष्णोरत्यन्तवल्लभा॥'' इति। अतएव मत्स्यपुराणे शक्तित्वसाधारण्येनाभिन्नतया गणनायामपि तस्या एव वृन्दावने प्राधान्याभिप्रायेणाह, 'रुक्मिणी द्वारवत्यान्तु राधा वृन्दावने वने'। इति, तथा च वृहद्‌गौतमीये तस्या एव मन्त्र कथने— 'देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता। सर्वलक्ष्मीमयी सर्वकान्तिः सम्मोहिनी परा॥'' इति, ऋक्परिशिष्टश्रुतावपि— 'राधया माधवो देवो; माधवेनैव राधिका। विभ्राजन्ते जनेष्वा' इति। अतएव दशमे (भा. १०-३०-२८) गोप्य आहुः— 'अनयाराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः' इति।

सर्वलौकिकालौकिकातीतेऽपि तस्मिन् लौकिकार्थविशेषोपमाद्वारा लोकानां बुद्धिप्रवेशः स्यादिति केनाप्यंशेनोपमानमाह; पक्षे, विधुश्चन्द्रो जयति सर्वोत्कर्षेण वर्त्तते। एवं विशेष्ये साम्यं दर्शयित्वा विशेषणेऽपि साम्यं दर्शयति,— अखिलोऽखण्डो रस आस्वादो यत्र तादृशममृतं पीयुषं तदात्मिकैव मूर्त्तिर्यस्य। तारकापालीः— तारकाश्रेणी। अत्र शब्दसाम्यं रसनीयत्वांशेनार्थेनापि योज्यम्,

तथा प्रसृमराभी रुचिभि: कान्तिभी रुद्धावृता तारकाणां पालिर्येन स इति पूर्ववन्निजकान्तिमत्तारागणविराजमानत्वांशेनापि ज्ञेयम्। विश्वप्रकाशे श्यामाशब्दो रात्रि पर्य्याय:; कलितमुरीकृतं श्यामाया रात्रेर्ललितं विलासो येन स:, इति रात्रिविलासित्वेनापि साम्यं ज्ञेयम्; तथा राधायां विशाखानाम्न्यां तारायां प्रेयान् अति (अधिकं) प्रीतिमान्॥ १ ॥

अनुवाद

अकुण्ठ मेधस् भगवान् कृष्ण को मैं प्रणाम करता हूँ जो समस्त प्राणियों का संसार सागर से उद्धार करने के लिए अनेक कमनीय लीला का विस्तार करते रहते हैं॥ क॥

श्री चैतन्यमुखोद्गीर्ण 'हरेकृष्ण' यह मन्त्र जगत् को प्रेम में निमग्न करते हुये उनका कथन सर्वोत्कर्ष मण्डित हो॥ ख॥

निखिल सहृदय हृद्य समुदय हृदयालङ्कार— सकल कवि मण्डल आखण्डल भगवन् निर्देश परम मंगल सुधा धारा परम्परा क्रम से निर्माण करने के लिए—प्रत्यूह तापानुद्गमक इस शास्त्र में सदाचार के सम्मानार्थ-अवश्य कर्त्तव्य मङ्गलाचरण ग्रन्थकार करते हैं, अर्थात् यह ग्रन्थ स्वयं अमङ्गलनाशक मङ्गलमय है फिर भी सदाचार को सम्मान देना अवश्य कर्त्तव्य होने के कारण मङ्गलाचरण करते हुए ग्रन्थकार ग्रन्थ आरम्भ कर रहे हैं—

"अखिलरसामृतमूर्त्ति: प्रसृमर-रुचिरुद्ध तारकापालि:।
कलितश्यामाललितो, राधा-प्रेयान् विधुर्जयति॥"

विधु—श्रीकृष्णो जयति सर्वोत्कर्षेण वर्त्तते। श्रीकृष्ण सर्वोत्कर्ष रूप से विराजित हैं। यद्यपि 'विधु: श्रीवत्सलाञ्छन' अभिधान में लिखा है इसलिए विधु शब्द समस्त भगवान् का ही बोधक है, तथापि 'राधा प्रेयान्' इत्यादि इस प्रकार असाधारण विशेषण के द्वारा श्रीकृष्ण का ही प्रतिपादन होता है। उसके उत्कर्ष हेतु स्वरूप लक्षण को कहते हैं— "अखिला रसा" वक्ष्यमाण शान्त प्रभृति द्वादश रस हैं जिनमें, उस प्रकार अमृत परमानन्द ही मूर्त्ति हैं जिनकी वह श्रीकृष्ण हैं।

उनमें भी रस विशेष विशिष्ट परिकर वैशिष्ट्य से आविर्भाव का वैशिष्ट्य देखने में आता है। अतएव आदि रस विशेष विशिष्ट परिकर सम्बन्ध से व्रजीय कृष्ण का वैशिष्ट्य होता है। अतएव भागवत दशम स्कन्ध के १०-४४-१४ में उक्त है—

गोप्यस्तप: किमचरन् यदमुष्य रूपं
लावण्य सारमसमोर्द्ध्वमनन्य सिद्धम्।
दृग्भि: पिबन्त्यनुसवाभिनवं दुराप-
मेकान्तधाम यशस: श्रिय ऐश्वरस्य॥

हे सखी! पता नहीं, गोपियों ने कौन-सी तपस्या की थी, जो नेत्रों के दोनों से नित्य-निरन्तर इनकी रूप-माधुरी का पान करती रहती हैं। इनका रूप क्या है, लावण्य का सार! संसार में या उससे परे किसी का भी रूप इनके रूप के समान नहीं है, फिर बढ़कर होने की तो बात ही क्या है। सो भी किसी के

सँवारने-सजाने से नहीं, गहने-कपड़े से भी नहीं, बल्कि स्वयंसिद्ध है। इस रूप को देखते-देखते तृप्ति भी नहीं होती क्योंकि यह प्रतिक्षण नूतन होता जाता है। समग्र यश, सौन्दर्य और ऐश्वर्य इसी के आश्रित हैं। सखियों! परन्तु इसका दर्शन तो औरों के लिये बड़ा ही दुर्लभ है। वह तो गोपियों के ही भाग्य में सुलभ है।

भा. १०-३२-१४—

तत्रोपविष्टो भगवान् स ईश्वरो योगेश्वरान्तर्हृदि कल्पितासनः।
चकास गोपीपरिषद्गतोऽर्चितस्त्रैलोक्यलक्ष्म्येकपदं वपुर्दधत्॥

बड़े-बड़े योगेश्वर अपने योगसाधन से पवित्र किये हुए हृदय में जिनके लिये आसन की कल्पना करते रहते हैं, किन्तु फिर भी अपने हृदय-सिंहासन पर बिठा नहीं पाते, वही सर्वशक्तिमान् भगवान् यमुनाजी की रेती में गोपियों की ओढ़नी पर बैठ गये। सहस्र-सहस्र गोपियों के बीच में उनसे पूजित होकर भगवान् बड़े ही शोभायमान हो रहे थे। परीक्षित्! तीनों लोकों में—तीनों कालों में जितना भी सौन्दर्य प्रकाशित होता है, वह सब तो भगवान् के बिन्दुमात्र सौन्दर्य का आभास भर है। वे उसके एकमात्र आश्रय हैं।

भा. १०-३३-७—

तत्रातिशुशुभे ताभिर्भगवान् देवकीसुतः।
मध्ये मणीनां हैमानां महामरकतो यथा॥

यमुनाजी की रमणरेती पर व्रजसुन्दरियों के बीच में भगवान् श्रीकृष्ण की बड़ी अनोखी शोभा हुई। ऐसा जान पड़ता था, मानो अगणित पीली-पीली दमकती हुई सुवर्ण-मणियों के बीच में ज्योतिर्मयी नीलमणि चमक रही हो।

उन सब गोपियों में दस मुख्या हैं। भविष्योत्तर में वर्णित है— "गोपाली-पालिका धन्या विशाखान्या धनिष्ठिका, राधानुराधा सोमाभा तारका दशमी तथा।" दशमी भी तारका नाम से प्रसिद्ध है—किम्वा दशमी एक अन्य गोपी का नाम है। स्कन्द पुराण में प्रह्लाद संहिता के द्वारका माहात्म्य में उक्त "ललितोवाच" इत्यादि में मुख्य आठ के मध्य में पहले कही गयी से अलग ललिता-श्यामला-शैव्या-पद्मा-भद्रा के नाम हैं। पहले कही गयी राधा धन्या विशाखा हैं।

इसी अभिप्राय से मुख्य मुख्य से उत्तरोत्तर के वैशिष्ट्य को दिखाने के लिए अवरमुख्य दो तारका व पाली को निकालकर इन दोनों के साथ श्रीकृष्ण का वैशिष्ट्य दिखाते हैं। प्रसृमराभिः— प्रसरणशील रुचि अर्थात् कान्ति के द्वारा रुद्ध वशीभूत किये हैं तारका व पाली को, वह विधु श्रीकृष्ण हैं।

मध्यम मुख्य युगल के द्वारा भी उत्कर्ष दिखाते हुए कहते हैं—"कलिते स्वीकृते-श्यामा ललिते येन सः" अर्थात् श्यामा ललिता को जिन्होंने स्वीकार किया है— वह श्रीकृष्ण हैं।

अनन्तर परम मुख्य का वैशिष्ट्य कहते हैं। राधायाः प्रेयान्— अतिशय प्रीतिकर्त्ता हैं। "इगुपधज्ञा प्रीकिरः कः" इस सूत्र से 'क' का विधान हुआ है। अतएव इसके असाधारण्य को देखकर पहले के तरह युग्म रूप से निर्देश नहीं किया। उनके प्राधान्य का वर्णन पाद्मोत्तर खण्ड के कार्त्तिक माहात्म्य के उनके कुण्ड के प्रसङ्ग में है—"यथा राधा प्रिया विष्णोस्तस्याः कुण्डं प्रियं तथा। सर्व गोपीषु सैवैका विष्णोरत्यन्तवल्लभा॥" राधा जिस प्रकार श्रीकृष्ण की प्रिय हैं उस प्रकार प्रिय उनका कुण्ड भी है। क्योंकि

समस्त गोपियों के मध्य में श्रीराधा विष्णु की अत्यन्त प्रिया हैं।

मत्स्य पुराण में शक्तियों के बीच में शक्तिरूप में राधा शब्द का पाठ करने पर भी वृन्दावन में राधा का ही प्राधान्य है। इस अभिप्राय से कहते हैं—"रुक्मिणी द्वारवत्यान्तु राधा वृन्दावने वने।" द्वारका में रुक्मिणी प्रसिद्ध हैं, श्रीराधा वृन्दावन में प्रसिद्ध हैं अर्थात् श्रेष्ठ हैं।

बृहद्गौतमीय ग्रन्थ में राधा के मन्त्र कथन के समय लिखित है— "देवी कृष्णमयी प्रोक्ता, राधिका परदेवता। सर्वलक्ष्मीमयी सर्वकान्ति: सम्मोहिनीपरा।" देवी राधिका परदेवता कृष्णमयी हैं, सर्वलक्ष्मीमयी, सर्वकान्तिमयी एवं परा सम्मोहिनी भी हैं।

ऋक् परिशिष्ट श्रुति में लिखित है— "राधया माधवो देवो, माधवेनैव राधिका। विभ्राजन्ते जनेष्वा"। राधा के साथ माधव शोभित हैं, माधव के साथ राधा भी शोभित हैं। इसलिए श्रीमद्भागवत के १०-३०-२८ में उक्त है—

अनयाऽऽराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वर:।
यन्नो विहाय गोविन्द: प्रीतो यामनयद् रह:॥

अवश्य ही सर्वशक्तिमान् भगवान् श्रीकृष्ण की यह आराधिका होगी। इसीलिये इस पर प्रसन्न होकर हमारे प्राणप्यारे श्यामसुन्दर ने हमें छोड़ दिया है, और इसे एकान्त में ले गये हैं।

सर्वलौकिक-अलौकिक से अतीत में भी लौकिकार्थ विशेष उपमा के द्वारा लोकों की बुद्धि का प्रवेश हो, इसलिए एक अंश से उपमान को कहते हैं। पक्ष में विधु-चन्द्र जययुक्त हैं, सर्वोत्कर्ष से विराजित हैं। इस प्रकार विशेष्य के साथ समता दिखाकर, विशेषण के साथ भी समता दिखाते हैं— अखिल-अखण्डरस आस्वाद है जहाँ, उस प्रकार अमृत-पीयूष स्वरूप ही जिसकी मूर्त्ति है, वह। तारकापाली-तारकाश्रेणी। यहाँ शब्द साम्य रसनीयत्वांश अर्थ के साथ भी जोड़ना है।

उस प्रकार प्रसृमराभी— प्रसरणशील कान्तियों के द्वारा जो तारकापाली-तारकाश्रेणी को रुद्ध आवृत किये है, वह। पहले के तरह निज कान्तिमत्तारागण विराजमानत्व अंश के साथ जानना होगा।

विश्वप्रकाश कोष में श्यामा शब्द से रात्रि को लिखा है। कलित अर्थात् विस्तार किया श्यामा अर्थात् रात्रि का विलास जिसने, वह। इस प्रकार रात्रि विलासित्व के कारण समानता है। तथा राधा अर्थात् विशाखा नामक तारा में अतिशय प्रीतिमान् है, वह जययुक्त है॥ १॥

हृदि यस्य प्रेरणया प्रवर्त्तितोऽहं वराकरूपोऽपि।
तस्य हरे: पदकमलं वन्दे चैतन्यदेवस्य॥ (२)

अनुवाद

ग्रन्थकार निजेष्ट देवता निजभक्ति प्रवर्त्तक कलियुग पावनावतार श्रीश्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु की वन्दना करते हुए कहते हैं— हृदय में अर्थात् मन में जिनकी प्रेरणा प्राप्त कर स्वयं क्षुद्र होकर भी ग्रन्थ रचना में प्रवृत्त हो रहा हूँ, उन चैतन्यदेव श्रीहरि के पादपद्म की वन्दना कर रहा हूँ॥ २॥

दुर्गमसङ्गमनी

अथ निजभक्तिप्रवर्त्तनेन कलियुगपावनावतारं विशेषतः स्वाश्रयचरणकमलं श्रीश्रीकृष्णचैतन्यदेवं भगवन्तं नमस्करोति,— हृदीति। हृदि यस्य प्रेरणया प्रवर्तितोऽस्मिन् सन्दर्भ इति शेषः। वराकेति स्वयं दैन्येनोक्तं, सरस्वती तु तदसहमाना 'वरं श्रेष्ठम् आ सम्यक् कायति शब्दायत इति' तद्द्वारेणैव तं स्तावयति, मत्कवितायामपि तत्प्रेरणयैवात्र प्रवृत्तिः स्यान्नान्यथेत्यपेरर्थः॥ २॥

अनुवाद

अनन्तर निजभक्ति प्रवर्त्तन के द्वारा कलियुग पावनावतार, विशेषतः स्वाश्रय चरणकमल श्रीश्रीकृष्णचैतन्यदेव भगवान् को नमस्कार करता हूँ। हृदय में जिनकी प्रेरणा प्राप्त कर ग्रन्थ रचना में प्रवृत्त हुआ हूँ। वराक शब्द क्षुद्रार्थ वाचक होने पर भी ग्रन्थकार की दैन्योक्ति को सहन न कर पाने से सरस्वती कह रही हैं— वरं श्रेष्ठं, जो सर्वश्रेष्ठ वस्तु को सम्यक् प्रकार से शब्द शास्त्रों में ग्रथित कर सकते हैं, वही वराक हैं। सुतरां इसी पद से ग्रन्थकार स्तुति करने के योग्य हो गये हैं। मेरे द्वारा रचित होने पर भी श्रीकृष्णचैतन्यदेव की कृपा से ही ग्रन्थ रचना करने में प्रवृत्त हूँ, अन्यथा यह कार्य हो नहीं सकता। अपि शब्द का यही अर्थ है॥२॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अतिदुर्बोधभक्तिरसनिरूपणे अयोग्यमानी श्रीकृष्णचैतन्यस्य कृपया तत् सम्भावयन् तञ्च नन्दनन्दनत्वेन बोधयन् भूयोऽपि मङ्गलमाचरति,— हृदीति। तस्य हरेः श्रीकृष्णस्य पदकमलं वन्दे। तस्य कस्य— यस्य हृदि प्रेरणयात्र रसवर्णने प्रवृत्तिः; अत्रेत्यर्थादध्याहार्य्यम्, कीदृगप्यहम् वराकरूपोऽपि वराकस्वभावोऽपि 'रूपं स्वभावसौन्दर्य्ये' इति विश्वः, सादृश्यार्थे रूपप्रत्ययः, वराकसदृशोऽपि; पक्षे, वराकश्चासौ रूपो रूपाख्यः स इति स्वनाम्नः स्वग्रन्थे प्रकटनम्; वराकस्यापि मम ब्रह्मशिवादिदुर्गमेऽप्यर्थे निजयोजकत्वेनेश्वरस्यैवैतत्कर्तृत्वम्, न तु ममेति कवेर्विनयेन भगवदैश्वर्य्यस्य सूचिकोक्तिः।

ननु जयतीत्यनेन कृष्णस्त्वया वन्दितोऽस्ति, पुनः किमर्थं वन्दनमिति चेत्तत्राह,— चैतन्यदेवस्य,— योऽसौ राधाप्रेयान् श्रीकृष्ण इह खलु त्रिविधतापैस्तापितान् जनान् भजनगन्धमप्यजानतो महाकृपालुमौलित्वात्तापशमनपूर्व्वकं दास्यसख्यादिभक्तौ स्वयमाचरणादिना प्रवर्त्तनेच्छुस्तत्र प्रवृत्तेभ्यस्तत्तद्भक्तिरसमहामृतलहरीवितरणाय राधादिनिजमधुररसपरिवाराणां महाभावाढ्यानां प्रेमस्नेहादिना विवशस्तेषां महाभावादिमाधुर्य्यं कीदृशमिति तदाश्रयत्वेन तदास्वादयितुं च तत्तत्स्वाभाविक भावामृतोच्छलितस्वान्तसिन्धुभिर्नित्यनिजपरिवारैः सह स्वयं श्रीकृष्णचैतन्यरूपेण प्रकटीबभूव, तस्येति— भगवत्प्रतिपादकपुराणादिसारोद्धारात्मकोऽयं सन्दर्भ इति चागतम्।

ननु श्रीकृष्णचैतन्यस्य श्रीकृष्णत्वे किं प्रमाणमिति चेत्, श्रीभगवद्गीतावचनं तावदवधार्य्यतां (४-८)— 'धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे' इति, धर्मश्च तत्प्रवर्त्तितनामसङ्कीर्त्तनरूप एव मुख्यः कलौ; यदुक्तं श्रीविष्णुपुराणे 'ध्यायन् कृते यजन् यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेऽर्चयन्। यदाप्नोति तदाप्नोति

कलौ सङ्कीर्त्य केशवम्॥' इति, एकादशे कलियुगोपास्यप्रसङ्गे स्पष्टमेव तस्य भगवत्वं निरूपितम्; तद् यथा (११-३-३२) 'कृष्णवर्णं त्विषाऽकृष्णं साङ्गोपाङ्गस्त्रपार्षदम्। यज्ञैः सङ्कीर्त्तनप्रायैर्यजन्ति हि सुमेधसः॥' इति; अस्यार्थः:– त्विषा कान्त्या योऽकृष्णो गौरस्तं सुमेधसो विवेकिनः कलौ यजन्ति उपासते। कैर्यजन्ति? यज्ञैः पूजा-सम्भारैः; किं भूतैर्यज्ञैः? सङ्कीर्त्तनप्रायैः:– सङ्कीर्त्तनं बहुभिर्मिलित्वात्युच्चैः श्रीकृष्णगानं, तत्प्रधानैः। कथम्भूतं तम्? कृष्णवर्णं, कृष्णं कृष्णेति नाम वा वर्णयति परमप्रेमविवशतया गायति, परमकारुणिकतयोपदिशति चेति तथा तम्; पुनः किम्भूतम्? साङ्गोपाङ्गास्त्रपार्षदम्– अङ्गं श्रीनित्यानन्दः, उपाङ्गं श्रीमदद्वैताचार्य्यः, अङ्गञ्चोपाङ्गञ्च अङ्गोपाङ्गम्, तदस्त्राणीव महाप्रभावमयत्वात्, सुदर्शनाद्यस्त्रनिग्राह्यदैत्यतुल्यबहिर्मुखानां तद्दर्शनादेव भक्तौ प्रवृत्या असुरस्वभावपरित्यागात्; अङ्गोपाङ्गास्त्राणि च पार्षदाश्च श्रीगदाधरपण्डितप्रभृतयोऽन्तरङ्गशक्तिरूपाः, श्रीनिवासप्रभृतयो भक्तरूपाश्चाङ्गोपाङ्गास्त्रपार्षदास्तैः सह वर्तमानम्। अङ्गोपाङ्गस्यास्त्रवन्निरूपणं– पार्षदानां दर्शनाद् भक्तिप्रवृत्तिपूर्व्वकासुरस्वभावपरित्यागे सत्यपि तस्याधिक्यार्थम्; स्वयं भगवत्वमपि सूचयत्येतद्विशेषणम्।

अस्य गौरत्वञ्च (भा. १०-८-१३)– 'आसन् वर्णास्त्रयो ह्यस्य गृह्णतोऽनुयुगं तनूः। शुक्लो रक्तस्तथा पीत इदानीं कृष्णतां गतः॥' इति गर्गवचने पारिशेष्य-प्रमाणलब्धम्; तथाहि 'इदानीं कृष्णतां गतः' इत्यत्रेदानीमित्यनेन द्वापरस्योक्तत्वात् 'द्वापरे भगवान् कृष्णः' (भा. ११-५-२७) विधानाच्च कृष्णस्य द्वापरोपास्यत्वमुक्तम्। शुक्लरक्तयोः सत्यत्रेतोपास्यत्वेनैकादश एव वर्णितत्वाच्च कलौ श्रीगौरः परिशिष्यते। अतो वैशम्पायनीयसहस्रनामस्तोत्रे 'सुवर्णवर्णो हेमाङ्गो वराङ्गश्चन्दनाङ्गदी। तथा सन्यासकृत् समः शान्तो निष्ठाशान्तिपरायणः॥' इति।

नन्वासन्नित्यनेन पीतस्यातीतत्वनिर्द्देशात् कथं भाविनो गौरस्य ग्रहणमिति चेत् प्राचीनगौरापेक्षयातीत्वनिर्देश इति क्रमः। नह्यस्मिन्नेव कलौ श्रीगौरावतारः किन्तु प्रतिकल्प अष्टाविंशच्चतुर्युगद्वापरान्ते श्रीकृष्णावतारवत् तत्पश्चात् कलौ श्रीगौरावतारस्य निश्चयात्।

नन्वेतैर्वचनैर्युगावतारत्वमस्यायातम्; कथं श्रीकृष्णः स्वयमवतीर्ण इति चेत्, द्वापरोपास्यस्य श्यामस्य यशोदानन्दनेऽन्तर्भाव इव कल्युपास्यस्य कृष्णवर्ण युगावतारस्य श्रीशचीनन्दनेऽन्तर्भावोऽङ्गोपाङ्गास्त्रपार्षदैः सहावतारात्। 'ज्ञानतः सुलभा मुक्तिर्भुक्तिर्यज्ञादिपुण्यतः। सेयं साधनसाहस्रैर्हरिभक्तिः सुदुर्ल्लभा॥ भुक्तिं मुक्तिं हरिर्दद्यादर्चितोऽन्यत्र सेविनाम्। भक्तिं तु न ददात्येव यतो वश्यकरी हरेः'। इत्यादि वचनेभ्यो यस्याः साधनसाहस्रकरणेऽप्यप्राप्तिश्रवणं तां, तस्याः स्ववश्यकारिकाया रतिलक्षणायाः तस्या अपि परमोत्कर्षरूपायाः प्रेमलक्षणायाश्च भक्ते जगाई-माधाईप्रभृति-महापातकिभ्योऽपि वितरणात्, मुनीनामपि मनसोऽप्यगोचरस्य श्रीकृष्णावताररहस्यस्य प्रकाशनात्, विद्वदनुभवसिद्धत्वाच्च। अथ विद्वदनुभवः; तत्र ग्रन्थकृतां स यथा– 'अपरं कस्यापि प्रणयिजनवृन्दस्य कुतुकी, रसस्तोमं हृत्वा मधुरमुपभोक्तुं कमपि यः। रुचं स्वामावव्रे द्युतिमिह तदीयां प्रकटयन्, स देवश्चैतन्याकृतिरतितरां नः कृपयतुः॥' परमविद्वच्छिरोमणीनां

श्रीसार्वभौमभट्टाचार्य्याणां– 'कालान्नष्टं भक्तियोगम्' इत्यादि; 'कृष्णो देवः कलियुगभवं लोकमालोक्य सर्वं, पापासक्तं समजनि कृपासिन्धुचैतन्यमूर्त्तिः। तस्मिन् येषां न भवति सदा कृष्णबुद्धिर्नराणां, धिक् तान् धिक् तान् धिगिति धिगिति व्याहरेत् किं मृदङ्गः॥' इति च तेषामेव; श्रीरघुनाथदासगोस्वामिनां यथा– 'शचीसूनुं नन्दीश्वरपतिसुतत्वे गुरुवरं मुकुन्दप्रेष्ठत्वे स्मर परमजस्रं ननु मनः' इति, श्रीजीवगोस्वामिनां यथा– 'अन्तःकृष्णं बहिर्गौरं दर्शिताङ्गादिवैभवम्। कलौ सङ्कीर्त्तनाद्यैः स्म: कृष्णचैतन्यमाश्रिताः॥' इति; श्रीप्रबोधसरस्वतीनां यथा– 'वन्दे श्रीकृष्णचैतन्यं गौरं कृष्णमपि स्वयं। यो राधाभावसंलुब्धः स्वभावं नितरां जहौ॥" इत्यादि सहस्रम्।

ननु तस्य श्रीकृष्णत्वे– "प्रत्यक्षरूपधृग्देवो दृश्यते न कलौ हरिः। कृतादिष्वेव तेनासौ त्रियुगः परिपठ्यते॥ कलेरन्ते च सम्प्राप्ते कल्किनं ब्रह्मवादिनं। अनुप्रविश्य कुरुते वासुदेवो जगत्स्थिति" मिति त्रियुगनामव्याख्यातृविष्णुधर्मवचनतस्तस्य कलौ प्रत्यक्षता विरुध्येतेति चेन्न, यत इदमेव प्रत्युत तस्य साक्षात्श्रीकृष्णत्वे लिङ्गं निरतिशयैश्वर्येण मर्य्यादामतिक्रम्य श्रीकृष्णस्य कलिप्रथमेऽवस्थानवदस्यापि तथात्वेनैव कलाववतरणसम्भवादिति॥ २॥

अनुवाद

अति दुर्बोध भक्तिरस निरूपण करने में अपने को अयोग्य मानकर, श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु की कृपा से वह सम्भव है, कारण वह श्रीनन्दनन्दन श्रीकृष्ण ही हैं, इसलिये पुनर्वार मङ्गलाचरण कर रहे हैं– 'हृदि यस्य प्रेरणया' श्लोक के द्वारा। उन हरि श्रीकृष्ण के चरण कमलों की वन्दना करता हूँ। उनकी किनकी? कहते हैं– जिनकी प्रेरणा हृदय में, मन में होने से रस वर्णन करने में मेरी प्रवृत्ति हुई है। अत्र 'इस प्रकार ग्रन्थ करने में', यह ऊपर से लगा लेना पड़ेगा, क्योंकि उस शब्द का उल्लेख यहाँ नहीं है।

मैं किस प्रकार हूँ? वराक रूप हूँ, अर्थात् क्षुद्र स्वभाव का हूँ, विश्व प्रकाश कोष में रूप शब्द का अर्थ स्वभाव और सौन्दर्य है। सादृश्यार्थ में भी रूप प्रत्यय होता है, वराक सदृश होने पर भी।

पक्ष में– निज नाम का उल्लेख इस शब्द से किया गया है। "वराकश्चासौ रूपो रूपाख्यः स" इससे ग्रन्थकार का नाम स्वग्रन्थ में प्रकट हुआ।

मैं क्षुद्र हूँ, वराक हूँ– ब्रह्मा शिवादि के लिये भी जो वस्तु दुर्गम है, उस विषय में मेरी जो प्रवृत्ति हुई है, उसका कर्त्ता ईश्वर ही हैं, मैं नहीं हूँ। कवि विनय से भगवद् ऐश्वर्य को प्रकट करते हैं।

'राधा प्रेयान् विधुर्जयति' पहले श्लोक में श्रीकृष्ण की वन्दना हुई है, पुनर्वार क्यों वन्दन करते हो? कहते हैं– चैतन्यदेव की कृपा से प्रवृत्ति हुई है।

जो राधा प्रेयान् श्रीकृष्ण हैं, वह त्रिताप से तापित जनगण को, जिनमें भजन गन्ध भी नहीं हैं, उन सबके प्रति कृपा करने के लिए महाकृपालु शिरोमणि होने से ताप प्रशमन करके दास्य, सख्यादि भक्ति में स्वयं आचरण करके प्रवृत्त कराने के लिये श्रीकृष्ण चैतन्य रूप में प्रकट हुए हैं।

जिन सबकी प्रवृत्ति उस रस में होगी, उन सबको भक्तिरसामृतलहरी वितरण करने के लिए, राधादि निज मधुर रस परिवार के महाभावाद्य प्रेम स्नेहादि के द्वारा जो विवश हैं, उन सबके भाव माधुर्य किस प्रकार हैं? आश्रय जातीय भाव को लेकर उसका आस्वादन करने के लिए, उन उन स्वाभाविक भावामृत

उच्छलित अन्त:करण युक्त निज परिवार के साथ स्वयं श्रीकृष्णचैतन्य रूप में आविर्भूत हुए हैं।

श्रीकृष्णचैतन्य जो श्रीकृष्ण हैं, इसमें प्रमाण क्या है? भगवत् प्रतिपादक पुराणादि का सारोद्धारात्मक यह सन्दर्भ है। श्रीभगवद्गीता वचन का अनुसन्धान करना परम आवश्यक है। गी. ४-८—

"परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्म संस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥"

साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए, दुष्टों का विनाश करने के लिए, और धर्म की अच्छी तरह से स्थापना करने के लिए, मैं युग-युग में प्रकट हुआ करता हूँ।

उन्होंने धर्म का प्रवर्त्तन किया, कलि में नाम संकीर्त्तन रूप धर्म ही मुख्य है।

विष्णुपुराण में उक्त है—

"ध्यायन् कृते यजन् यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेऽर्च्चयन्।
यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ सङ्कीर्त्त्य केशवम्॥"

सत्ययुग में ध्यान करने से, त्रेतायुग में यज्ञ करने से, द्वापरयुग में अर्चना करने से जो फल होता है, वह फल कलियुग में केशव के नाम संकीर्त्तन से होता है।

कलियुग के उपास्य प्रसङ्ग में श्रीमद्भागवत के (११-५-३२) में उक्त है—

"कृष्णवर्णं त्विषाकृष्णं साङ्गोपाङ्गास्त्रपार्षदम्।
यज्ञैः सङ्कीर्तनप्रायैर्यजन्ति हि सुमेधसः ॥

कलियुग के उपास्य होते हैं— कृष्ण वर्ण, अर्थात् जो कृष्ण का वर्णन करते हैं, कान्ति में अकृष्ण वर्ण हैं, अर्थात् गौर वर्ण हैं। अङ्ग, उपाङ्ग अस्त्र एवं पार्षद होते हैं। बुद्धिमान व्यक्तिगण नाम सङ्कीर्त्तन यज्ञ से उनकी आराधना करते हैं।

इसका अर्थ— त्विषा, कान्त्या अकृष्ण, जो गौरवर्ण के हैं, सुमेधस-विवेकी व्यक्तिगण कलियुग में उनकी उपासना करते हैं। किसके द्वारा उपासना करते हैं? यज्ञैः— पूजा सम्भार के द्वारा। यज्ञ किस प्रकार है? संकीर्त्तन रूप है, संकीर्त्तन— अनेक व्यक्तियों द्वारा मिलकर जोर-जोर से श्रीकृष्ण नाम गान, एवं तत् प्रधान होता है।

वे किस प्रकार हैं? कृष्णवर्ण, कृष्ण नाम परिचायक रूप है जिनका, किम्वा परम प्रेमविवश होकर श्रीकृष्ण नाम का जो गान करते हैं, अथवा परम कारुणिक होने से जो कृष्ण का उपदेश करते हैं।

पुनः किस प्रकार हैं? साङ्गोपाङ्गास्त्रपार्षदम्— अङ्ग श्रीनित्यानन्द, उपाङ्ग श्रीमदद्वैताचार्य, यह हैं अङ्ग, उपाङ्ग; ये उनके अस्त्र के तरह हैं, महाप्रभावमय होने के कारण। सुदर्शनादि अस्त्र के द्वारा असुरों के समान बर्हिमुख जनों की उनके दर्शनमात्र से ही भक्ति में प्रवृत्ति होकर आसुर स्वभाव छूट जाता है।

अङ्ग, उपाङ्ग अस्त्र समूह व पार्षद समूह श्रीगदाधर पण्डित आदि हैं; ये सब अन्तरङ्ग शक्तिरूप हैं। श्रीनिवास आदि भक्तरूप हैं, ये सब अङ्ग, उपाङ्ग अस्त्र-पार्षद हैं, उन सबके साथ विद्यमान हैं।

अङ्ग, उपाङ्ग को अस्त्र की भाँति निरूपण करने का अभिप्राय है— पार्षदों को देखने से ही भक्ति में प्रवृत्ति होकर असुर स्वभाव का परित्याग होता है, यह यहाँ आधिक्य है। इस विशेषण के द्वारा उनकी

स्वयं भगवत्ता स्थापित होती है।

इन उपास्य के गौरवर्ण होने का प्रमाण श्रीमद्‌भागवत के (१०-८-१३) में इस प्रकार है–

"आसन् वर्णास्त्रयो ह्यस्य गृह्णतोऽनुयुगं तनूः ।
शुक्लो रक्तस्तथा पीत इदानीं कृष्णतां गतः॥"

"और यह जो साँवला-साँवला है, यह प्रत्येक युग में शरीर ग्रहण करता है। पिछले युगों में इसने क्रमशः श्वेत, रक्त और पीत, ये तीन विभिन्न रंग स्वीकार किये थे। अब यह कृष्णवर्ण हुआ है, इसलिए इसका नाम "कृष्ण" होगा।" गर्ग महाराज की इस वाणी से पारिशेष्य प्रमाण के द्वारा यह प्राप्त हुआ, अर्थात् कलियुग के उपास्य गौरवर्ण के हुए।

"इदानीं कृष्णतां गतः"–इदानीं शब्द से अब इस द्वापर में हुआ। (भा. ११-५-२७) में उक्त है–

"द्वापरे भगवाञ्छ्यामः पीतवासा निजायुधः।
श्रीवत्सादिभिरङ्कैश्च लक्षणैरुपलक्षितः ॥"

राजन्! द्वापर युग में भगवान् के श्रीविग्रह का रंग होता है– साँवला। वे पीताम्बर तथा शङ्ख, चक्र, गदा आदि अपने आयुध धारण करते हैं। वक्षःस्थल पर श्रीवत्स का चिह्न, भृगुलता, कौस्तुभमणि आदि लक्षणों से वे पहचाने जाते हैं। इस विधान से कृष्ण ही द्वापर के उपास्य हैं।

शुक्ल, रक्त का सत्य, त्रेता में उपास्यत्व एकादश स्कन्ध में वर्णित है। पारिशेष्य न्याय से कलियुग में श्रीगौर का उपास्यत्व प्राप्त होता है। अतः वैशम्पायनीय सहस्रनाम स्त्रोत में कहा गया है–

"सुवर्ण वर्णो हेमाङ्गो वराङ्गश्चन्दनाङ्गदी।
सन्यासकृत् समः शान्तो निष्ठा शान्ति परायणः॥"

सुवर्ण की भाँति वर्ण, सोने के समान अङ्ग, उत्तम अङ्गों का संगठन, चन्दन का अङ्गद परिधान किये हैं; सन्यास धारण किये हैं; सम, शान्त, निष्ठा, शान्ति परायण हैं।

आसन् शब्द का प्रयोग गर्ग महाराज ने किया है, अतः पीत का अतीत में निर्देश हुआ है, इससे कैसे भविष्य में होने वाले गौर का ग्रहण होगा? इसका उत्तर यह है– प्राचीन गौर को लक्ष्य करके अतीतत्त्व का निर्देश किया गया है। न केवल इस कलियुग में ही गौर का अवतार हुआ है, किन्तु प्रत्येक कल्प के अष्टाविंश चतुर्युग के द्वापर के अन्त में जब श्रीकृष्णावतार होता है, तब उसके पीछे जो कलियुग होता है, उस कलियुग में श्रीगौरावतार का निश्चय है।

इन सब वचनों के द्वारा युगावतार का आगमन बोध होता है। कैसे समझेंगे श्रीकृष्ण स्वयं अवतीर्ण हुए हैं? क़हते हैं– द्वापर में जैसे श्याम वर्ण भगवान् का यशोदानन्दन में अन्तर्भाव होता है; वैसे कलि में उपास्य कृष्णवर्ण युगावतार का श्रीशचीनन्दन में अन्तर्भाव होकर अङ्ग, उपाङ्ग, अस्त्र पार्षद के साथ अवतार होता है।

"ज्ञानतः सुलभा मुक्तिर्भुक्तिर्यज्ञादिपुण्यतः।
सेयं साधनसाहस्रैर्हरिभक्तिः सुदुर्लभा ॥"

तन्त्र में उक्त है– ज्ञान के द्वारा मुक्ति सुलभ है, और यज्ञादि पुण्य-कर्मों के द्वारा भुक्ति (भोग) प्राप्त करना सरल है, किन्तु सहस्त्र साधनों के द्वारा भी हरिभक्ति सुदुर्लभ है।

भुक्तिं मुक्तिं हरिर्दद्यादर्चितोऽन्यत्र सेविनाम्।
भक्तिं तु न ददात्येव यतो वश्यकरी हरेः॥

भोग और मोक्ष हरि के सेवन से प्राप्त हो सकते हैं, किन्तु भक्ति देते ही नहीं, कारण– भक्ति भगवान् को वशीभूत करती है।

इत्यादि वचन से ज्ञात होता है कि जो भक्ति सहस्र-सहस्र साधनों से भी नहीं मिल सकती है, उस प्रकार की स्ववशकारिणी रतिलक्षणा भक्ति को, उसमें भी परम उत्कर्षरूपा प्रेमलक्षणा भक्ति को भी जगाई-मधाई आदि महापातकि जनगण को वितरण किये हैं, वे स्वयं कृष्ण ही हैं।

मुनियों के मनों के अगोचर कृष्णावतार रहस्य का प्रकाश करने के कारण श्रीगौर श्रीकृष्ण के आविर्भाव विशेष हैं। विद्वद्गणों का अनुभव भी यही है। ग्रन्थकार ने कहा है (श्रीचैतन्याष्टकम् ३)–

अपारं कस्यापि प्रणयिजनवृन्दस्य कुतुकी।
रस स्तोमं हृत्वा मधुरमुपभोक्तुं कमपि यः।
रुचिं स्वामावव्रे द्युतिमिह तदीयां प्रकटयन्।
स देवश्चैतन्याकृतिरतितरां नः कृपयतु॥

जो कौतूहलवश प्रणयिजनवृन्द के अपार रस समूह को चुराकर मधुररस का आस्वादन करने के लिए प्रिया श्रीराधा की कान्ति से अपने को मण्डित करके आविर्भूत हुए हैं, वे चैतन्याकृति देव हम सबके प्रति कृपा करें।

परम विद्वच्छिरोमणि श्रीवासुदेव सार्वभौम महोदय ने भी कहा है– "कालान्नष्टं भक्तियोगम्" कालकवलित भक्तियोग का पुनरुद्धार करने के लिए जो शचीनन्दन रूप में आविर्भूत हुए हैं, उनके चरणारविन्दों में मेरा मन-भ्रमर रत हो।

श्रीवासुदेव सार्वभौमपाद का वचन है–

"कृष्णो देवः कलियुगभवं लोकमालोक्य सर्वं,
पापासक्तं समजनि कृपासिन्धुचैतन्यमूर्त्तिः।
तस्मिन् येषां न भवति सदा कृष्णबुद्धिर्नराणां,
धिक् तान् धिक् तान् धिगिति धिगिति व्याहरेत् किं मृदङ्गः॥"

कलियुगवासी जनगण को पापासक्त देखकर, कृपासिन्धु चैतन्यमूर्त्ति धारणकर जो कृष्णदेव आविर्भूत हुए हैं, उनमें जिन लोगों की कृष्ण बुद्धि नहीं होती है; उन सबको धिक्कार देने के लिए ही क्या मृदङ्ग धिक् तान् उन सबको धिक्कार, उन सभी को धिक्कार, धिक् धिक् कहते रहते हैं?

श्रीरघुनाथदास गोस्वामीपाद ने भी कहा है–

"शचीसूनुं नन्दीश्वरपतिसुतत्वे गुरुवरं।
मुकुन्दप्रेष्ठत्वं स्मर परमजस्रं ननुमनः॥"

शचीनन्दन गौर हरि को नन्दनन्दन रूप में एवं गुरु महाराज को मुकुन्द के प्रिय रूप में मेरे मन अनवरत स्मरण करते रहो।

श्रीजीवगोस्वामीपाद ने कहा है—

"अन्तः कृष्णं बहिर्गौरं दर्शिताङ्गादि वैभवम्।
कलौ सङ्कीर्त्तनाद्यैः स्मः कृष्णचैतन्यमाश्रिताः॥"

जो अन्दर में श्रीकृष्ण हैं, परन्तु बाहर गौर वर्ण हैं, एवं अङ्गादि वैभव को जिन्होंने प्रकट किये हैं, कलियुग में सङ्कीर्त्तनादि के द्वारा हम सब उन्हीं कृष्णचैतन्य के आश्रित हैं।

श्रीप्रबोधानन्द सरस्वती पाद ने लिखा है—

"वन्दे श्रीकृष्णचैतन्यं गौरं कृष्णमपिस्वयं।
यो राधाभावसंलुब्धः स्वभावं नितरां जहौ॥"

स्वयं श्रीकृष्ण स्वरूप श्रीकृष्णचैतन्यदेव की मैं वन्दना करता हूँ, जिन्होंने राधा भाव संलुब्ध होकर अपने भाव को परित्याग कर दिया।

इस प्रकार सहस्रों प्रमाण हैं।

श्रीगौराङ्ग यदि श्रीकृष्ण ही होते हैं, तो—

"प्रत्यक्षरूप धृग् देवो दृश्यते न कलौ हरिः।
कृतादिष्वेव तेनासौ त्रियुगः परिपठ्यते॥
कलेरन्ते च सम्प्राप्ते कल्किनं ब्रह्मवादिनम्।
अनुप्रविश्य कुरुते वासुदेवो जगत् स्थितिमिति॥"

श्रीहरि कलियुग में साक्षात् रूप में नहीं आते हैं। सत्य, त्रेता, द्वापर में आते हैं इसलिए उनको त्रियुग कहा जाता है। कलि का अन्त होने लगने से ब्रह्मवादी कल्कि में प्रविष्ट होकर, भगवान् वासुदेव जगत् की स्थिति को सम्भालेंगे।

विष्णु धर्म वचन से त्रियुग का कथन प्राप्त होने से कलि में श्रीहरि की प्रत्यक्षता विरुद्ध होती है, ऐसा नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि श्रीगौराङ्ग महाप्रभु साक्षात् श्रीकृष्ण ही हैं। निरतिशय ऐश्वर्यवान् होने के कारण श्रीकृष्ण जिस प्रकार मर्यादा का अतिक्रमण करके कलियुग के प्रथम में अवस्थान किये, उसी प्रकार इनका भी कलि में अवतरण करना सम्भव है॥ २॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अथ निजभक्तिप्रवर्त्तनेन कलियुगपावनावतारं विशेषतः स्वाश्रयचरणकमलं श्रीश्रीचैतन्यदेवं भगवन्तं नमस्करोति,— हृदीति। हृदि विषये यस्य प्रेरणया। प्रवर्त्तित इत्यस्मिन् ग्रन्थ इति शेषः। वराकेति स्वयं दैन्येनोक्तम्; वस्तुतस्तु वरं श्रेष्ठम् आ सम्यक् कायते शब्दायते इति तमेव स्तावयतीत्यर्थः। मत्कवितायामपि तत्-प्रेरणयैवात्र प्रवृत्तिः स्यान्नान्यथेत्यपेरर्थः॥ २॥

अनुवाद

अनन्तर निजभक्ति प्रवर्त्तन के द्वारा कलियुग पावनावतार, विशेषकर स्वाश्रय चरणकमल भगवान् श्रीश्रीचैतन्यदेव को प्रणाम करते हैं,— हृदीति। हृदय में, मन में जिनकी प्रेरणा से इस कार्य में प्रवृत्त हुआ

हूँ। 'इस ग्रन्थ में' इतना बाहर से लगाना होगा। दैन्य से ही वराक शब्द को लिखा है। किन्तु उत्तम रूप से जो शब्द का प्रकाश करते हैं, वही वराक हैं। उन्हीं का स्तव करते हैं। ग्रन्थकार का कथन है– मेरी कविता में प्रेरणा उन्हीं की है, अन्यथा प्रवृत्ति होती ही नहीं, यही श्लोक स्थित अपि शब्द का अर्थ है॥२॥

विश्राममन्दिरतया तस्य सनातनतनोर्मदीशस्य।
भक्तिरसामृतसिन्धुर्भवतु सदाऽयं प्रमोदाय॥ (३)

अनुवाद

मेरे इष्ट देवता स्वरूप श्रीकृष्ण का ही नाना रूप में प्रकाशित तनु के मध्य में जो सनातन नामक तनु– श्री सनातन गोस्वामी पाद हैं, उनके विश्राम मन्दिर रूप में भक्तिरसामृतसिन्धु नामक यह ग्रन्थ सदा प्रमोदकर हो॥ ३॥

दुर्गमसङ्गमनी

अथ निजेष्टदेवावतारत्वेन निजगुरुं स्तुवन् प्रार्थयते,– विश्रामेति। भक्तिरसरूपस्यामृतस्य सिन्धुरिवेति तन्नामायं ग्रन्थस्तस्य श्रीकृष्णाख्यस्य मदीशस्य सदा स्वेनैव रूपेण स्थितस्यैव प्रकाशितनानारूपतनोर्या सनातननाम्नी तनुस्तस्या विश्राममन्दिरतया तत्तुल्यतयाऽङ्गीकारेणेत्यर्थः; अन्यस्या अपि नारायणाख्यायाः सदाप्रसिद्धसमानार्थसनातनतनोः सिन्धुर्विश्राममन्दिरं भवतीति॥ ३॥

अनुवाद

अनन्तर निज इष्टदेव के अवतार रूप में निज गुरुदेव का स्तव करके प्रार्थना करते हैं– भक्तिरस रूप अमृतसिन्धु की तरह यह भक्तिरसामृतसिन्धु नामक ग्रन्थ है। मेरे ईश्वर श्रीकृष्ण सदा निज रूप में स्थित होने पर भी वे नानारूप तनु प्रकाशित करते हैं। उनके मध्य में सनातन (श्रीसनातन गोस्वामी) नामक जो तनु है, उनके विश्राम मन्दिर की भाँति यह ग्रन्थ हो, अर्थात् अमृत समुद्र जिस प्रकार सुखकर विश्राम के लिए होता है, उस प्रकार श्रीगुरुदेव सनातन के भी विश्राम के लिए श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु हो।

श्री नारायण, जिनका तनु सनातन है, वे क्षीर समुद्र में विश्राम करते हैं; इस प्रकार यह ग्रन्थ गुरुदेव 'सनातन' के तनु का विश्राम मन्दिर बने॥ ३॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अथास्य ग्रन्थस्य श्रीकृष्णस्य प्रमोदहेतुतां श्लेषेण सनातननाम्नो निजगुरोश्च ताम् अर्थात्तौ प्रार्थयते,– विश्रामेति। भक्तिरसामृतसिन्धुस्तन्नामायं ग्रन्थः। तस्य श्रीकृष्णाख्यस्य मदीशस्य विश्राममन्दिरतया प्रमोदाय भवतु, मदीशो मन्दिरवद् विश्रामसुखमत्राङ्गीकरोत्वित्यर्थः। अन्योऽपि सिन्धुर्भगवतो विश्राममन्दिरं भवतीति। किम्भूतस्य? सनातनतनोः सनातनी नित्या तनुः श्रीविग्रहो यस्य, श्लेषपक्षे– सनातननामा तनुर्यस्य, तस्य भक्तिवैराग्यादिगुणैः प्रसिद्धस्य मत्प्रभोः॥ ३॥

अनुवाद

अनन्तर, यह ग्रन्थ श्रीकृष्ण का आनन्दकर हो, श्लेष से सनातन नामक निज गुरुदेव का भी

आनन्ददायक बने, इसलिए दोनों की प्रार्थना कर रहे हैं— भक्तिरसामृतसिन्धु नामक यह ग्रन्थ विश्राम मन्दिर स्वरूप हो। श्रीकृष्ण नामक मेरे स्वामी का विश्राम मन्दिर जिस प्रकार उनका आनन्दकर होता है, उस प्रकार हो; अर्थात् मेरे स्वामी विश्राम मन्दिर में विश्राम करके जिस प्रकार सुख अनुभव करते हैं, उस प्रकार इस ग्रन्थ से भी सुखी हों। अन्य सिन्धु भी भगवान् के विश्राम मन्दिर हैं, इस प्रकार यह भी विश्राम गृह बने। मेरे स्वामी किस प्रकार हैं? सनातन तनु हैं— सनातनी नित्या तनु श्रीविग्रह है जिनकी। श्लेष पक्ष में अर्थ है— सनातन नामक तनु है जिनका, भक्ति वैराग्यादि गुणों से प्रसिद्ध मेरे प्रभु श्रीसनातन गोस्वामी इस ग्रन्थ से सुखी बनें ॥ ३ ॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अथ निजेष्टदेवतावतारत्वेन निजगुरुं स्तुवन् प्रार्थयते,— विश्रामेति। अयं भक्तिरसामृतसिन्धुस्तस्य मदीशस्य श्रीकृष्णस्य विश्राममन्दिरतया सदा प्रमोदाय भवतु; समुद्रस्य तद्विश्राममन्दिरत्वेन प्रसिद्धेः। कथम्भूतस्य नित्यतनोः, पक्षे सनातननाम्नी तनुर्यस्य तस्य मदीशस्य॥ ३ ॥

अनुवाद

अनन्तर निज इष्ट देवता के अवतार रूप निज गुरु का स्तव करते हुए प्रार्थना करते हैं— विश्राम इत्यादि। यह भक्तिरसामृतसिन्धु ग्रन्थ मेरे स्वामी श्रीकृष्ण के विश्राम मन्दिर के तरह सदा आनन्दकर हो, कारण— समुद्र उनका विश्राम मन्दिर होता है, ऐसा प्रसिद्ध है। वे कैसे हैं? उनका तनु नित्य है। पक्ष में— सनातन नामक तनु है जिनका, उन श्रीसनातन गोस्वामी नामक मेरे स्वामी का आनन्ददायक यह श्रीभक्ति-रसामृतसिन्धु ग्रन्थ हो॥ ३ ॥

भक्तिरसामृतसिन्धौ चरतः परिभूतकालजालभियः।
भक्तमकरानशीलितमुक्तिनदीकान्नमस्यामि ॥ (४)

अनुवाद

भक्तिरसरूप अमृतसिन्धु में विचरण पूर्वक जिन्होंने कालरूप जाल के भय को पराभूत किया है, और मुक्तिरूपी नदी का अनादर किया है, उन भक्तरूप मकरगण को मैं नमस्कार करता हूँ॥ ४॥

दुर्गमसङ्गमनी

तदेवं नामग्राहं तं वन्दित्वा स्वाभीष्टानन्यानपि सामान्यतः सद्भक्तान् वन्दते— भक्तिरसेति। भक्ता एव मकरा मीनराजाख्या जलचरास्तान्नमस्यामि, मकरत्वेन रूपकेन सादृश्यत्रयमाह— भक्तिरस एवामृतसिन्धुर्नानाविधमुक्तिनदीनामाश्रयः परमपरमानन्दस्तस्मिन् चरतो विहरतोऽतो न शीलिता नादृता मुक्तिरेव नदी तद्रूपतया निरूपितं जन्ममरणादिबन्धच्छेदकमप्यनवच्छिन्नप्रवाहमपि ब्रह्मकैवल्यादिसुखं यैस्तान्, अनादृतेत्येव वा पाठः। अतएव परिभूतं जन्ममरणादिबन्धदुःखपरम्पराहेतोः कालरूपाज्जालाद्भयं यैस्तान्, (भा. ६-१३-२७) — 'नैषां वयं न च वयं प्रभवाम दण्डे' इत्युक्तेः, (भा. ३-२९-१३) 'सालोक्यसार्ष्टिसारूप्येत्यादेः', 'मत्सेवया प्रतीतं ते' इत्यादेश्च॥ ४॥

अनुवाद

नाम लेकर गुरु वन्दन के बाद अब निज अभीष्ट अन्य सद्भक्तों की वन्दना करते हैं। भक्त ही मकर हैं। मकर मीनराजाख्य जलचर है। उन सबको नमस्कार करता हूँ।

मकर रूप से रूपक करके तीन सादृश्य कहते हैं– भक्ति रस ही अमृत सिन्धु है, वह नाना प्रकार की मुक्तिरूपी नदियों का एकमात्र आश्रय है, एवं परमपरमानन्द स्वरूप है। उसमें विचरण करते हुए मुक्ति नदी का अनुशीलन अर्थात् आदर नहीं करते हैं। वे जन्म-मरणादि बन्ध दुःख-छेदक अनवच्छिन्न प्रवाहरूप होने पर भी मुक्ति नदी का आदर नहीं करते हैं। न शीलिता के स्थान में अनादृत पाठ भी है। अतएव परिभूत अर्थात् पराभव किये हैं जन्म-मरणादि बन्ध दुःखपरम्परा हेतु कालरूप जाल के भय को जिन्होंने, उनको नमस्कार करता हूँ। समान लोक में वास करना, समान ऐश्वर्य का अधिकारी बनना, समान रूप प्राप्त करना आदि को भी नहीं चाहते हैं, केवल भगवान् की सेवा से ही सन्तुष्ट होते हैं, उन सब भक्तों को नमस्कार करता हूँ। ये तथ्य निम्न श्लोकों से सूचित होते हैं–

भा. (६-३-२७)–

ते देवसिद्धपरिगीतपवित्रगाथा, ये साधवः समदृशो भगवत्प्रपन्नाः।
तान् नोपसीदत हरेर्गदयाभिगुप्तान्, नैषां वयं न च वयः प्रभवाम दण्डे॥

जो समदर्शी साधु भगवान् को ही अपना साध्य और साधन दोनों समझकर उनपर निर्भर हैं, बड़े-बड़े देवता और सिद्ध उनके पवित्र चरित्रों का प्रेम से गान करते रहते हैं। मेरे दूतों! भगवान् की गदा उनकी सदा रक्षा करती रहती है। उनके पास तुम लोग कभी भूलकर भी मत फटकना। उन्हें दण्ड देने की सामर्थ्य न हममें है, और न साक्षात् काल में ही।

भा. (३-२९-१३)–

सालोक्यसार्ष्टिसामीप्यसारूप्यैकत्वमप्युत।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः॥

ऐसे निष्काम भक्त दिये जाने पर भी मेरी सेवा को छोड़कर सालोक्य, सार्ष्टि, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य मोक्ष तक नहीं लेते हैं।

भा. (९।४।६७)–

मत्सेवया प्रतीतं ते सालोक्यादिचतुष्टयम्।
नेच्छन्ति सेवया पूर्णाः कुतोऽन्यत्कालविप्लुतम्?॥

मेरे अनन्य भक्त सेवा से ही अपने को परिपूर्ण मानते हैं। मेरी सेवा के फलस्वरूप जब उन्हें सालोक्य, सारूप्य आदि मुक्तियाँ प्राप्त होती हैं तब वे उन्हें स्वीकार नहीं करते हैं, फिर काल के प्रभाव से नष्ट हो जाने वाली वस्तुओं की तो बात ही क्या है?॥ ४॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अथ 'अविज्ञाताखिलक्लेशाः सदा कृष्णाश्रितक्रियाः। सिद्धाः स्युः सन्ततं प्रेमसौख्यास्वादपरायणाः॥' इति (२-१-२८०) लक्षणान् सिद्धभक्तान्नमस्येति, भक्तिरसेति। भक्ता

एव मकरा मीनराजाख्या: सिन्धुचरास्तान्। मकरत्वेन रूपकेन सादृश्यत्रयमाह,— भक्तिरस एवामृतसिन्धुर्नानाविधमुक्तिनदीनामाश्रय: परमानन्दस्तस्मिन् चरतो विहरत:;— अनेन विशेषणेन सन्ततप्रेमसौख्यास्वादपरायणत्वमुक्तम्। तत्र विहरणादेव परिभूतकालरूपाज्जालाद् भीर्भयं यैस्तान्; अनेनाविज्ञाताखिलक्लेशत्वम्। पूर्व्वहेतोरेव न शीलिता नादृता मुक्तिनदीस्तान् अशीलितमुक्तिनदीकान् श्रीकृष्णसेवानिर्वृत्या मुक्तिस्पृहा नास्तीत्यर्थ:— अनेन सदा कृष्णाश्रितत्वम्॥ ४॥

अनुवाद

जो अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेशरूप अखिल क्लेशों का अतिक्रम करके सदा कृष्ण को आश्रय कर सेवा में रत हैं, और एकता अनुकूलता रूप श्रीकृष्ण प्रेम सुख के आस्वादन परायण हैं, उनको सिद्ध भक्त कहते हैं। आगे इस भक्तिरसामृत सिन्धु के (२-१-२८०) में सिद्ध भक्त का ऐसा लक्षण कहा गया है।

सिद्ध भक्तों को नमस्कार करते हैं। भक्त ही यहाँ मकर हैं। मकर को मीनराज भी कहते हैं, वह सिन्धु में विचरण करता है। मकर रूप से रूपक करने से तीन सादृश्य बनते हैं— भक्तिरस ही अमृतसिन्धु, नानाविध मुक्ति नदियों का आश्रय एवं परमानन्दस्वरूप है; उसमें विहार करने वाले भक्तों को नमस्कार करता हूँ। इस विशेषण से वे भक्त अनवरत कृष्ण प्रेम सुख का आस्वादन करने में रत रहते हैं, इसका कथन हुआ है।

इस प्रकार भक्तिरसामृतसिन्धु में विहार करने के कारण, जिन्होंने कालरूप जाल के भय को मिटा दिया है, ऐसे भक्तों को प्रणाम करता हूँ, इससे अविज्ञात अखिल क्लेश का कथन हुआ है।

पूर्वोक्त कारणों से ही वे मुक्ति नदी का आदर नहीं करते हैं। श्रीकृष्ण की प्रेम सेवा के आनन्द से मुक्ति की इच्छा नहीं रहती है। इससे वे सदा कृष्ण के आश्रित रहते हैं, इसका प्रकाश हुआ है॥ ४॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

तदेवं नामग्राहं तं वन्दित्वा स्वाभीष्टानन्यानपि सामान्यत: सद्भक्तान् वन्दते— भक्तिरसेति। भक्ता एव मकरा मीनराजाख्या जलचरास्तान्नमस्यामि। मकरत्वेन रूपकेण सादृश्यत्रयमाह,— भक्तिरस एवामृतसिन्धुर्नानाविधमुक्तिनदीनामाश्रय: परमपरमानन्दस्वरूपस्तस्मिन् चरतो विहरत:। अतएव न शीलिता नादृता मुक्तिरूपा नदी यैस्तान्। पूर्वहेतोरेव परिभूतं तिरस्कृतं जन्ममरणादिबन्धदु:खपरम्पराहेतुभूतात् कालरूपाज्जालाद् भीर्भयं यैस्तान्॥४॥

अनुवाद

नाम लेकर गुरु वन्दन के बाद अब निज अभीष्ट अन्य सद्भक्तों की वन्दना करते हैं। भक्त ही मकर हैं। मकर मीनराजाख्य जलचर है। उन सब भक्तों को नमस्कार करता हूँ। मकररूप में रूपक करने से तीन सादृश्य होते हैं— भक्तिरस ही अमृतसिन्धु, नानाविध मुक्ति नदियों का आश्रय एवं परमपरमानन्द स्वरूप है; उसमें भक्तगण विचरण करते रहते हैं, अतएव मुक्तिरूपा नदी का वे सब आदर नहीं करते हैं।

इसलिए जन्ममृत्यु आदि बन्ध दु:ख परम्परा से उत्पन्न कालरूप जाल से जो भय है, उसका भी उन्होंने तिरस्कार कर दिया है। इस प्रकार के भक्तों को मैं प्रणाम करता हूँ॥ ४॥

मीमांसकवडवाऽग्ने: कठिनामपि कुण्ठयन्नसौ जिह्वाम्।
स्फुरतु सनातन! सुचिरं तव भक्तिरसामृताम्भोधि:॥ (५)

अनुवाद

हे सनातन (श्रीकृष्णं एवं श्रीगुरु)! आपका यह भक्तिरसामृतसिन्धु मीमांसकरूप वडवाग्नि की कठिन जिह्वा को पराभूत करे तथा सुचिरकाल तक स्फुरित अर्थात् विराजित हो॥ ५॥

दुर्गमसङ्गमनी

अथ निजग्रन्थस्य विरोधिकृत-पराभवाभावकरीं सदा स्फूर्त्तिं श्रीगुरुचरणान् प्रार्थयते— मीमांसकेति। मीमांसको द्विविध:, कर्म्मज्ञानविचारभेदेन। वडवाऽग्नेर्जिह्वा ज्वाला तद्भेदेनैवाग्ने: सप्तजिह्वत्वेन प्रसिद्धे:। तां यथा कुण्ठयन्नम्भोधिर्वर्त्तते, तथाऽयमपि मीमांसकानां वचनशक्तिमित्यर्थ:। तत्कुण्ठनातिशयविवक्षायामेव तात्पर्य्यात्। उभयत्रापि तदीयरसस्वाभाव्यादिति भाव:। अथवाऽन्याम्भोधितो विलक्षणत्वमत्रोक्तम्। तदेवमेतत्पद्यत्रयेण सिन्धुरूपकत्वं त्रिधापि स्थापितम्। सिन्धावन्यत्र वडवाऽग्ने: स्वाभाविकी स्थिति:, अत्र तु मीमांसकस्य यथा कथञ्चिदागन्तुकी स्यादित्याशङ्क्य तदेव प्रार्थितम्॥ ५॥

अनुवाद

निज ग्रन्थ के विरोधियों के द्वारा किये जाने वाले विरुद्धाचरण को विनष्ट करने वाले इस भक्तिरसामृतसिन्धु की सदा स्फूर्ति के लिए श्रीगुरुचरणों में प्रार्थना करते हैं। मीमांसकेति— मीमांसक दो प्रकार के होते हैं, एक कर्म-मीमांसक अपर ज्ञान-मीमांसक। वड़वानल की जिह्वा अर्थात् ज्वाला के सात भेद हैं, जिससे अग्नि को सप्तजिह्वा कहते हैं। उस वड़वानल को दबाकर जिस प्रकार समुद्र विद्यमान रहता है, उस प्रकार मीमांसक की वचन शक्ति को दबाकर यह ग्रन्थ उत्कर्ष मण्डित हो, अर्थात् अतिशय रूप से कुण्ठित कर सदा विराजमान रहे, यही तात्पर्य है।

उभय पक्ष में ही (अर्थात् समुद्र पक्ष व ग्रन्थ पक्ष में) निजरस के स्वभाव द्वारा पराभव जानना होगा। अथवा अन्य अर्थात् प्राकृत समुद्र से भक्तिरसामृत समुद्र की विशेषता को यहाँ पर दिखाये हैं।

इस प्रकार तीन पद्यों के द्वारा तीन प्रकार से भक्तिरसामृतसिन्धु का सिन्धुरूपकत्व स्थापित हुआ। प्राकृत सिन्धु में वड़वानल की स्वाभाविक स्थिति होती है, किन्तु यहाँ पर मीमांसक की यथा कथञ्चित् आगन्तुक स्थिति हो सकती है, इसी आशंका से इस प्रकार प्रार्थना कर रहे हैं॥ ५॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अथ निजग्रन्थस्य विरोधिकृतप्रतिबन्धनाशपूर्व्विकां बहुकालस्फूर्त्तिं पूर्व्ववत् श्रीकृष्णगुरू प्रार्थयते— मीमांसकेति, पूर्व्वोत्तरभेदेन मीमांसको द्विविध:। यथाम्भोधिर्वड़वाग्नेर्ज्वालात्मिकां जिह्वां कठिनाममृद्वीमपि स्वस्य रसस्वभावेन कुण्ठयन् सुचिरं स्फुरति, तथायमपि मीमांसकानां तां कुण्ठयन्

पूर्व्वपक्षासमर्थां कुर्व्वन् स्फुरतु विराजतां, तत्कृपयैव भवत्वित्यर्थः। गुरुपक्षे तु रस्यभावत्वेन तवेति सम्बन्धः॥ ५॥

अनुवाद

अनन्तर, निजग्रन्थ के विरोधिजन के द्वारा कृत प्रतिबन्ध का नाश करने वाली भक्तिरसामृतसिन्धु की बहुकाल स्फूर्त्ति हो, इसलिए श्रीकृष्ण और गुरुदेव दोनों को प्रार्थना करते हैं।

पूर्व (कर्म), उत्तर (ज्ञान) भेद से मीमांसक दो तरह के हैं। समुद्र जिस प्रकार अपने जल से कठिन वड़वानल की ज्वालात्मिका जिह्वा को निज रस अर्थात् जल के स्वभाव के द्वारा कुण्ठित कर सदा स्फूर्त्ति प्राप्त करता है, उस प्रकार यह भक्तिरसामृतसिन्धु ग्रन्थ भी मीमांसकों को कुण्ठित करके अर्थात् भक्तिविषय में खण्डन करने के लिए असमर्थ बनाकर, विजयी होकर विराजित हो। यह कार्य श्रीकृष्ण की कृपा से ही सम्भव है। गुरु के पक्ष में रस्य भाव रूप से श्रीगुरुदेव की स्फूर्त्ति विरोधियों की विनाशक होगी॥ ५॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अथ निजग्रन्थस्य विरोधिकृतपराभवाभावकरीं सदा स्फूर्त्तिं प्रार्थयते— मीमांसक इति। हे सनातन! तव भक्तिरसामृताम्भोधिः सुचिरं मयि स्फुरतु। किं कुर्वन्?— मीमांसक रूपवड़वाग्नेर्जिह्वाज्वाला तत्तद्भेदेनैवाग्नेः सप्तजिह्वत्वेन प्रसिद्धेः; तां यथा कुण्ठयन्नम्भोधिर्वर्त्तते, तथायमपि मीसांसकानां वचनशक्तिमित्यर्थः॥ ५॥

अनुवाद

अनन्तर भक्तिरसामृतसिन्धु नामक निज ग्रन्थ की विरोधिकृत पराभवाभावकरी स्फूर्त्ति की प्रार्थना करते हैं— हे सनातन! आपका भक्तिरसामृतसिन्धु चिरकाल उत्तमरूप से मुझको स्फूर्त्ति को प्राप्त हो।

क्या करते हुए स्फूर्त्ति प्राप्ति हो? कहते हैं— मीमांसकरूप बड़वाग्नि की जिह्वाज्वाला, जिसके सात भेद हैं, जिससे अग्नि को सप्तजिह्वा कहते हैं; उसको दबाकर जिस प्रकार समुद्र अपने जल से महीयान् होकर रहता है, उस प्रकार भक्तिरसामृतसिन्धु ग्रन्थ भी अपने भक्तिरस से मीमांसक की वचन शक्ति को दबाकर विराजित हो॥ ५॥

भक्तिरसस्य प्रस्तुतिरखिलजगन्मङ्गलप्रसङ्गस्य।
अज्ञेनापि मयाऽस्य क्रियते सुहृदां प्रमोदाय ॥ (६)

अनुवाद

अज्ञ होने पर भी भक्तिरस रसिक सुहृद्‌जनों को आनन्दित करने के लिए, समस्त जगत के मङ्गल स्वरूप श्रीकृष्ण का प्रसंग जिसमें है, उस भक्तिरस का प्रणयन कर रहा हूँ॥ ६॥

दुर्गमसङ्गमनी

मम पुनरनुकूलानां प्रतिकूलानाञ्च पण्डितानां समाधाने न शक्तिः, किन्त्वेतदर्थमेवेदं क्रियत

इत्याह— भक्तिरसस्येति। अज्ञेनेति। पूर्ववद्दैन्येऽपि न विद्यते ज्ञो यस्मात्तेनेति ज्ञेयम्। अपिरत्र स्वतः प्रयोजनाभावं व्यञ्जयति॥ ६॥

अनुवाद

अनुकूल व प्रतिकूल पण्डितों के प्रश्नों का समाधान करने की शक्ति मुझमें नहीं है, किन्तु अज्ञ होने पर भी भक्तिरस का वर्णन निरुपाधि हितकर्त्ता सुहृदों के प्रमोद के लिए कर रहा हूँ। पहले 'वराक' शब्द का प्रयोग जिस प्रकार दैन्य से किया गया है, उसी प्रकार यहाँ पर 'अज्ञ' शब्द का भी प्रयोग किया गया है। अर्थ है— इनके अपेक्षा कोई ज्ञानी नहीं है, इस प्रकार महाज्ञानी होकर इस ग्रन्थ का प्रणयन कर रहे हैं। अपि शब्द से स्वतः प्रयोजनाभाव व्यञ्जित किया है ॥ ६॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

ननु किमर्थमेतादृश आग्रह इति चेत्तत्र भक्तिरसतत्पराणां निरुपाधिहितकर्तृणां प्रीतयेऽस्यारम्भः क्रियते; प्रसङ्गात् सर्वलोकमङ्गलञ्च स्यादित्याह,— भक्तिरसस्येति; निजप्रौढ़िं वारयितुं 'हृदि यस्य प्रेरणया प्रवर्त्तितोऽहं वराकरूपोऽपि' इति स्मारयति,— अज्ञेनापीति॥ ६॥

अनुवाद

इस प्रकार ग्रन्थ करने का आग्रह क्यों कर रहे हैं? कहते हैं— भक्तिरसतत्पर निरुपाधि हितकर्त्ता सुहृद्जनों को आनन्दित करने के लिए इसका प्रणयन कर रहा हूँ। इसके प्रसंग से समस्त लोकों का मङ्गल होगा।

निज पाण्डित्याभिमान का वारण करने के लिए 'हृदय में जिनकी प्रेरणा प्राप्त कर, स्वयं क्षुद्र होकर भी ग्रन्थ रचना में प्रवृत्त हो रहा हूँ, उन चैतन्यदेव श्रीहरि के पादपद्म की वन्दना कर रहा हूँ' इस वाक्य को स्मरण दिलाते हुए कहते हैं— मैं अज्ञ होकर भी जगन्मङ्गलकारी भक्तिरस का प्रणयन कर रहा हूँ। इससे शोभन हृदय वाले सुखी होंगे॥ ६॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

मम पुनरनुकूलानां प्रतिकूलानाञ्च पण्डितानां समाधाने न शक्तिः, किन्तु सुहृदां प्रमोदार्थमेव क्रियते इत्याह— भक्तिरसस्येति। अखिल जगन्मङ्गलस्य श्रीकृष्णस्य प्रसङ्गो यत्र तथाविधस्य भक्तिरसस्य प्रस्तुतिर्मया क्रियते। अज्ञेनेति— पूर्ववद् दैन्येऽपि न विद्यते ज्ञो यस्मात्तेनेति॥ ६॥

अनुवाद

अनुकूल, प्रतिकूल पण्डितों के वचनों का समाधान करने में मेरी शक्ति नहीं है, किन्तु सुहृदों को आनन्दित करने के लिए प्रणयन कर रहा हूँ। जिसमें अखिल जगन्मङ्गलकारी श्रीकृष्ण का प्रसङ्ग है, उस प्रकार भक्तिरस की प्रस्तुति मैं कर रहा हूँ। पहले जैसे 'वराक' शब्द का प्रयोग दीनता प्रकट करने के लिये किये थे उसी प्रकार यहाँ पर भी 'अज्ञ' शब्द का प्रयोग दैन्य से कर रहे हैं। वस्तुतः उनके समान कोई पण्डित नहीं है, इस प्रकार परमविज्ञ होकर जनगण मङ्गल के लिए भक्ति रस की प्रस्तुति कर रहे हैं॥ ६॥

एतस्य भगवद्भक्तिरसामृतपयोनिधेः।
चत्वारः खलु वक्ष्यन्ते भागाः पूर्वादयः क्रमात्॥ (७)

अनुवाद

इस भगवद्भक्तिरसामृत पयोनिधि में पूर्वादि चार विभाग क्रम से वर्णित होंगे॥ ७॥

दुर्गमसङ्गमनी

अथ ग्रन्थमारब्धुं तत्परिपाटीं दर्शयति— एतस्येति— चतुर्भिः॥ ७॥

अनुवाद

ग्रन्थ आरम्भ करने के लिए उसकी परिपाटी को एतस्य इत्यादि चार श्लोकों के द्वारा कहते हैं॥७॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

ग्रन्थस्य सिन्धुसदृशीमनुक्रमणिकां दर्शयति,— एतस्येत्यादि त्रिभिः॥ ७॥

अनुवाद

ग्रन्थ का रूपक सिन्धु के साथ करने के कारण उसकी सिन्धुसदृश अनुक्रमणिका को कहते हैं, एतस्य इत्यादि तीन श्लोकों के द्वारा॥ ७॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अथ ग्रन्थमारब्धुं तत्परिपाटीं दर्शयति,— एतस्येति चतुर्भिः॥ ७॥

अनुवाद

अनन्तर ग्रन्थ आरम्भ करने के लिए उसकी परिपाटी को एतस्य इत्यादि चार श्लोकों के द्वारा कहते हैं॥ ७॥

तत्र पूर्वे विभागेऽस्मिन् भक्तिभेदनिरूपके।
अनुक्रमेण वक्तव्यं लहरीणां चतुष्टयम्॥ (८)

अनुवाद

इसमें भक्तिभेदनिरूपक पूर्व विभाग में क्रमपूर्वक चार लहरी वर्णित होंगी॥ ८॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

तत्र चतुर्षु विभागेषु मध्ये पूर्व्वे प्रथमे॥ ८॥

अनुवाद

चार विभागों के मध्य में पूर्व विभाग में क्रम से चार लहरी वर्णित होंगी॥ ८॥

आद्या सामान्यभक्त्याढ्या द्वितीया साधनान्विता।
भावाश्रिता तृतीया च तुर्य्या प्रेमनिरूपिका ॥ (९)

अनुवाद

पहले में सामान्य भक्ति का निरूपण, दूसरे में साधन भक्ति का निरूपण, तृतीय में भाव भक्ति का निरूपण और चतुर्थ में प्रेमभक्ति का निरूपण होगा॥ ९॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अनुक्रममाह– आद्या प्रथमा लहरी सामान्या साधनादिविशेषणमप्राप्ता या भक्तिस्तयाढ्या, तुर्य्या चतुर्थी॥ ९॥

अनुवाद

अनुक्रम को कहते हैं– प्रथम लहरी में साधनादिविशेषण रहित भक्ति का निरूपण होने से वह सामान्यभक्ति संज्ञा प्राप्त है। तुर्य्या अर्थात् चतुर्थ॥ ९॥

तत्रादौ सुष्ठु वैशिष्ट्यमस्याः कथयितुं स्फुटम्।
लक्षणं क्रियते भक्तेरुत्तमायाः सतां मतम् ॥ (१०)

अनुवाद

पूर्व विभाग की प्रथम लहरी में स्पष्टरूप से भक्ति के उत्तम वैशिष्ट्य को कहने के लिए पहले महाजन (नारदादि) सम्मत उत्तमा भक्ति का लक्षण करता हूँ॥ १०॥

दुर्गमसङ्गमनी

तत्रादाविति। तत्र पूर्वविभागगतप्रथमलहर्य्याम्, आदौ प्रथमत एव उत्तमायाः भक्तेर्लक्षणं क्रियते, प्रतिपाद्यत्वेन विधीयते, न तु सर्वात्मिकायाः। तत्र हेतुः– सुष्ठु वैशिष्ट्यं कथयितुमिति। अन्यत्रान्याभिलाषज्ञानकर्म्माद्यावृतत्वेनापूर्णबलत्वात्, एतदंशत एवास्यास्तादृशत्वव्यक्तेः। (भा. ५-१८-१२) 'यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिञ्चने'त्यादेश्च॥ १०॥

अनुवाद

भक्तिरसामृतसिन्धु के पूर्व विभागगत प्रथम लहरी में पहले उत्तमा भक्ति का लक्षण करेंगे, जिसका प्रतिपादन सम्पूर्ण ग्रन्थ में करेंगे, समस्त प्रकार की भक्ति का विवरण नहीं देंगे। उसका कारण कहते हैं– 'भक्ति के वैशिष्ट्य को सुष्ठुरूप से कहने के लिए'। अन्यत्र भक्ति अन्याभिलाष व ज्ञान कर्मादि से आवृत होने के कारण वह अपूर्ण बलशाली है। इसी अंश में इस भक्ति का तादृशत्व अर्थात् उत्तमत्व कहा गया है। श्रीमद्भागवत के (५-१८-१२) में उक्त है–

यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिञ्चना सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः।
हरावभक्तस्य कुतो महद्गुणा मनोरथेनासति धावतो बहिः॥

जिस पुरुष की भगवान् में निष्काम भक्ति है, उसके हृदय में समस्त देवता धर्म-ज्ञानादि सम्पूर्ण सद्‌गुणों के साथ सदा निवास करते हैं, किन्तु जो भगवान का भक्त नहीं है, उसमें महापुरुषों के वे गुण आ ही कहाँ से सकते हैं? वह तो तरह-तरह के सङ्कल्प करके निरन्तर तुच्छ बाहरी विषयों की ओर ही दौड़ता रहता है॥ १०॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अथ ग्रन्थमारभमाणो भक्तेर्लक्षणं प्रतिजानीते,— तत्रादावित्येकेन। तत्र पूर्व्व विभागप्रथमलहर्य्याम्, आदौ प्रथमतः, वैशिष्ट्यं— साधनं भाव प्रेमेति त्रैविध्यं; लक्षणमसाधारणो धर्मः, लक्षणं विना वैशिष्ट्यकथनासम्भवात्। किम्भूतं तत्? सतां नारदादीनां सम्मतं, न स्वकपोलकल्पितम्॥ १०॥

अनुवाद

भक्तिरसामृतसिन्धु नामक ग्रन्थ आरम्भ करते हुए भक्ति का लक्षण करने की प्रतिज्ञा करते हैं, दश संख्यक पद्य के द्वारा। पूर्व विभाग के प्रथम लहरी में पहले भक्ति का वैशिष्ट्य दिखाने के लिए, भक्ति— साधन भक्ति, भाव भक्ति एवं प्रेम भक्ति भेद से तीन प्रकार की है। असाधारण धर्म ही लक्षण होता है। लक्षण के बिना वैशिष्ट्य नहीं कहा जा सकता है, इसलिए लक्षण की आवश्यकता है। वह लक्षण किस प्रकार होगा? श्रीनारदादि सम्मत होगा, स्वकपोलकल्पित नहीं होगा॥ १०॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

तत्रादाविति,— तत्र पूर्वविभागगतप्रथमलहर्य्याम्; आदौ प्रथमत एव उत्तमाया भक्तेर्लक्षणं क्रियते, प्रतिपाद्यतयाभिधीयते, न तु सर्वात्मिकायाः। लक्षणकरणे हेतुमाह,— सुष्ठु वैशिष्ट्यं वैलक्षण्यं कथयितुमिति। अन्यत्रान्याभिलाषज्ञानकर्माद्यावृतत्वेनापूर्णबलवत्त्वादेतदंशत एवास्याः शुद्धभक्तेर्वैलक्षण्यव्यक्तेः। यथोक्तं श्रीभागवते (५-१८-१२) 'यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिञ्चना' इत्यादेः॥ १०॥

अनुवाद

पूर्व विभागगत प्रथम लहरी में पहले उत्तमा भक्ति का लक्षण करेंगे, प्रतिपाद्यरूप में वर्णन करेंगे, अर्थात् लक्षणाक्रान्त भक्ति का ही प्रतिपादन करेंगे। समस्त प्रकार की भक्ति का विवरण नहीं देंगे। लक्षण करने के कारण क्या हैं? कहते हैं, भक्ति का वैलक्षण्य सुन्दर रूप से दिखाने के लिए। अन्य (उत्तमाभक्ति के लक्षण से रहित सकामादि) भक्ति अन्याभिलाष व ज्ञान कर्मादि से आवृत होने के कारण अपूर्ण बलशाली है। इसी अंश में इस शुद्धभक्ति की विलक्षणता को कहा गया है। जैसा कि श्रीमद्‌भागवत (५-१८-१२) में उक्त है—

यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिञ्चना सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः।
हरावभक्तस्य कुतो महद्गुणा मनोरथेनासति धावतो बहिः॥

जिस पुरुष की भगवान् में निष्काम भक्ति है, उसके हृदय में समस्त देवता धर्म-ज्ञानादि सम्पूर्ण

सद्गुणों के साथ सदा निवास करते हैं, किन्तु जो भगवान का भक्त नहीं है, उसमें महापुरुषों के वे गुण आ ही कहाँ से सकते हैं? वह तो तरह-तरह के सङ्कल्प करके निरन्तर तुच्छ बाहरी विषयों की ओर ही दौड़ता रहता है॥ १०॥

अन्याभिलाषिताशून्यं ज्ञानकर्म्माद्यनावृतम्।
आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा ॥ (११)

अनुवाद

अन्याभिलाषिता शून्य, ज्ञान कर्मादि के द्वारा अनावृत, आनुकूल्य से कृष्णानुशीलन को उत्तमा भक्ति कहते हैं॥ ११॥

दुर्गमसङ्गमनी

अथ तस्या लक्षणं वदन्नेव ग्रन्थमारभते— अन्येति। अनुशीलनमत्र क्रियाशब्दवद्धात्वर्थमात्रमुच्यते। धात्वर्थश्च द्विविधः— प्रवृत्तिनिवृत्त्यात्मकः कायवाङ्मानसीयस्तत्तच्चेष्टारूपः; प्रीतिविषादात्मको मानसस्तत्तद्भावरूपश्च। सत्वाऽसत्वे तु परस्परोपमर्द्दितत्वाच्चेष्टाऽन्तर्गते एव। तदेवं सति कृष्णसम्बन्धि कृष्णार्थं वा अनुशीलनं कृष्णानुशीलनमिति। तत्सम्बन्धमात्रस्य तदर्थस्य वा विवक्षितत्वाद्गुरुपादाश्रयादौ भावरूपस्यापि क्रोडीकृतत्वात् तत्-स्थायिनि व्यभिचारिषु च भावेषु नाव्याप्तिः।

एतच्च कृष्णतद्भक्तकृपयैक लभ्यं, श्रीभगवतः स्वरूपशक्तिवृत्तिरूपमतोऽप्राकृतमपि कायादिवृत्तितादात्म्येनैव तत्र तत्राविर्भूतमिति ज्ञेयम्। अग्रे तु स्पष्टीकरिष्यते (१-३-१)।

कृष्णशब्दश्चात्र स्वयं भगवतः श्रीकृष्णस्य तद्रूपाणां चान्येषामपि ग्राहकः। तारतम्यञ्चाग्रे विवेचनीयं (२-१-२२०-२२४)।

तत्र भक्तिमात्रत्वसिद्ध्यर्थं विशेषणमानुकूल्येनेति। प्रातिकूल्ये भक्तित्वाप्रसिद्धेः। आनुकूल्यञ्चास्मिन्नुद्देश्याय श्रीकृष्णाय रोचमाना प्रवृत्तिः। प्रातिकूल्यन्तु तद्विपरीतं ज्ञेयम्।

तृतीया चेयं विशेषण एव, न तु उपलक्षणे, ततश्च यथा शस्त्रिणः समानयेत्युक्ते शस्त्राणामपि समानयनं प्रसज्यते तथानुकूल्यस्यापि भक्तित्वविधानं। न तु शस्त्रिणो भोजयेत्यत्र शस्त्राणामभोजनवत् तदविधानम्। नन्वानुकूल्यं भक्तिरित्येवास्तां, ततश्च राजाऽयं गच्छतीत्यत्र राजपदेन तत्परिकराणां ग्रहणं स्यात्! सत्यं। तथापि धात्वर्थभेदानां स्पष्टा प्रतिपत्तिर्न स्यादिति धात्वर्थमात्रग्रहणायानुशीलनपदमुपादीयते।

अन्विति पदं चानुकूल्ये जाते मुहुरेव शीलनं स्यादित्यभिप्रायेण कृतम्; तदेतत्स्वरूपलक्षणम्।

उत्तमात्वसिद्ध्यर्थन्तु तटस्थलक्षणेन विशेषणद्वयम्। अन्याभिलाषिताशून्यमिति। अत्रान्येति भक्त्येकाभिलाषेण युक्तमित्यर्थः। ज्ञानमत्र निर्भेदब्रह्मानुसन्धानं; न तु भजनीयतत्वानुसन्धानमपि, तस्यावश्यापेक्षणीयत्वात्। कर्म्म चात्र स्मृत्याद्युक्तं नित्यनैमित्तिकादि, न तु भजनीयपरिचर्य्यादि, तस्य तदनुशीलनरूपत्वात्। आदिशब्देन वैराग्ययोगसांख्याभ्यासादयः। अत्र श्रीकृष्णानुशीलनं कृष्णभक्तिरिति

वक्तव्ये भगवच्छास्त्रेषु केवलस्य च भक्तिशब्दस्य तत्रैव विश्रान्तिरित्यभिप्रायात्तथोक्तं, तथैव ह्यग्रिमवाक्यमिति॥ ११॥

अनुवाद

उत्तमाभक्ति का लक्षण करते हुये ग्रन्थ का आरम्भ कर रहे हैं—

अन्याभिलाषिता शून्यं ज्ञान कर्माद्यनावृतम्।
आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा ॥

भक्ति भिन्न अपर अभिलाषिता शून्य, ज्ञान कर्म के द्वारा अनावृत, आनुकूल्य से कृष्णानुशीलन करना ही उत्तमा भक्ति है।

लक्षण में उक्त अनुशीलन पद से क्रियाशब्दवत् धातु के अर्थमात्र को जानना होगा। धातु का अर्थ द्विविध है— प्रवृत्ति-निवृत्ति मूलक काय-वाङ्-मानस चेष्टा रूप; प्रीति विषादात्मक मानसिक भाव रूप। सत्त्व-असत्त्व परस्पर का उपमर्दक होने से चेष्टा के अन्तर्गत माने जाते हैं। ऐसा होने पर, कृष्ण सम्बन्धि एवं कृष्ण के लिए अनुशीलन है— कृष्णानुशीलन।

उनसे सम्बन्धित मात्र के लिये और उनके लिये आनुकूल्यानुशीलन कहने से श्रीगुरुपादाश्रयादि में भावभक्ति का भी ग्रहण होने से स्थायी एवं व्यभिचारी भावों में इस लक्षण का अव्याप्ति दोष नहीं होता है।

इस उत्तमा भक्ति की प्राप्ति केवल श्रीकृष्ण एवं श्रीकृष्ण के भक्तों की कृपा से ही होती है। श्री भगवान् की स्वरूप शक्ति की वृत्तिरूप होने से यह अप्राकृत होकर भी शरीर, वाक्य एवं मन की वृत्तियों के साथ एकीभूत होकर भक्तजनों में आविर्भूत होती है। आगे ग्रन्थ में (१-३-१) इस बात को स्पष्ट करेंगे।

लक्षण में जो कृष्ण शब्द का प्रयोग हुआ है, उससे स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण, उनके समस्त रूपों एवं अन्य अवतारों का भी ग्रहण हुआ है। इनके तारतम्य का विवेचन आगे (२-१-२२०-२२४) में होगा।

नित्य-गुणो वनमाली, यदपि शिखामणिरशेषनेतृणाम्।
भक्तापेक्षिकमस्य, त्रिविधत्वं लिख्यते तदपि॥
हरिः पूर्णतमः पूर्णतरः पूर्ण इति त्रिधा।
श्रेष्ठ मध्यादिभिः शब्दैर्नाट्ये यः परिपठ्यते॥
प्रकाशिताखिल-गुणः स्मृतः पूर्णतमो बुधैः।
असर्वव्यञ्जकः पूर्णतरः पूर्णोऽल्पदर्शकः॥
कृष्णस्य पूर्णतमता व्यक्ताभूद् गोकुलान्तरे।
पूर्णता पूर्णतरता द्वारका मथुरादिषु॥
स पुनश्चतुर्विधः स्याद् धीरोदात्तश्च धीरललितश्च।
धीरप्रशान्तनामा, तथैव धीरोद्धतः कथितः॥

निखिल नायक चूड़ामणि श्रीकृष्ण नित्य गुणशाली होने पर भी भक्त की भक्ति के अनुसार

प्रकाश हेतु उनके तीन प्रकार के रूप लिखित हो रहे हैं।

हरि पूर्णतम, पूर्णतर व पूर्ण, इन तीन रूपों में हैं। नाट्यशास्त्र में इसी को श्रेष्ठ मध्यमादि शब्द से कहा गया है।

निखिल गुण प्रकाश होने पर पूर्णतम, उससे थोड़ा कम होने पर पूर्णतर, उससे भी कम होने पर पूर्ण हैं।

कृष्ण की गोकुल में पूर्णतमता, मथुरा में पूर्णतरता एवं द्वारका में पूर्णता व्यक्त हुई है।

यह पुनः चार प्रकार होते हैं– धीरोदात्त, धीरललित, धीरप्रशान्त और धीरोद्धत।

भक्तिमात्रत्व सिद्धि के लिए कृष्णानुशीलन का विशेषण दिया है– आनुकूल्य से। क्योंकि प्रतिकूल आचरण होने से भक्ति नहीं होगी। आनुकूल्य शब्द का अर्थ है– उद्देश्य श्रीकृष्ण को जो अच्छा लगे उस प्रकार की प्रवृत्ति। प्रतिकूल ठीक इसके विपरीत है, जो कृष्ण को अच्छा नहीं लगता वह प्रतिकूल है।

आनुकूल्येन– यहाँ पर जो तृतीया विभक्ति है, वह विशेषण के अर्थ में है, जो सदा सर्वदा रहता है। यह उपलक्षण अर्थ में नहीं है, जो कभी रहता है कभी नहीं रहता, इस प्रकार आनुकूल्य नहीं होना चाहिये। जैसे शस्त्रधारियों को ले आओ, कहने से शस्त्र के साथ लाना बोध होता है, इसी प्रकार यहाँ पर आनुकूल्य का भी भक्तित्व विधान किया गया है। शस्त्रधारी को भोजन करवाओ, कहने पर शस्त्रों को भोजन नहीं करवाना बोध होता है, इस प्रकार नहीं।

तब तो आनुकूल्य ही भक्ति है, इस प्रकार कहना ठीक है, जैसे राजा जा रहे हैं, इस प्रकार कहने से परिकरों के साथ राजा का जाना प्रतीत होता है। कहना ठीक है, तथापि धात्वर्थ समूह का जो भेद है, उसका स्पष्ट ज्ञान नहीं होगा, इसलिए समस्त क्रियाओं का सुस्पष्ट बोध नहीं होगा, इसलिए धात्वर्थ मात्र को ग्रहण करने के लिए अनुशीलन पद का प्रयोग किया गया है।

अनुशीलन शब्द में जो अनु पद दिया गया है, उससे बोध होता है कि अनवरत, बारम्बार, सदा-सर्वदा आनुकूल्य से अनुशीलन करना है।

अब तक कथित 'आनुकूल्य से कृष्णानुशीलन करना' यह भक्ति का स्वरूप लक्षण है।

भक्ति के उत्तमात्व सिद्धि के लिए तटस्थ लक्षण (जो स्वरूप के बाहर रहकर परिचय करवाता है) के द्वारा दो विशेषण देते हैं–

प्रथम विशेषण है– अन्याभिलाषिताशून्यं– एकमात्र भक्ति के अभिलाष से युक्त होना चाहिये। भक्ति को छोड़कर अपर अभिलाष कृष्ण के भजन में नहीं होनी चाहिये।

दूसरा विशेषण है–ज्ञान कर्म्माद्यनावृतम्– ज्ञान कर्म से आच्छादित नहीं होना चाहिये। यहाँ ज्ञान शब्द से निर्भेदब्रह्मानुसन्धानरूप ज्ञान को जानना होगा। भजनीय के अनुसन्धानरूप जो ज्ञान है, उसको नहीं, क्योंकि भजनीय के अनुसन्धान आदि ज्ञान की परम आवश्यकता है। कर्म के द्वारा भी 'आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनम्' ढका हुआ नहीं होना चाहिये। यहाँ कर्म से तात्पर्य है स्मृति आदि में उक्त नित्य-नैमित्तिकादि कर्म न कि भजनीय परिचर्यादि रूप कर्म, क्योंकि भजनीय परिचर्यादि रूप कर्म

कृष्णानुशीलन रूप हैं।

ज्ञान कर्मादि–अनावृतम्, यहाँ पर जो आदि शब्द है, उससे वैराग्य-योग-सांख्य प्रभृति के अभ्यास को जानना चाहिये। अभिप्राय यह है कि कृष्णानुशीलन को इन वैराग्यादि से अनावृत होना चाहिए।

यहाँ श्लोक में 'श्रीकृष्णानुशीलनं कृष्णभक्ति' इस प्रकार कथन ठीक होने पर भी भगवत् शास्त्रों में केवल भक्ति शब्द का प्रयोग श्रीकृष्ण भक्ति में ही पर्यवसित हुआ है, इसी अभिप्राय से केवल भक्ति शब्द का प्रयोग किया गया है। ऐसा अग्रिम वाक्य (१-१-१२) में दिखाया गया है॥ ११॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

कृष्णानुशीलनं कृष्णस्य देहेन्द्रियान्तःकरणैरभ्यासः, 'शील उपधारण' इति चौरादिको धातुः। कृष्णशब्दश्चात्र यत्र ग्रन्थे यस्य भगवतः प्रतिपादनं तत्र तस्य नाम देयमिति नारायणादीनामुपलक्षणम्। यस्यानुशीलनं तस्यार्थत एव प्राप्तिः स्यादित्यभिप्रेत्य भक्तिरित्येवोक्तं, न तु कृष्णभक्तिरिति। तत्र भक्तिमात्रसिद्ध्यर्थं विशेषणम्– आनुकूल्येनेति, आनुकूल्यं कृष्णरोचकप्रवृत्तिः, तृतीयेयं विशेषणे, नतूपलक्षणे,– शस्त्रिणः समानयेतिवदानुकूल्यस्यापि भक्तित्वविधानमुत्तमात्वसिद्ध्यर्थम् तटस्थलक्षणेनान्येत्यादिविशेषणद्वयम्, ज्ञानमाध्यात्मिकं, कर्म नित्यनैमित्तिकदानव्रतादि– स्मृत्याद्युक्तम्, आदि पदेनालस्यं गृहीतम्। लक्षणमिदमासाधनमामहाभावमन्वेति॥ ११॥

अनुवाद

कृष्णानुशीलन शब्द का अर्थ है– कृष्ण का देह, इन्द्रिय और अन्तःकरण के द्वारा अभ्यास करना। शील धातु उपधारण अर्थ में चुरादिगण का धातु है।

कृष्णानुशीलन में कृष्ण शब्द का प्रयोग इसलिए हुआ है कि जिस ग्रन्थ में जिन भगवान् का प्रतिपादन होगा वहाँ उनका नाम देना कर्त्तव्य है। इससे नारायण प्रभृति के नाम को भी उपलक्षण द्वारा जानना होगा।

जिसका अनुशीलन होगा अर्थ से ही उसकी प्राप्ति होगी, इस अभिप्राय से भक्ति शब्द का प्रयोग किया है, न कि कृष्णभक्ति का प्रयोग।

यहाँ पर भक्तिमात्र सिद्धि के लिए विशेषण दिया गया है– आनुकूल्येन; आनुकूल्य है– कृष्ण की रुचिकर प्रवृत्ति। यहाँ पर आनुकूल्येन तृतीया विभक्ति विशेषण में हुआ है, न कि उपलक्षण में। अर्थात् सदा सर्वदा आनुकूल्य रहना चाहिये। कदाचित् नहीं। यथा– शस्त्रधारियों को ले आओ, कहने से जिस प्रकार शस्त्र के साथ ही शस्त्रधारियों को लाया जाता है, उसी प्रकार आनुकूल्य के साथ ही कृष्णानुशीलन करने से भक्ति होगी।

जो भक्ति के स्वरूप में रहेगा उस आनुकूल्य विशेषण को दिखाकर अब भक्ति के उत्तमात्व की सिद्धि के लिए, जो स्वरूप में नहीं रहेगा, बाहर रहेगा, इस प्रकार तटस्थ लक्षण के द्वारा दो विशेषण देते हैं– ज्ञान, कर्म आदि के द्वारा अनावृत होनी चाहिये। यहाँ पर ज्ञान शब्द से आध्यात्मिक ज्ञान को जानना चाहिये। कर्म शब्द से स्मृत्याद्युक्त नित्य-नैमित्तिक दान-व्रतादि कर्म को जानना चाहिए। एवं आदि पद

से आलस्य को ग्रहण करना होगा।

अन्याभिलाषिताशून्यं इत्यादि श्लोक में उत्तमा भक्ति का जो लक्षण वर्णित हुआ है उसकी व्याप्ति भक्ति के प्रथम सोपान साधनभक्ति से लेकर चरम अवस्था महाभाव पर्यन्त तक है॥ ११॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अथ तस्या लक्षणं वदन्नेव ग्रन्थमारभते,– अन्येति। यथा क्रियाशब्देन धात्वर्थमात्रमुच्यते, तथात्रानुशीलनशब्देनापि धात्वर्थमात्रमुच्यते। धात्वर्थश्च द्विविधः; प्रवृत्तिनिवृत्त्यात्मकः। तत्र प्रवृत्त्यात्मकधात्वर्थस्तु कायवाङ्मानसीयतत्तच्चेष्टारूपः। निवृत्त्यात्मकधात्वर्थश्च प्रवृत्तिभिन्नः, प्रीतिविषादात्मको मानसः तत्तद्भावरूपश्च, स च वक्ष्यमाणरतिप्रेमादिस्थायिभावरूपश्च, सेवानामापराधानामुद्भवाभावकारितेत्यादिवचनव्यञ्जितसेवानामापराधाद्यभावरूपश्च। तदेवं सति कृष्णसम्बन्धि कृष्णार्थं वाऽनुशीलनमिति तत्सम्बन्धमात्रस्य तदर्थस्य वा विवक्षिततत्वाद् गुरुपादाश्रयादौ भावरूपस्यापि क्रोड़ीकृततत्वात् रत्यादिस्थायिनि व्यभिचारिभावेषु च नाव्याप्तिः।

एतच्च कृष्णतद्भक्त कृपयैव लभ्यम्, श्रीभगवतः स्वरूपशक्तिवृत्तिरूपं कायादिवृत्तिरूपेणाविर्भूतमेव ज्ञेयम्। अग्रे स्पष्टीकरिष्यते (१-३-१)।

कृष्णशब्दश्चात्र स्वयं भगवतः श्रीकृष्णस्य तद्रूपाणां चान्येषामवताराणां ग्राहकः। तारतम्यमग्रे विवेचनीयम् (२-१-२२०-२२४)।

तत्र भक्तिस्वरूपतासिद्ध्यर्थं विशेषणमाह,– आनुकूल्येनेति, प्रातिकूल्ये भक्तित्वाप्रसिद्धेः। आनुकूल्यञ्चोद्देश्याय श्रीकृष्णाय रोचमाना प्रवृत्तिरित्युक्ते लक्षणेऽतिव्याप्तिरव्याप्तिश्च। तद् यथा– असुरकर्त्तृकप्रहाररूपानुशीलनं युद्धरस उत्साहरतिः श्रीकृष्णाय रोचते; यथोक्तं प्रथम स्कन्धे (भा. १३-२९) मनस्विनामिव सन् संप्रहारः इति। तथा श्रीकृष्णं विहाय दुग्धरक्षार्थं गताया यशोदायास्तादृशानुशीलनं कृष्णाय न रोचते, यथोक्तं श्रीदशमे (भा. ९-६) 'सञ्जातकोपस्फुरितारुणाधरः' इति। तथा च तत्र तत्रातिव्याप्त्यव्याप्तिवारणायानुकूल्यं नाम प्रातिकूल्यशून्यत्वमेव विवक्षणीयम्। एवं सत्यसुरेषु द्वेषरूपप्रातिकूल्यसत्त्वान्नातिव्याप्तिः। एवं यशोदायाः प्रातिकूल्याभावान्नाव्याप्तिरिति बोध्यम्। एतेन विशेषणस्यानुकूल्यस्यैव भक्तित्वमस्तु, भक्तिसामान्यस्यैव कृष्णाय रोचमानत्वाद् विशेष्यस्यानुशीलनपदस्य वैयर्थ्यमित्यपि शङ्का निरस्ता,– तादृश प्रातिकूल्याभावमात्रस्य घटेऽपि सत्त्वात्।

उत्तमात्वसिद्ध्यर्थं विशेषणद्वयमाह,– अन्याभिलाषिताशून्यमित्यादि। कथम्भूतमनुशीलनम्? अन्यस्मिन् भक्त्यतिरिक्तत्त्वे फलत्वेनाभिलाषशून्यम्– 'भक्त्या सञ्जातया भक्त्या' (भा. ११-३-३१) इत्येकादशोक्तेर्भक्त्युद्देश्यकभक्तिकरणमुचितमेवेत्यतोऽन्यस्मिन् खलु भक्त्यतिरिक्त इति। यथात्रान्याभिलाषशून्यत्वं विहायान्याभिलाषस्वभावार्थकताच्छील्यप्रत्ययेन कस्यचिद् भक्तस्य कदाचिदकस्मात् मरणसङ्कटे प्राप्ते 'हे भगवन् भक्तं मामेतद् विपत्तेः सकाशाद् रक्षेति' कदाचित्काभिलाषसत्त्वेऽपि न क्षतिः, यतस्तस्य वैवश्यहेतुकस्वभावविपर्ययेणैव तादृगभिलाषो, न तु स्वाभाविक इति बोध्यम्। पुनः कीदृशम्? ज्ञानकर्माद्यनावृतम्– ज्ञानमत्र निर्भेदब्रह्मानुसन्धानम्; न तु

भजनीयतत्वानुसन्धानमपि, तस्यावश्यापेक्षणीयत्वात्। कर्म्म स्मार्तनित्यनैमित्तिकादि, न तु भजनीयपरिचर्य्यादि, तस्य तदनुशीलनरूपत्वात्। आदिशब्देन यज्ञ-वैराग्य-योग-सांख्याभ्यासादयस्तैरनावृतम्; न तु पूर्ववच्छून्यमित्यर्थः। तेन च भक्त्यावरकाणामेव ज्ञानकर्मादीनां निषेधोऽभिप्रेतः। भक्त्यावरकत्वं नाम विधिशासनान्नित्यकर्माकरणे प्रत्यवायादिभयाच्छ्रद्धया क्रियमाणत्वं, तथा भक्त्यादिरूपेष्टसाधनत्वाच्छ्रद्धया क्रियमाणत्वञ्च। तेन लोकसङ्ग्रहार्थमश्रद्धयापि पित्रादिश्राद्धं कुर्वतां महानुभावानां शुद्धभक्तौ नाव्याप्तिः। अत्र श्रीकृष्णानुशीलनं कृष्णभक्तिरिति वक्तव्ये भगवच्छास्त्रेषु केवलस्य भक्तिशब्दस्य तत्रैव विश्रान्तिरित्यभिप्रायात्तथोक्तम्॥ ११॥

अनुवाद

शुद्धभक्ति का लक्षण करते हुए ग्रन्थ आरम्भ कर रहे हैं।

अन्याभिलाषिता से शून्य, ज्ञान कर्म आदि के द्वारा अनावृत, आनुकूल्य से श्रीकृष्णानुशीलन को उत्तमा भक्ति कहते हैं।

क्रिया शब्द से जिस प्रकार धातु के अर्थ मात्र का बोध होता है, उस प्रकार अनुशीलन शब्द से भी धातुओं के अर्थ मात्र का बोध होता है।

धातु के अर्थ दो प्रकार होते हैं— प्रवृत्ति-निवृत्त्यात्मक। प्रवृत्त्यात्मक धातु के अर्थ काय-वाङ्-मानसीय चेष्टारूप हैं। निवृत्त्यात्मक धातु के अर्थ प्रवृत्ति से भिन्न, प्रीति-विषादात्मक मानसिक उन उन भावरूप हैं, ये आगे कथित रति, प्रेमादि स्थायिभावरूप भी हैं। 'सेवानामापराधानामुद्भवाभावकारितेत्यादि' अर्थात् 'सेवापराध, नामापराध के उद्भव का अभाव' इस प्रकार के वचन से तीसरे 'अभावरूप' धातु के अर्थ की भी सूचना मिलती है।

ऐसा होने पर कृष्ण सम्बन्धि, या कृष्ण के लिए अनुशीलन अथवा कृष्ण से सम्बन्ध मात्र या उनके लिये, ऐसा कहने से गुरुपादाश्रयादि में भावरूप अनुशीलन का भी ग्रहण होने से रति प्रभृति स्थायि भाव एवं व्यभिचारिभाव में लक्षण की अव्याप्ति नहीं होती है।

उक्त लक्षणाक्रान्त उत्तमा भक्ति कृष्ण एवं कृष्ण के भक्त की कृपा से ही मिलती है। यह श्री भगवान् की स्वरूप शक्ति की वृत्तिरूप है, तथा शरीर, इन्द्रिय एवं मन की वृत्तियों में आविर्भूत होती है। इस प्रकार जानना होगा। आगे उसका स्पष्टीकरण होगा।

कृष्ण शब्द से यहाँ पर स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण, उनके रूपों एवं अन्य अवतार समूह को भी जानना होगा। उनके रूपों के बीच में जो तारतम्य है, उसको आगे कहेंगे।

यहाँ पर भक्ति के स्वरूप की स्थापना के लिए विशेषण 'आनुकूल्य से' दिया गया है, प्रतिकूल आचरण होने पर भक्ति नहीं होती है। आनुकूल्य शब्द का अर्थ— 'उद्देश्य श्रीकृष्ण को जो अच्छा लगे उस प्रकार आचरण करना' कहने से भक्ति लक्षण में अतिव्याप्ति और अव्याप्ति दोष होगा। ये इस प्रकार से हैं— असुरों के द्वारा प्रहार रूप अनुशीलन युद्ध रस है, उत्साह रति है। श्रीकृष्ण को अच्छा लगता है। श्रीमद्भागवत के १-१३-२९ में उक्त है—

पतिं प्रयान्तं सुबलस्य पुत्री पतिव्रता चानुजगाम साध्वी।
हिमालयं न्यस्तदण्डप्रहर्षं मनस्विनामिव सत्सम्प्रहार:॥

जब परम पतिव्रता सुबल नन्दिनी गान्धारी ने देखा कि मेरे पतिदेव तो उस हिमालय की यात्रा कर रहे हैं, जो संन्यासियों को वैसा ही सुख देता है जैसा वीर पुरुषों को लड़ाई के मैदान में अपने शत्रु के द्वारा किये हुए न्यायोचित प्रहार से होता है, तब वे भी उनके पीछे-पीछे चल पड़ीं।

श्रीकृष्ण को छोड़कर दुग्ध रक्षा के लिए यशोदा का चला जाना रूप अनुशीलन कृष्ण को अच्छा नहीं लगा। श्रीमद्भागवत के १०-९-६ में उक्त है–

सञ्जातकोप: स्फुरितारुणाधरं संदश्य दद्भिर्दधिमन्थभाजनम्।
भित्त्वा मृषाश्रुर्दृषदश्मना रहो जघास हैयङ्गवमन्तरं गत:॥

इससे श्रीकृष्ण को कुछ क्रोध आ गया। उनके लाल-लाल होठ फड़कने लगे। उन्हें दाँतों से दबाकर उन्होंने पास ही पड़े हुए लोढ़े से दही का मटका फोड़ डाला, बनावटी आँसू आँखों में भर लिये और दूसरे घर में जाकर अकेले में पुराना माखन खाने लगे।

यहाँ आनुकूल्य शब्द का अर्थ– 'उद्देश्य श्रीकृष्ण को जो अच्छा लगे उस प्रकार आचरण करना' कहने से पूर्वोक्त श्लोकद्वय में असुरों एवं यशोदा में क्रमश: अति व्याप्ति अव्याप्ति दोष सिद्ध हो रहा है, अत: दोष निवारण करने के लिए आनुकूल्य शब्द से प्रातिकूल्यशून्यत्व ही जानना चाहिये। ऐसा होने पर असुरों में विद्वेष रूप प्रातिकूल्य होने के कारण अति व्याप्ति नहीं हुई अर्थात् भक्ति लक्षण लागू नहीं हुआ। यशोदा में प्रातिकूल्य न रहने के कारण अव्याप्ति नहीं हुई अर्थात् भक्ति लक्षण गया है। इस प्रकार जानना होगा।

आनुकूल्य शब्द से 'प्रातिकूल्यशून्यत्वं' कहने से– "विशेषण आनुकूल्य ही भक्ति है, क्योंकि भक्ति सामान्य ही कृष्ण को रोचक लगती है, अतएव विशेष्य अनुशीलन पद व्यर्थ है" यह आशंका भी निरस्त हो जाती है, क्योंकि वैसा प्रातिकूल्याभावमात्र तो घट में भी होने से उसमें भक्ति का लक्षण अतिव्याप्त होगा, किन्तु इससे ऐसा नहीं कह सकते हैं कि उसमें भक्ति विद्यमान है। अतएव विशेष्य अनुशीलनपद अति आवश्यक है।

भक्ति के उत्तमात्व को स्थापित करने के लिए दो विशेषण देते हैं– अन्याभिलाषिता शून्यम् इत्यादि। किस प्रकार का अनुशीलन होना चाहिये? भक्ति के अतिरिक्त अन्य फल पाने की अभिलाषा से शून्य होना चाहिये। श्रीमद्भागवत के ११-३-३१ में उक्त है–

स्मरन्त: स्मारयन्तश्च मिथोऽघौघहरं हरिम्।
भक्त्या सञ्जातया भक्त्या बिभ्रत्युत्पुलकां तनुम्॥

हे राजन्! इस प्रकार वे भक्तगण राशि-राशि पापों को एक क्षण में भस्म कर देने वाले श्रीहरि को स्मरण करते हुए और एक-दूसरे को स्मरण कराते हुए, साधन-भक्ति के अनुष्ठान से सञ्जात प्रेमभक्ति के उद्रेक से पुलकित-शरीर धारण करते हैं।

इस प्रकार भक्ति के लिए ही भक्ति का अनुष्ठान करना उचित है, भक्ति के अतिरिक्त अन्य फल हेतु भक्ति करना ठीक नहीं है।

यहाँ श्लोक में अन्याभिलाष शून्यत्व को छोड़कर अन्याभिलाष में स्वभावार्थक तद्धित का ताच्छील्य प्रत्यय प्रयोगकर अन्याभिलाषिता शब्द प्रयुक्त हुआ है। ऐसा होने से किसी भक्त का कदाचित् अकस्मात् मरण संकट उपस्थित होने पर उसकी उक्ति यदि इस प्रकार होती है– "हे भगवान् मुझ भक्त की इस विपत्ति से रक्षा करो" इस प्रकार कदाचित् अभिलाष होने पर भी क्षति अर्थात् शुद्ध भक्ति की हानि नहीं होगी, क्योंकि विवशता के कारण स्वभाव विपर्यय हो जाने से उस प्रकार अभिलाषा हुई है, न कि स्वाभाविक, ऐसा जानना चाहिये।

पुन: यह अनुशीलन किस प्रकार होना चाहिये? कहते हैं– ज्ञान,कर्मादि से ढका हुआ नहीं होना चाहिये। यहाँ ज्ञान से निर्भेद ब्रह्मानुसन्धान रूप ज्ञान जानना होगा, न कि भजनीय तत्त्व के अनुसन्धान को, क्योंकि भक्ति में उसकी अपेक्षा है। कर्म से स्मृति शास्त्रों में लिखित नित्य नैमित्तिक कर्मों को जानना होगा, न कि भजनीय के परिचर्यादि रूप कर्म को, यह कर्म श्रीकृष्णानुशीलनरूप होता है। आदि शब्द से यज्ञ, वैराग्य, योग, सांख्य के अभ्यास को जानना होगा। इन सबों के द्वारा अनुशीलन आवृत नहीं होना चाहिये, न कि पूर्ववत् अन्याभिलाषिताशून्यम् के तरह कर्म, ज्ञानादि शून्य।

यहाँ पर भक्ति के आवरक ज्ञान-कर्मों का ही निषेध करना अभिप्राय है। ज्ञान-कर्म मात्र का नहीं। उक्त ज्ञान कर्म भक्ति का आवरक कैसे होते हैं? कहते हैं– विधि के अनुशासन से नित्यकर्म न करने से होने वाले प्रत्यवाय आदि के भय से श्रद्धापूर्वक यदि उन कर्मों को करते हैं तब भक्ति आवृत हो जाएगी, तथा भक्ति आदि इष्ट साधन के लिए श्रद्धा से इन कर्मों को करने पर भक्ति इनसे आवृत हो जायेगी। किन्तु लोक संग्रह (शिक्षा) के लिए अर्थात् मेरे आचरण को देखकर अन्य लोक भी (जो शुद्धभक्ति में श्रद्धा रहित हैं) कर्म करें, इस प्रकार कर्त्तव्य बुद्धि से श्रद्धा रहित होकर पितृ-श्राद्धादि कर्म करने से इन महानुभावगणों की शुद्ध भक्ति की हानि नहीं होगी, अर्थात् शुद्ध भक्ति का लक्षण उन सबों में लागू होगा।

यहाँ श्लोक में 'श्रीकृष्णानुशीलनं कृष्णभक्तिः' इस प्रकार कथन ठीक होने पर भी भगवत् शास्त्रों में केवल भक्ति शब्द का प्रयोग श्रीकृष्ण भक्ति में ही पर्यवसित हुआ है, इसी अभिप्राय से केवल भक्ति शब्द का प्रयोग किया गया है॥ ११॥

यथा श्रीनारदपञ्चरात्रे–

''सर्वोपाधिविनिर्म्मुक्तं तत्परत्वेन निर्म्मलम्।
हृषीकेण हृषीकेशसेवनं भक्तिरुच्यते ॥'' **(१२)**

अनुवाद

इसी प्रकार से श्रीनारदपञ्चरात्र में कहा गया है–

समस्त उपाधियों से रहित, निर्मल, भगवत्परायण होकर, इद्रियों के द्वारा हृषीकेश के सेवन को भक्ति कहते हैं॥ १२॥

दुर्गमसङ्गमनी

तत्परत्वेन आनुकूल्येन, सर्वेत्यन्याभिलाषिताशून्यं, सेवनमनुशीलनं, निर्म्मलं ज्ञानकर्माद्यनावृतम्।

अत उत्तमात्वं स्वत एवोक्तम्॥ १२॥

अनुवाद

तत्परत्वेन से आनुकूल्येन को समझना होगा। सर्वोपाधिविनिर्म्मुक्तं से अन्याभिलाषिताशून्यं को जानना चाहिए। सेवनं से अनुशीलनं को जानना चाहिए। निर्मलं शब्द ज्ञानकर्माद्यनावृतम् के समान है। अतएव श्लोक में उत्तमा शब्द प्रयुक्त न होने पर भी स्वत: ही भक्ति का उत्तमात्व कथित हुआ है॥ १२॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

हृषीकेणेत्येतद्देहान्त:करणयोरुपलक्षणम्; सेवनशब्दस्य ज्ञानादिशून्यमनुकूलताचरणमेव यद्यपि मुख्यार्थस्तथापि भक्तेर्विशदार्थं देहादिव्यापाररूपो गौणार्थ एव गृहीत:; 'भक्ति: सेवा भगवत' इत्यादिषु सेवेत्यादिपदं मुख्यार्थपरम्; तत्परत्वेनानुकूल्येन निर्म्मलं ज्ञानकर्म्माद्यनावृतम्। अत उत्तमात्वं स्वत एव व्यक्तम्॥ १२॥

अनुवाद

हृषीकेण अर्थात् इन्द्रियों से देह और अन्त:करण को भी जानना होगा। सेवन शब्द से ज्ञानादि शून्य अनुकूल आचरण ही यद्यपि मुख्यार्थ है, तथापि भक्ति का विस्तार करने के लिए देहादि व्यापाररूप गौणार्थ का ही ग्रहण हुआ है। 'भक्ति:– सेवा भगवान की', इत्यादि कथन में सेवा पद मुख्यार्थपर है। तत्परत्वेन शब्द समान है– आनुकूल्येन के। निर्मल शब्द समान है – लक्षण में कथित ज्ञानकर्म्माद्यनावृतम् के। अतएव श्लोक में उत्तमा शब्द प्रयुक्त न होने पर भी स्वत: ही भक्ति का उत्तमात्व व्यक्त हुआ है॥ १२॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

सर्वेति। हृषीकेण इन्द्रियेण तत्परत्वेनानुकूल्यम्; सर्वेत्यन्याभिलाषिताशून्यम्। सेवनमनुशीलनं; निर्म्मलं ज्ञानकर्माद्यनावृतम्। अत उत्तमात्वं स्वत-एव व्यक्तम्॥१२॥

अनुवाद

ग्रन्थकार का–

अन्याभिलाषिता शून्यं ज्ञानकर्माद्यनावृतम्।
आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा॥

यह लक्षण श्रीनारदपञ्चरात्र के 'सर्वेत्यादि' श्लोकोक्त लक्षण से पुष्ट होता है। हृषीकेण शब्द से इन्द्रियों का बोध होता है, तत्परत्वेन शब्द से आनुकूल्य का बोध होता है। सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं शब्द से अन्याभिलाषिताशून्यं का बोध होता है। सेवनं शब्द से अनुशीलनं का बोध होता है। निर्मलं शब्द से ज्ञानकर्माद्यनावृतम् का बोध होता है। इस प्रकार भक्ति का उत्तमात्त्व स्वत: प्राप्त हुआ॥ १२॥

श्रीभागवतस्य तृतीयस्कन्धे च (३-२९-१२-१४)–

"अहैतुक्यव्यवहिता या भक्ति: पुरुषोत्तमे॥ (१३)
सालोक्य-सार्ष्टि-सामीप्य-सारूप्यैकत्वमप्युत।

दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः॥ (१४)
स एव भक्तियोगाख्य आत्यन्तिक उदाहृतः॥'' इति। (१५)

अनुवाद

श्रीमद्भागवत के तृतीय स्कन्ध में (३-२९-११ से १४) कथित है—

मद्‌गुण श्रुतिमात्रेण मयि सर्व गुहाशये।
मनो गतिरविच्छिन्ना यथा गङ्गाम्भसोऽम्बुधौ॥
लक्षणं भक्तियोगस्य निर्गुणस्य ह्युदाहृतम्।
अहैतुक्यव्यवहिता या भक्तिः पुरुषोत्तमे॥
सालोक्य सार्ष्टि सामीप्य सारूप्यैकत्वमप्युत।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः॥
स एव भक्तियोगाख्य आत्यन्तिक उदाहृतः।
येनातिव्रज्य त्रिगुणं मद्‌भावायोपपद्यते॥

जिस प्रकार गङ्गा का प्रवाह अखण्ड रूप से समुद्र की ओर बहता रहता है, उसी प्रकार मेरे गुणों के श्रवण मात्र से मन की गति का अविच्छिन्न रूप से मुझ सर्वान्तर्यामी के प्रति हो जाना, तथा मुझ पुरुषोत्तम में निष्काम और अव्यवहित भक्ति होना, ये निर्गुण भक्तियोग के लक्षण कहे गये हैं।

ऐसे निष्काम भक्त, दिये जाने पर भी मेरी सेवा को छोड़कर सालोक्य, सार्ष्टि, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य मोक्ष नहीं लेते हैं।

यह भक्तियोग ही परम पुरुषार्थ कहा गया है। इसके द्वारा पुरुष तीनों गुणों को लाँघकर मेरे भाव को अर्थात् मेरे प्रेम को प्राप्त हो जाता है॥ १३-१५॥

दुर्गमसङ्गमनी

अहैतुकीति। अत्राहैतुकीति अन्याभिलाषिताशून्या, अव्यवहिता ज्ञानकर्म्माद्यनावृता, भक्तिर्भावरूपा, तथाऽप्येतदव्यभिचारिणी क्रियारूपाऽपि लक्ष्यते॥ १३॥

अहैतुकीत्वमेव विशेषेण दर्शयति— सालोक्येति। यस्यामिति शेषः। आत्यन्तिकः परमपुरुषार्थः इत्यर्थः॥ १४,१५॥

अनुवाद

श्लोकोक्त अहैतुकी शब्द का अभिप्राय है— अन्याभिलाषिताशून्यम्। अव्यवहिता शब्द का अभिप्राय है— ज्ञानकर्माद्यनावृतम्। यहाँ पर भक्ति का अभिप्राय भावरूपा भक्ति से है, तथापि यह अव्यभिचारिणी क्रियारूपा (चेष्टारूपा) भक्ति को भी लक्ष्य करती है॥ १३॥

निर्गुण भक्तियोग के अहैतुकीत्व को दिखाने के लिए कहते हैं— सालोक्येति श्लोक। विशेष रूप से यस्याम् 'जिस भक्ति के प्राप्त होने पर' इतना और जोड़ लेना चाहिये। आत्यन्तिक शब्द का अभिप्राय है— परमपुरुषार्थ॥ १४,१५॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अहैतुकीति, पुरुषोत्तमे भक्तिः— आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनम्; अहैतुकी अन्याभिलाषिताशून्या, अव्यवहिता ज्ञानकर्माद्यनावृता। अहैतुकीत्वमेव विशेषेण दर्शयति— सालोक्येति पद्येन। या अहैतुक्यादिलक्षणा भक्तिः स एव भक्तियोग उदाहृत इत्यन्वयः। आत्यन्तिकः स्वतो वीर्यवत्तमतयोत्तमः॥ १३-१५॥

अनुवाद

पुरुषोत्तमे भक्तिः से आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनम् को जानना होगा। अहैतुकी शब्द से अन्याभिलाषिताशून्य और अव्यवहिता से ज्ञानकर्माद्यनावृत भक्ति को जानना होगा।

निर्गुण भक्तियोग के अहैतुकीत्व को विशेष रूप से दिखाने के लिए कहते हैं— ऐसे निष्काम भक्त, दिये जाने पर भी मेरी सेवा को छोड़कर सालोक्य, सार्ष्टि, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य मोक्ष नहीं लेते हैं।

जो अहैतुक्यादि लक्षणा भक्ति है वही भक्तियोग है। इस प्रकार अन्वय होगा।

आत्यन्तिकः कहने से स्वतः ही बलवान् होने के कारण उत्तम है॥ १३-१५॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अहैतुकीति; अत्राहैतुकी— अन्याभिलाषिताशून्या; अव्यवहिता— ज्ञानकर्म्माद्यनावृता। अहैतुकीत्वमेव विशेषेण दर्शयति— सालोक्येति। यस्यां भक्तौ सत्यामिति शेषः। सालोक्यं— भगवता सह एकस्मिन् लोके वासः, सार्ष्टिः— समानैश्वर्यम्, सारूप्यं— समानरूपत्वम्। सामीप्यं— निकटवर्त्तित्वम्; एकत्वं— सायुज्यम्। आत्यन्तिकः परमपुरुषार्थ इत्यर्थः॥१३-१५॥

अनुवाद

अन्याभिलाषिताशून्या को यहाँ पद्य में अहैतुकी शब्द से कहते हैं। ज्ञानकर्माद्यनावृता को अव्यवहिता शब्द से कहते हैं।

अहैतुकीत्व को दिखाते हैं— सालोक्यादि पद्य के द्वारा। ऐसे निष्काम भक्त, दिये जाने पर भी सालोक्य, सार्ष्टि, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य मोक्ष नहीं लेते हैं। 'जिस भक्ति के प्राप्त होने पर' यह बाहर से लगाना होगा। यहाँ सालोक्य का अर्थ है— भगवान् के साथ एक लोक में रहना। सार्ष्टि का अर्थ है— भगवान् के समान ऐश्वर्य प्राप्त करना। सारूप्य का अर्थ है— भगवान् के रूप के समान रूप को प्राप्त करना। सामीप्य का अर्थ है— भगवान् के पास में रहना। और एकत्व का अर्थ है— सायुज्य अर्थात् भगवान् के साथ मिल जाना।

आत्यन्तिक का अर्थ परमपुरुषार्थ है॥ १३-१५॥

सालोक्येत्यादिपद्यस्थभक्तोत्कर्षनिरूपणम्।
भक्तेर्विशुद्धताव्यक्त्या लक्षणे पर्य्यवस्यति॥ (१६)

अनुवाद

सालोक्य इत्यादि पद्य स्थित भक्त का उत्कर्ष निरूपण भक्ति की विशुद्धता व्यक्त करने के कारण भक्ति के लक्षण में पर्यवसित हुआ है॥ १६॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

ननु भक्तानामुत्कर्षनिरूपकं सालोक्येत्यादिपद्यं कथं भक्तिलक्षणेनोदाहृतम्? तत्राह– सालोक्य इति। सालोक्य इत्यादिपद्यन्तु मध्यस्थमपि नोद्धृतम्, भक्तमाहात्म्यवाचित्वात् नात्र स्यादुपयोगि तत्। यतोऽस्मिन् भक्तेऽन्याभिलाषिताशून्या शुद्धा भक्तिरस्त्यतोऽयं सालोक्यादिकं न गृह्णाति; तस्मादेतत् पद्यस्थं भक्तोत्कर्षनिरूपणं भक्तेर्विशुद्धता-व्यक्तिद्वारा लक्षणे पर्यवस्यति॥ १६॥

अनुवाद

सालोक्य इत्यादि पद्य भक्तों का उत्कर्ष निरूपक है, फिर उत्तमा भक्ति लक्षण में उसका उल्लेख क्यों किया गया है? इसके लिए कहते हैं– सालोक्य इत्यादि पद्य। सालोक्य इत्यादि पद्य दो श्लोकों के मध्य स्थित होने पर भी उठाया नहीं गया, भक्त माहात्म्यवाची होने से भक्ति लक्षण में उसकी उपयोगिता नहीं है। कारण– इस भक्ति लक्षण में अन्याभिलाषिताशून्या शुद्धा भक्ति का कथन हुआ है, इसलिए सालोक्यादि पद्य का ग्रहण नहीं किया गया है। इसलिए पद्य में भक्तों के उत्कर्ष निरूपण के द्वारा भक्ति का उत्कर्ष निरूपण होकर, अन्याभिलाषिताशून्यं ज्ञानकर्माद्यनावृतं, आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा लक्षण सिद्ध होगा॥ १६॥

क्लेशघ्नी शुभदा मोक्षलघुताकृत् सुदुर्ल्लभा ।
सान्द्रानन्दविशेषात्मा श्रीकृष्णाकर्षिणी च सा॥ (१७)

अनुवाद

वह (उत्तमा भक्ति) क्लेशों को नाश करने वाली, शुभदायिनी, मोक्ष को भी तुच्छ करने वाली, सुदुर्ल्लभा, सान्द्रानन्द विशेषात्मा एवं श्रीकृष्णाकर्षिणी है॥ १७॥

दुर्गमसङ्गमनी

अथ वैशिष्ट्यं कथयितुमिति यदुक्तं तदेव संक्षिप्य दर्शयति– क्लेशघ्नीति॥ १७॥

अनुवाद

दशम श्लोक में 'उत्तमा भक्ति के वैशिष्ट्य को कहने के लिए' इत्यादि जो कहा गया है, उसी को संक्षेप में क्लेशघ्नी इत्यादि के द्वारा दिखा रहे हैं॥१७॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अस्या महिमानं दर्शयति– क्लेशघ्नीत्यादिना॥ १७॥

अनुवाद

उत्तमा भक्ति की महिमा को क्लेशघ्नी इत्यादि श्लोक के द्वारा दिखा रहे हैं॥ १७॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अत्र वैशिष्ट्यं कथयितुमिति यदुक्तं तदेव संक्षिप्य दर्शयति— क्लेशघ्नीति। तत्र साधनभक्तिः क्लेशघ्नीरूपा शुभदारूपा च। भावभक्तिर्मोक्षलघुताकृद्रूपा सुदुर्ल्लभारूपा च। साध्यप्रेमभक्तिः सान्द्रानन्दविशेषात्मारूपा श्रीकृष्णाकर्षिणीरूपा चेत्यग्रे व्यक्तीकरिष्यतीति; वायु आदि भूतचतुष्टयवत् तत्र तत्र तत्तदन्तर्भाव इति॥ १७॥

अनुवाद

भक्ति का वैशिष्ट्य कहने के लिए लक्षण कर रहा हूँ, यह जो दशम श्लोक में कहा है उसको संक्षेप में दिखाते हैं— क्लेशघ्नी इत्यादि श्लोक से।

साधनभक्ति क्लेशघ्नीरूपा और शुभदारूपा है। भाव भक्ति मोक्षलघुताकृद्रूपा तथा सुदुर्ल्लभारूपा है। साध्य प्रेमभक्ति सान्द्रानन्दविशेषात्मारूपा और श्रीकृष्णाकर्षिणीरूपा है। इसका वर्णन विस्तार रूप से आगे किया जाएगा।

वायु आदि भूतचतुष्टय जिस प्रकार उत्तरोत्तर भूत में अन्तर्भूत होते हैं, उसी प्रकार पूर्व-पूर्व का अन्तर्भाव पर-पर में होगा। (कहने का अभिप्राय यह है कि— साधनभक्ति क्लेशघ्नीरूपा और शुभदारूपा है। भावभक्ति क्लेशघ्नीरूपा, शुभदारूपा, मोक्षलघुताकृद्रूपा तथा सुदुर्ल्लभारूपा है। तथा साध्य प्रेमभक्ति क्लेशघ्नीरूपा, शुभदारूपा, मोक्षलघुताकृद्रूपा, सुदुर्ल्लभारूपा, सान्द्रानन्दविशेषात्मारूपा और श्रीकृष्णाकर्षिणीरूपा है।)॥ १७॥

तत्रास्याः क्लेशघ्नत्वम्—

क्लेशस्तु पापं तद्बीजमविद्या चेति ते त्रिधा॥ (१८)

अनुवाद

भक्ति के क्लेशघ्नत्व को कहते हैं—

क्लेश तीन प्रकार के होते हैं— पाप, पाप का बीज और अविद्या॥ १८॥

तत्र पापम्—

अप्रारब्धं भवेत् पापं प्रारब्धं चेति तद् द्विधा॥ (१९)

अनुवाद

उसमें पाप को कहते हैं—

पाप दो प्रकार के होते हैं— प्रारब्ध एवं अप्रारब्ध। (जिसका फल देना शुरु हुआ है उसको प्रारब्ध कहते हैं। और जिसका फल देना आरम्भ नहीं हुआ है, उसको अप्रारब्ध कहते हैं)॥ १९॥

तत्राप्रारब्धहरत्वं यथैकादशे— (११-१४-१९)—

यथाऽग्निः सुसमृद्धार्च्चिः करोत्येधांसि भस्मसात्।
तथा मद्विषया भक्तिरुद्धवैनांसि कृत्स्नशः ॥ (२०)

अनुवाद

भक्ति के प्रारब्धहरत्व का वर्णन एकादश स्कन्ध (भा. ११-१४-१९) में इस प्रकार है—

उद्धव! जैसे धधकती हुई अग्नि, लकड़ियों के बड़े ढेर को भी जलाकर खाक कर देती है, वैसे ही मेरी भक्ति भी समस्त पापराशि (संचित अप्रारब्ध पाप) को पूर्ण रूप से जला डालती है॥ २०॥

दुर्गमसङ्गमनी

पाकाद्यर्थं प्रज्वालितोऽग्निर्यथा काष्ठानि भस्मीकरोति तथा मद्विषया भक्तिर्यथा कथञ्चित् श्रवणादिलक्षणा समस्तानि पापानि दहतीति॥ २०॥

अनुवाद

पाकादि के लिए प्रज्वालित अग्नि जिस प्रकार काष्ठ समूह को जलाकर भस्म कर देती है, उसी प्रकार मद्विषयक यथा कथञ्चित् श्रवणादि लक्षणा भक्ति समस्त पापराशि को जला देती है॥ २०॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

यथाग्निरिति,— सुसमृद्धार्चिरिति विशेषणम्, स्वल्पापि भक्तिः सुसमृद्धाग्निसमेति दर्शयति,— कृष्णाय नो नमति यच्छिर एकदापि (भा. ६-३-२९) इत्यादेः॥ २०॥

अनुवाद

सुसमृद्धार्चिः पद अग्नि का विशेषण है। थोड़ी सी भी भक्ति उत्तम रूप से प्रज्वलित अग्नि के समान है। इसका उदाहरण श्रीमद्भागवत के ६-३-२९ में इस प्रकार है—

जिह्वा न वक्ति भगवद्गुणनामधेयं चेतश्च न स्मरति तच्चरणारविन्दम्।
कृष्णाय नो नमति यच्छिर एकदापि तानानयध्वमसतोऽकृतविष्णुकृत्यान्॥

जिनकी जीभ भगवान् के गुणों और नामों का उच्चारण नहीं करती, जिनका चित्त उनके चरणारविन्दों का स्मरण नहीं करता, और जिनका सिर एक बार भी भगवान् श्रीकृष्ण के चरणों में नहीं झुकता, भगवान् से विमुख उन पापियों को मेरे पास लाया करो॥ २०॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

कृत्स्नशः एनांसि समस्तपापानि॥ २०॥

अनुवाद

भक्ति समस्त पापों को पूर्णरूप से विनष्ट कर देती है॥ २०॥

प्रारब्धहरत्वं यथा तृतीये (३-३३-६)—

यन्नामधेयश्रवणानुकीर्त्तनाद्यत्प्रह्वणाद्यत्स्मरणादपि क्वचित् ।
श्वादोऽपि सद्यः सवनाय कल्पते, कुतः पुनस्ते भगवन्नु दर्शनात्॥ (२१)

अनुवाद

प्रारब्धहरत्व का वर्णन श्रीमद्भागवत के स्कन्ध तीन (३-३३-६) में इस प्रकार है—

भगवन्! आपके नामों का श्रवण या कीर्त्तन करने से, तथा भूले भटके कभी-कभी आपका वन्दन या स्मरण करने से कुत्ते का माँस खाने वाला चाण्डाल भी तत्काल सोमयाजी ब्राह्मण के समान पूज्य हो जाता है, फिर आपका दर्शन करने से मनुष्य कृत कृत्य हो जाय, इसमें तो कहना ही क्या है॥ २१॥

दुर्गमसङ्गमनी

यन्नामेति। श्वादत्वमत्र श्वभक्षकजातिविशेषत्वमेव, श्वानमत्तीति निरुक्तौ वर्तमानप्रयोगात्, क्रव्यादवत्तच्छीलत्वप्राप्तेः। कादाचित्कश्वभक्षणप्रायश्चित्तविवक्षायां त्वतीतप्रयोगः क्रियते, 'रूढिर्योगमपहरतीति' न्यायेन च तद्विरुध्येत। अतएव श्वपच इति तैः स्वामिचरणैर्व्याख्यातं, ततश्चास्य भगवन्नामश्रवणाद्येकतरात् सद्य एव सवनयोग्यतायाः प्रतिकूलदुर्जातित्वप्रारम्भकप्रारब्धपापनाशपूर्वकसवनयोग्यजातित्वजनकपुण्यलाभः प्रतिपद्यते। ब्राह्मणानां शौक्रे जन्मनि दुर्जातित्वाभावेऽपि सवनाय सुजातित्वजनक-सावित्रजन्मापेक्षावत्। तस्माद् "भक्तिः पुनाति मन्निष्ठा श्वपाकानपि सम्भवाद्" इति (भा. ११-१४-२१) तु कैमुत्यार्थमेव प्रोक्तमित्यायाति॥ २१॥

अनुवाद

श्वादत्व (कुत्ते का माँस खाने वाला) कहने से कुत्ते का माँस खाने वाली जाति विशेष को ही जानना होगा, क्योंकि 'श्वानमत्तीति' इस निरुक्ति से अर्थात् 'कुत्ता खाता रहता है' इसमें वर्त्तमान काल प्रयोग हेतु क्रव्याद (कच्चा मांस खाने वाला) शब्द के समान 'कुत्ता का माँस खाने का स्वभाव है जिसका' प्राप्त होता है।

कदाचित् कुत्ते का माँस खाने के प्रायश्चित्त की बात होने पर अत्ति के स्थान पर अतीत काल का प्रयोग होता। नियम है 'रूढिर्योगमपहरति'— रूढ़ि अर्थात् शब्द का प्रसिद्ध अर्थ उसके यौगिक अर्थ को बाध देता है। इस नियम से श्वाद शब्द का 'कदाचित् कुत्ते का माँस खाने वाला' अर्थ बाधित हुआ। इसीलिए श्रीधरस्वामीपाद श्वाद की टीका करते हुए कहते हैं— श्वाद— श्वपच अर्थात् कुत्ते का माँस पकाने वाला, इससे कुत्ते का माँस खाने वाली जाति विशेष की ही सूचना मिलती है। ऐसा होने से श्वाद के द्वारा भगवान् के नामों का श्रवण या कीर्त्तन करने से तथा भूले-भटके कभी-कभी वन्दन या स्मरण करने से तत्काल सवनयोग्यता हेतु प्रतिकूल दुर्जातित्व प्रारम्भक प्रारब्धपाप विनष्ट होकर सवनयोग्यजातित्वजनक पुण्य लाभ होता है।

जिस प्रकार ब्राह्मण के शुक्र से जन्म लेने पर भी ब्राह्मण बालक का याग करने का अधिकार नहीं होता है, याग करने के अधिकार के लिए उपनयन संस्कार, सावित्र जन्म एवं शिक्षा की अपेक्षा है, उसी प्रकार नाम ग्रहण रूप भक्ति के द्वारा दुर्जाति आरम्भक पाप नाश होने पर भी यागकर्म के लिए द्विज होना अर्थात् पवित्र जन्म, सावित्र जन्म एवं यागोचित शिक्षा की आवश्यकता है।

इसी प्रकार श्रीमद्भागवत के ११-१४-२१ में कैमुत्य के लिए कहा गया है—

भक्त्याहमेकया ग्राह्यः श्रद्धयात्मा प्रियः सताम्।
भक्तिः पुनाति मन्निष्ठा श्वपाकानपि सम्भवात्॥

मैं सन्तों का प्रियतम आत्मा हूँ, मैं अनन्य श्रद्धा और अनन्य भक्ति से पकड़ में आता हूँ। मुझे प्राप्त करने का यह एकमात्र उपाय है। मेरी अनन्य भक्ति जन्म से चाण्डाल लोकों को भी पवित्र कर निम्नजाति दोष से मुक्त कर देती है।

इस प्रकार कैमुत्य न्याय से सिद्ध होता है कि जब भगवान् के नामों का श्रवण या कीर्त्तन करने से तथा भूले-भटके कभी-कभी उनका वन्दन या स्मरण करने से कुत्ते का माँस खाने वाला चाण्डाल भी तत्काल सोमयाजी ब्राह्मण के समान पूज्य हो जाता है, फिर भगवान् के दर्शन करने से मनुष्य कृतकृत्य हो जाता है, इसमें तो कहना ही क्या है, अर्थात् वह हर प्रकार से कृतकृत्य हो जाता है॥ २१ ॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

यदिति; श्वादो यतोऽन्यो नीचो नास्ति सोऽपि कल्पते समर्थो भवति सद्यस्तस्मिन्नेव क्षणे वैधर्म्ये ब्राह्मणस्य सुरापाने सद्यः पातित्यवन्नातिचित्रमिदम्॥ २१ ॥

अनुवाद

कुक्कुर माँस भोजी से नीच और कोई नहीं होता है, वह भी भगवन्नामादि ग्रहण करने से तत्काल सोमयाजी ब्राह्मण के समान पूज्य हो जाता है। जिस प्रकार ब्राह्मण मदिरा पान करने से तत्काल पतित हो जाता है उसी प्रकार कुत्ता का माँस खाने वाला चाण्डाल भगवान् के नामों का श्रवण या कीर्त्तन करने से तत्काल सोमयाजी ब्राह्मण के समान पूज्य हो जाता है, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है॥ २१ ॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

यन्नामेति— यत्प्रह्वणाद् यस्य नमस्कारात् श्वादोऽपि सवनाय कल्पते यागयोग्यो भवति॥ २१ ॥

अनुवाद

जिनको नमस्कार करने से चाण्डाल भी सवन याग करने के योग्य होता है॥ २१ ॥

दुर्जातिरेव सवनायोग्यत्वे कारणं मतम् ।
दुर्जात्यारम्भकं पापं यत्स्यात् प्रारब्धमेव तत्॥ (२२)

अनुवाद

यागकर्म में अयोग्यता का कारण दुर्जाति ही कहा गया है, और दुर्जाति को आरम्भ करने वाला जो पाप है, वह प्रारब्ध पाप है॥ २२ ॥

दुर्गमसङ्गमनी

तस्माद् दुर्जातिरेवेत्यत्र सवनायोग्यत्वे कारणमिति तद्योग्यता-प्रतिकूल-पापमयीत्यर्थः। न तु तद्योग्यत्वाभावमात्रमयीति, ब्राह्मणानां शौक्रे जन्मनि दुर्जातित्वाभावेऽपि सवनयोग्यत्वाय पुण्यविशेषमयसावित्रजन्मसापेक्षत्वात्। ततश्च सवनयोग्यत्वप्रतिकूलदुर्जात्यारम्भकं प्रारब्धमपि गतमेव, किन्तु शिष्टाचाराभावात् सावित्रं जन्म नास्तीति ब्राह्मणकुमाराणां

सवनयोग्यत्वाभावावच्छेदकपुण्यविशेषमयसावित्रजन्मापेक्षावदस्य जन्मान्तरापेक्षा वर्त्तत इति भावः। अतः प्रमाणवाक्येऽपि 'सवनाय कल्पते' सम्भावितो भवति, न तु तदैवाधिकारी स्यादित्यभिप्रेतम्। व्याख्यातञ्च तैः सद्यः सवनाय सोमयागाय कल्पते। अनेन पूज्यत्वं लक्ष्यत इति। तदेवं दुर्जात्यारम्भकस्य पापस्य सद्योनाशे वचनादवगते दुःखारम्भकस्यापि नाशस्तु भक्त्यावृत्त्या सम्भावित इति सर्वप्रारब्धपापहारितायामिदमुदाहरणं युक्तमेव। यथोक्तं विष्णुसहस्रनामस्तोत्रे— 'न वासुदेवभक्तानामशुभं विद्यते क्वचित्। जन्ममृत्युजराव्याधिर्भयं वाप्युपजायत' इति॥ २२॥

अनुवाद

इसलिए यहाँ दुर्जाति को याग करने की अयोग्यता का कारण कहने से यह जानना चाहिए कि दुर्जाति याग करने की योग्यता का प्रतिकूल अर्थात् पापमय होता है। यह नहीं समझना चाहिए कि यह याग करने की योग्यता का अभावमात्रमय है, अर्थात् यागकर्म में अयोग्यता का एकमात्र कारण स्वरूप है, क्योंकि ब्राह्मण के शुक्र से जन्म होने से दुर्जाति का अभाव होने पर भी ब्राह्मणकुमार को सवनयोग्यता के लिए पुण्यविशेषमय सावित्र जन्म की अपेक्षा होती है।

भगवन्नामादि ग्रहण करने से सवन याग की योग्यता का प्रतिकूल दुर्जाति को आरम्भ करने वाला प्रारब्ध पाप तत्क्षण नष्ट हो जाता है, किन्तु शिष्टाचार के अभाव से सावित्र जन्म नहीं होता है। कहने का अभिप्राय यह है कि प्रारब्ध पाप नष्ट हो जाने पर भी याग कर्म करने के लिए इसको (वह चाण्डाल जिसका प्रारब्ध पाप नष्ट हो गया है) पुण्यविशेषमय सावित्रजन्म संस्कार एवं शिक्षा के लिए जन्मान्तर की अपेक्षा है। पुण्यविशेषमयसावित्रजन्म संस्कार ब्राह्मणकुमार की याग कर्म की अयोग्यता को समाप्तकर यागकर्म के योग्य बनाती है।

अतएव मूल प्रमाणवाक्य में भी 'सवनाय कल्पते' 'सम्भावित है' प्रयोग हुआ है, अभिप्राय यह है कि वह उसी समय झटपट याग करने का अधिकारी नहीं हो जायेगा। इसकी व्याख्या करते हुए श्रीधर स्वामिपाद ने भी कहा है, 'सद्यः सवनाय कल्पते' 'अनेन पूज्यत्वं लक्ष्यत' यह तत्काल पवित्र होकर सबके सम्मान का पात्र होता है।

'दुर्जाति को प्रदान करने वाले पाप का तत्काल नाश होता है' इस वचन से भक्ति द्वारा वर्तमान जन्म में दुःखारम्भक पापों के नाश को भी जानना चाहिए। ऐसा होने से यह श्लोक 'सर्वप्रारब्ध पाप विनाशक' का उपयुक्त उदाहरण है। इसी प्रकार विष्णुसहस्रनामस्तोत्र में भी कहा गया है— "वासुदेव के भक्तों का कभी भी अशुभ नहीं होता है। जन्म मृत्यु जरा व्याधि और भय, कभी भी नहीं होते हैं"॥ २२॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

दुर्जातिरेवेति; सवनस्य सोमयागस्यायोग्यत्वेऽसामर्थ्ये, दुर्जातिरारम्भकं दुर्जात्यारम्भकं भक्तिसहायकानामन्यकर्मणां सत्वान्न देहपात इति भावः॥ २२॥

अनुवाद

सवन अर्थात् सोमयाग करने की अयोग्यता, असामर्थ्य का कारण है— दुर्जाति; इसका आरम्भ

करने वाला पाप 'प्रारब्ध पाप' है। भक्ति के प्रभाव से इस प्रारब्ध पाप का नाश हो जाता है।

यहाँ प्रश्न हो सकता है कि प्रारब्ध पाप का नाश होने पर तो देह पात हो जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होता है, क्यों? इसके उत्तर में कहते हैं– भक्ति सहायक अन्य कर्म समूह रहने के कारण देह पात नहीं होता है॥ २२॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

योग्यत्वमत्र यागाधिकारित्वस्वरूपमेव। न च तादृश श्वपचस्य यागाधिकारित्वे स कथं यागं न करोतीति वाच्यम्, तस्य शुद्ध भक्तत्वेन कर्मणि श्रद्धाराहित्यात्। अन्ये सत्कुलोत्पन्न गृहस्थास्तु श्रद्धारहिता अपि लोकसंग्रहार्थं कर्म कुर्वन्ति। तथा च गीतायां– लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन् कर्त्तुमर्हसि इति॥ अस्य तु कर्मकरणे प्रत्युत भक्तिशास्त्रानभिज्ञजनप्रवादभयमपि प्रतिबन्धकमस्तीति ज्ञेयम्। अत्र 'सवनाय कल्पते' इत्यत्र सोमयागकर्त्तृवत् पूज्यो भवतीति व्याख्याने ग्रन्थस्य कष्टकल्पनापत्तेः, प्रकृतग्रन्थस्यासङ्गतेश्च, यतः सवनयोग्यस्यैव प्रारब्धनाशकत्वम्, न तु पूज्यत्वस्य,– तथाभूतदुर्जातित्व प्रयोजकीभूत प्रारब्धवतां ज्ञानिनां पूज्यत्वदर्शनात्। अथात्र भक्तानां प्रारब्धसामान्यनाशेऽपि यत् सुखदुखं दृश्यते, तत्र तु सुखं भक्तेरानुसङ्गिकं फलम्। यथा नारदपञ्चरात्रे– 'हरिभक्तिमहादेव्याः सर्वा मुक्त्यादिसिद्धयः। भुक्तयश्चाद्भुतास्तस्याश्चेटिकावदनुद्रुताः॥'' इति। दुःखं तु कुत्रचिद् भगवद्दत्तम्; यथा श्रीदशमे (८८-८) 'यस्याहमनुगृह्णामि हरिष्ये तद्धनं शनैः। ततोऽधनं त्यजन्त्यस्य स्वजना दुःखदुःखितम्' इति। कुत्रचिद् वैष्णवापराधादिफलमिति विवेचनीयम्॥ २२॥

अनुवाद

श्लोक में कहे गये योग्यत्व शब्द से यागाधिकारित्व स्वरूप को ही जानना है। यहाँ यह नहीं कहा जा सकता है कि ऐसे श्वपच का यागाधिकारित्व होने पर फिर वह याग कर्म क्यों नहीं करता है? क्योंकि शुद्ध भक्त हो जाने से उसकी यागादि कर्मों में श्रद्धा नहीं रहती है। अन्य सत्कुलोत्पन्न गृहस्थ व्यक्तिगण भी श्रद्धा रहित होने पर भी लोक शिक्षा के लिए ही कर्म करते हैं। गीता में भी कहा गया है ३-२०–

कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।
लोकसंग्रहमेवापि सम्यश्यन् कर्त्तुमर्हसि॥

जनकादि ज्ञानीजन भी आसक्ति रहित कर्म के द्वारा ही परम सिद्धि को प्राप्त हुए थे, इसलिए, तथा लोक शिक्षा को देखते हुए भी तुम कर्म करने के ही योग्य हो, अर्थात् तुम्हारे लिए कर्म करना उचित है।

किन्तु भगवन्नाम ग्रहणकारी चाण्डाल यदि यागादि कर्म करता है तो भक्ति शास्त्र अनभिज्ञ जन द्वारा प्रवाद का भय होगा, जो कि भक्ति का प्रतिबन्धक अर्थात् बाधक होगा, यह जानना होगा। कहने का तात्पर्य यह है कि वह याग कर्म में प्रवृत्त नहीं होगा।

यहाँ 'सवनाय कल्पते' की सोमयागकारी की तरह पूज्य होगा, इस प्रकार व्याख्या करने से कष्ट कल्पना करना पड़ेगा, मूल ग्रन्थ की भी असङ्गति होगी। कारण, प्रारब्ध नाश होने से ही दुर्जाति सुजाति होगी, और याग करने का अधिकारी होगा। यहाँ पर पूज्यत्व होने का प्रसङ्ग नहीं आता है, ऐसा तो

उस ज्ञानी के सम्बन्ध में देखने में आता है जो प्रारब्ध के कारण दुर्जाति के होने पर भी पूज्य होता है।

भक्तों का प्रारब्ध नाश होने पर भी सुख-दुःख देखने में आते हैं। वहाँ पर भक्त का जो सुख देखने में आता है, वह भक्ति का आनुसङ्गिक फल है। नारद पञ्चरात्र में कहा गया है—

हरिभक्ति महादेव्याः सर्वामुक्त्यादि सिद्धयः।
भुक्त्यश्चाद्भुतास्तस्याश्चेटिकावदनुद्रुताः॥

हरिभक्ति महादेवी के पीछे-पीछे सभी मुक्ति-भुक्ति आदि सिद्धियाँ दासी की तरह चलती रहती हैं।

भक्त को जो दुःख होता है, वह कहीं-कहीं भगवद्दत्त है। श्रीमद्भागवत के १०-८८-८ में लिखित है—

यस्याहमनुगृह्णामि हरिष्ये तद्धनं शनैः।
ततोऽधनं त्यजन्त्यस्य स्वजना दुःख-दुःखितम्॥

भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा— राजन्! जिस पर मैं कृपा करता हूँ उसका सब धन धीरे-धीरे हर लेता हूँ। जब वह निर्धन हो जाता है तब उसके सगे-सम्बन्धी दुःखों से दुःखी उस व्यक्ति को त्याग देते हैं।

कहीं कहीं पर भक्त के दुःख का कारण है— वैष्णव अपराध का फल। इसका विवेचन करना आवश्यक है॥ २२॥

पाद्मे च—

अप्रारब्धफलं पापं कूटं बीजं फलोन्मुखम्।
क्रमेणैव प्रलीयन्ते विष्णुभक्तिरतात्मनाम्॥ (२३)

अनुवाद

पद्म पुराण में भी लिखित है—

विष्णु भक्ति परायण व्यक्तियों के अप्रारब्धफल, कूट, बीज फलोन्मुख (प्रारब्ध) पाप भी क्रमपूर्वक विनष्ट हो जाते हैं॥ २३॥

दुर्गमसङ्गमनी

पूर्वार्थमेव स्पष्टयति— पाद्मे चेति। पापमिति विशेष्यं। तत्र फलोन्मुखं प्रारब्धं, बीजं वासनामयं प्रारब्धत्वोन्मुखमिति यावत्, कूटं बीजत्वोन्मुखम्, अप्रारब्धफलं न प्रारब्धं कूटत्वादिरूपकार्य्यावस्थत्वं येन तत्। तच्चानादिसिद्धमनन्तमेव। कारिकायां तु एतदेवाप्रारब्धमित्युक्तम्। बीजप्रारब्धे तु पूर्वं गणिते। यत्तु कूटमवशिष्टं तदप्यप्रारब्ध एवान्तर्भाव्यम्। क्रमेण पूर्वपूर्वानुक्रमेण, तथाऽपि पूर्वोक्तं सद्यः सवनायेति ''कमलपत्रशतबेधन्यायेन'' किञ्चित्कालविलम्बो ज्ञेय इति॥ २३॥

अनुवाद

पूर्वोक्त विषय का स्पष्टीकरण करते हैं। यहाँ पर पाप विशेष्य है। यहाँ फलोन्मुख पाप का अभिप्राय प्रारब्ध पाप से है। बीज वासनामय होता है, यह प्रारब्ध की ओर आगे बढ़ता है। कूट बीज होने

को उन्मुख होता है। अप्रारब्धफल का वर्णन करते हैं– जो प्रारब्ध नहीं हैं, कूटत्वादि रूप कार्यों के कारण रूप होते हैं, वे अप्रारब्धफल हैं। ये अनादिसिद्ध और अनन्त हैं। कारिका में इनको अप्रारब्ध शब्द से लिखा गया है।

बीज एवं प्रारब्ध (फलोन्मुख) की गणना पहले ही की गयी है। कूट जो कि अवशिष्ट है, वह भी अप्रारब्ध में ही शामिल होगा।

क्रमेण अर्थात् पूर्व-पूर्व पाप क्रम से विनष्ट होते हैं। तथापि पहले कहा गया है कि सद्यः सवनाय कल्पते, तत्काल सोमयाग करने के योग्य होगा। यहाँ 'कमल शतपत्र वेध न्याय' से यह जानना चाहिए कि प्रारब्धादि पूर्व-पूर्व पाप क्रम से विनष्ट होंगे और उनमें कुछ काल विलम्ब होगा॥ २३॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

पाद्मे चेति, पापमिति विशेष्यम्, अप्रारब्धफलं प्रारब्धातिरिक्तमनन्तम्, कूटं तस्यैव राशितयावस्थानम्, बीजं वासनामयं; फलोन्मुखं प्रारब्धं क्रमेण पूर्व्वं पापं पश्चात्तद्बीजमिति क्रमेण, न तु श्लोकोक्तपापक्रमेण अजामिलादेर्नामाभासेन बीजस्यापि क्षयो नाम्नोऽनर्गलप्रभावात्॥ २३॥

अनुवाद

यहाँ पर पाप विशेष्य है। अन्य सब विशेषण हैं। अप्रारब्धफल प्रारब्ध से अलग अनन्त हैं, कूट उसी अप्रारब्धफल का ढेर रूप से इकट्ठा होकर रहना है। बीज वासनामय है। फलोन्मुख प्रारब्ध है। पहले पाप पीछे बीज इस प्रकार क्रम से होगा, न कि श्लोकोक्त पाप क्रम से। अजामिलादि का बिना क्रम नामाभास से ही बीज का क्षय हो गया। नाम का प्रभाव असीम है॥ २३॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

भक्तेः प्रारब्धसामान्यनाशकत्वे पुराणान्तरमपि प्रमाणयति– पाद्मे चेति। पापमिति विशेष्यं, तत्र फलोन्मुखं प्रारब्धं, बीजं वासनामयं प्रारब्धत्वोन्मुखम्, कूटं बीजत्वोन्मुखम्। अप्रारब्धफलं न प्रारब्धं फलं कूटत्वादिरूपकार्य्यावस्थत्वं येन तत्, तच्चानादिसिद्धमनन्तमेव। कारिकायान्त्वेतदेवाप्रारब्धमुक्तम्; बीजप्रारब्धत्वे तु पूर्वं गणिते; यत्तु कूटमवशिष्टम्, तदप्यप्रारब्ध एवान्तर्भाव्यम्, क्रमेणाप्रारब्धादि-पूर्वपूर्वपापनाशक्रमेण। क्रमस्तु कमलपत्रशतवेध इव एकक्षणमध्ये एव ज्ञेयः॥ २३॥

अनुवाद

पुराणान्तर के प्रमाण से भक्ति का प्रारब्ध पाप सामान्य नाशकत्व दिखाते हैं। पद्म पुराण में लिखित है– विष्णुभक्ति परायण व्यक्तियों का अप्रारब्धफल, कूट, बीज फलोन्मुख (प्रारब्ध) पाप भी क्रमपूर्वक विनष्ट हो जाते हैं। यहाँ पर पाप विशेष्य है, फलोन्मुख प्रारब्ध है, बीज वासनामय होता है, यह प्रारब्ध की ओर आगे बढ़ता है। कूट बीज होने को उन्मुख होता है। अप्रारब्धफल का वर्णन करते हैं– जो प्रारब्ध नहीं हैं, कूटत्वादि रूप कार्यों के कारण रूप होते हैं, वे अप्रारब्धफल हैं। ये अनादिसिद्ध और अनन्त हैं। कारिका में इनको अप्रारब्ध शब्द से लिखा गया है।

बीज एवं प्रारब्ध (फलोन्मुख) की गणना पहले ही की गयी है। कूट जो कि अवशिष्ट है, वह भी अप्रारब्ध में ही शामिल होगा।

क्रमेण अर्थात् अप्रारब्धादि पूर्व-पूर्व पाप क्रम से विनष्ट होते हैं। क्रमपूर्वक नाश होता है, इससे जानना होगा कि— कमल शतपत्र वेध न्याय से एकक्षण में सभी विनष्ट होते हैं। अर्थात् सौ कमल पत्र के ऊपर एक सूई छेदने पर जिस प्रकार वह एक क्षण में ही सबको छेदते हुए निकल जाती है, उसी प्रकार एक काल में ही भक्ति समस्त पापों को विनष्ट कर देती है॥ २३॥

बीजहरत्वं यथा षष्ठे (६-२-१७)—

तैस्तान्यघानि पूयन्ते तपोदानव्रतादिभिः।
नाधर्म्मजं तद्धृदयं तदपीशाङ्घ्रिसेवया॥ (२४)

अनुवाद

बीजहरत्व के सम्बन्ध में षष्ठ स्कन्ध (भा. ६-२-१७) में कहा गया है—

यद्यपि तपस्या, दान, व्रतादि के अनुष्ठान से पाप समूह विनष्ट होते हैं; किन्तु अधर्म, अविद्या से उत्पन्न होने के कारण पापकर्त्ता का हृदय अथवा पाप समूह का मूल-संस्कार (सूक्ष्म रूप) किसी प्रकार से शोधित नहीं होता है, किन्तु श्रीहरि के चरणकमलों की भक्ति से वासना पर्यन्त समस्त पापों का क्षय होने से वे सब शुद्ध हो जाते हैं॥ २४॥

दुर्गमसङ्गमनी

बीजहरत्वं विशेषतो दर्शयतीत्याह— बीजेति॥२४॥

अनुवाद

बीजहरत्व का प्रदर्शन विशेषरूप से करते हैं— बीजेति॥ २४॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

तैरिति, पूयन्ते विनश्यन्ति— 'पूञ्व विनाशे' इति धातोः। तद्धृदयं— तेषां पापानां तत्कर्त्तुः पुरुषस्य वा हृदयं पापं वासनामयम्, अधर्मजम्—अधर्मोऽविद्या तज्जम्॥ २४॥

अनुवाद

सब पाप विनष्ट हो जाते हैं। 'पूङ्' धातु का अर्थ है— विनाश। तद्धृदयं अर्थात् उन पापों के करने वालों का हृदय, यह पाप वासनामय होता है। अधर्मजम् अर्थात् अधर्म-अविद्या से उत्पन्न॥ २४॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

बीजहरत्वं विशेषतो दृश्यते इत्याह— बीजेति। तैस्तथाविधैरपि पूयन्ते नश्यन्ति; पूङ् विनाशे। अधर्माज्जातमघानां हृदयं मूलं सूक्ष्मरूपन्तु न पूयन्ते न नश्यति। 'तदपि ईशाङ्घ्रिसेवया' हरिचरणयोर्भक्त्या वासनापर्यन्तपापक्षयात्तदपि शुद्ध्यते॥ २४॥

अनुवाद

बीजहरत्व का प्रदर्शन विशेष रूप से करते हैं— बीजेति। तप, दान, व्रत आदि के द्वारा पाप

विनष्ट हो जाते हैं, किन्तु अधर्म से उत्पन्न पापों का हृदय अर्थात् मूल, जो सूक्ष्म रूप में रहता है, उसका नाश तप, दानादि से नहीं होता है। किन्तु श्रीहरि के चरणारविन्दों की सेवा-भक्ति के द्वारा वासना पर्यन्त पाप क्षय हो जाने से वह भी नष्ट हो जाता है॥ २४॥

अविद्याहरत्वं यथा चतुर्थे (४-२२-३९)—

यत्पादपङ्कजपलाशविलासभक्त्या,
कर्माशयं ग्रथितमुद्ग्रथयन्ति सन्तः।
तद्वन्न रिक्तमतयो यतयोऽपि रुद्ध-
श्रोतोगणास्तमरणं भज वासुदेवम् ॥ (२५)

अनुवाद

भक्ति के अविद्याहरत्व का वर्णन चतुर्थ स्कन्ध (४-२२-३९) में इस प्रकार है—

सन्त-महात्मा जिनके चरण कमलों के अङ्गुलिदल की सेवा द्वारा कर्माशय को, जो कर्मों से गठित है, इस प्रकार छिन्न-भिन्न कर डालते हैं कि समस्त इन्द्रियों का प्रत्याहार करके अपने अन्तःकरण को निर्विषय करने वाले सन्यासी भी वैसा नहीं कर पाते। अतएव तुम उन सर्वाश्रय भगवान् वासुदेव का भजन करो॥ २५॥

दुर्गमसङ्गमनी

नैष्ठिक्यास्तु तस्या अविद्याहरत्वमपि प्रतिपाद्य द्वाभ्यां दर्शयति— यत्पादेति। रिक्तमतयो भगवद्ध्यानादिविनाभूतमतयः। अरणं शरणं। क्रमश्चात्र श्रीसूतेन श्रवणोपलक्षणतया प्रोक्तः। (भा. १-२-१७ से २१)—

शृण्वतां स्वकथां कृष्णः पुण्यश्रवणकीर्त्तनः। हृद्यन्तःस्थो ह्यभद्राणि विधुनोति सुहृत्सताम्॥
नष्टप्रायेष्वभद्रेषु नित्यं भागवतसेवया। भगवत्युत्तमश्लोके भक्तिर्भवति नैष्ठिकी॥
तदा रजस्तमोभावाः कामलोभादयश्च ये। चेत एतैरनाविद्धं स्थितं सत्त्वे प्रसीदति॥
एवं प्रसन्नमनसो भगवद्भक्तियोगतः। भगवत्तत्त्वविज्ञानं मुक्तसङ्गस्य जायते॥
भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि दृष्ट एवात्मनीश्वरे॥ इति।
'नैष्ठिकी निश्चला' इति। टीकाकाराः॥ २५॥

अनुवाद

नैष्ठिकी भक्ति के द्वारा भक्ति के अविद्याहरत्व को दो श्लोकों के द्वारा दिखाते हैं— यत्पादेति। रिक्तमतयो अर्थात् भगवद्ध्यानादि को छोड़कर तत्त्व चिन्तन करने वाले लोक। ये अविद्या ग्रन्थि से मुक्त नहीं हो पाते हैं, अतः अरणं-शरणं, शरण लेकर वासुदेव का भजन करना उचित है। नैष्ठिकी भक्ति के द्वारा भक्ति के अविद्याहरत्व के क्रम को श्रीसूतजी ने श्रवणोपलक्षण से श्रीमद्भागवत के १-२-१७ से २१ में इस प्रकार कहा है—

भगवान् श्रीकृष्ण के यश का श्रवण और कीर्त्तन दोनों पवित्र करने वाले हैं। वे अपनी कथा

सुनने वालों के हृदय में आकर स्थित हो जाते हैं, और उनकी अशुभ वासनाओं को नष्ट कर देते हैं, क्योंकि वे सन्तों के नित्य सुहृद हैं॥ १७॥

जब श्रीमद्भागवत एवं भगवद् भक्तों के निरन्तर सेवन से अशुभ वासनाएँ नष्ट हो जाती हैं, तब पवित्र कीर्त्ति भगवान् श्रीकृष्ण में नैष्ठिकी भक्ति होती है॥ १८॥

तब रजोगुण और तमोगुण के भाव– काम और लोभादि शान्त हो जाते हैं, और चित्त इनसे रहित होकर सत्त्व में स्थित एवं प्रसन्न हो जाता है॥ १९॥

इस प्रकार प्रसन्नचित्त, वासनाशून्य वह भक्त भगवान् की प्रेममयी भक्ति से भगवान् के तत्त्व का अनुभव करता है॥ २०॥

आत्मस्वरूप भगवान् का साक्षात्कार होते ही हृदय की ग्रन्थि टूट जाती है, सारे सन्देह मिट जाते हैं, और कर्म बन्धन क्षीण हो जाता है ॥ २१॥

टीकाकार स्वामिपाद भी 'नैष्ठिकी निश्चला' इस प्रकार कहते हैं॥ २५॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

रिक्ते अव्यक्ते ब्रह्मणि मतिर्येषाम्, एवम्भूता अपि॥ २५॥

अनुवाद

रिक्त अर्थात् अव्यक्त निर्गुण ब्रह्म में रत होकर भी अविद्या के अधिकार से मुक्त होने में सक्षम नहीं होते हैं, किन्तु भगवत् चरणारविन्द का भजनकर व्यक्ति अनायास अविद्या से मुक्त हो जाता है॥ २५॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

नैष्ठिक्यास्तु अविद्याहरत्वमिति प्रतिपाद्य द्वाभ्यां दर्शयति– यत्पाद इति। यस्य पादपङ्कजयोः पलाशान्यङ्गुलयस्तेषां विलासभक्त्या विशेषेण लासः प्रतिक्षणवर्द्धमाना कान्तिर्यस्यां तया साधनरूपया भक्त्या साध्यरूपया च कर्माशयं कर्मवासनामयमहङ्कारं ग्रथितं येनैव स्वकर्मणा, तद्विपरीतेन भगवत्कर्मणा उद्ग्रथयन्ति सन्तो वैष्णवाः, तद्वद् यतयः सन्यासिनो न। कुतः? रिक्ता निर्विषया अविद्यमाना मतिर्येषां रिक्तधना इव निर्बुद्धयोऽसन्तश्चेत्यर्थः; सन्तस्तु भगवद्विषयमतयः सुबुद्धय एवेति भावः, निरुद्धो नद्यादेः स्रोतसामिवेन्द्रियाणां गणो यैः न हि स्रोतांसि निरोद्धुं शक्यानि भवन्तीति निर्बुद्धित्वचिह्नमेतदेवेति भावः। सन्तस्तु भगवत्सौन्दर्यामृतादिषु प्रसारितचक्षुरादीन्द्रियगणाः सुधियः सुखिनश्चेति भावः। अरणं शरणम्॥ २५॥

अनुवाद

नैष्ठिकी भक्ति के द्वारा भक्ति के अविद्याहरत्व को दो श्लोकों के द्वारा दिखाते हैं– यत्पाद इति। जिनके पादपङ्कजों के पलाश अर्थात् अङ्गुलि समूह उनकी विलासभक्ति के द्वारा, अर्थात् विशेषरूप से लास– प्रतिक्षण वर्धित कान्ति जिनकी है, उन साधन व साध्य रूपा भक्ति के द्वारा कर्माशय अर्थात् कर्म वासनामय अहंकार को जो कि स्वकर्म द्वारा ग्रथित होता है, उसके विपरीत भगवत् कर्म के द्वारा सन्त

वैष्णवगण निर्मूलित कर देते हैं, किन्तु उस प्रकार सन्यासिगण कर्म वासनामय अहंकार को निर्मूलित नहीं कर पाते हैं। कारण, वे लोक रिक्त निर्विषयमति होने से धनहीन के तरह होते हैं, अर्थात् वे सब बुद्धिहीन और असन्त, अवैष्णव होते हैं। सन्त, वैष्णवगण भगवद् विषयक मति वाले सुबुद्धि होते हैं। नदियों के स्रोत के निरोध के समान सन्यासीगण इन्द्रियों के वेग को रोकने में सक्षम नहीं होते हैं, इसलिए उनका इन्द्रियों के वेग को रोकने का प्रयास उन सबके बुद्धिहीन होने का चिह्न है। सन्त वैष्णवगण भगवत् सौन्दर्यामृत प्रभृति में प्रसारित चक्षुरिन्द्रियों के कारण सुबुद्धि एवं सुखी होते हैं।

अरण शब्द का अर्थ है– शरण, अर्थात् शरण लेकर प्रभु का भजन करते रहते हैं॥ २५॥

पाद्मे च–

कृतानुयात्राविद्याभिर्हरिभक्तिरनुत्तमा ।
अविद्यां निर्दहत्याशु दावज्वालेव पन्नगीम्॥ (२६)

अनुवाद

पद्म पुराण में कहा गया है–

दावानल जिस प्रकार सर्पिणि को दग्ध कर देता है, उसी प्रकार अत्युत्कृष्ट हरिभक्ति भी अपने पीछे-पीछे चलने वाली विद्या के द्वारा अविद्या को सत्वर ध्वंस कर देती है॥ २६॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

विद्याभिः कृता अनुयात्रा यस्याः सा। तथा च भक्तस्य विद्याविषयकेच्छाभावेऽपि सा विद्या स्वयमेव भक्तेः पश्चाद् गच्छतीत्यर्थः। अनुत्तमा अत्युत्कृष्टा, पन्नगीं सर्पीम्॥ २६॥

अनुवाद

कृतानुयात्राविद्याभिः का अर्थ है– पीछे-पीछे चलने वाली विद्या । भक्त की इस विद्याविषयक इच्छा न रहने पर भी वह विद्या स्वयं ही भक्त के पीछे-पीछे चलती रहती है। अनुत्तमा शब्द का अर्थ है– अति उत्कृष्टा और पन्नगीम् शब्द का अर्थ है– सर्प, नागिन॥ २६॥

शुभदत्वम्–

शुभानि प्रीणनं सर्वजगतामनुरक्तता ।
सद्‌गुणाः सुखमित्यादीन्याख्यातानि मनीषिभिः॥ (२७)

अनुवाद

भक्ति का शुभदत्व–

मनीषीगण शुभ शब्द से भक्तगण के द्वारा समस्त जगत् की प्रियता का विधान करना, समस्त जगत का भक्त के प्रति अनुरक्त होना, समस्त सद्‌गुण समूह, सुख आदि को कहते हैं॥ २७॥

दुर्गमसङ्गमनी

सर्वजगतामिति। सर्वजगत्कर्मकं प्रीणनं तत्कर्तृकानुरक्तता च। अनयोः साद्गुण्यान्तर्भावेऽपि

पृथगुक्तिः सर्वोत्तमताऽपेक्षया। किं वा ते एते यद्यपि साद्गुण्यकृते अपि तत्र सम्भवतः, तथाऽप्यन्यत्रैव तावन्मात्रकृते न स्यातां, किन्तु स्वरूपकृते अपीति पृथगुक्तिः कृता। यथोक्तं चतुर्थे (भा. ९-४७) ध्रुव-चरिते— यस्य प्रसन्नो भगवान् गुणैर्मैत्र्यादिभिर्हरिः। तस्मै नमन्ति भूतानि निम्नमाप इव स्वयम्॥ इति। आदिग्रहणात् सर्ववशीकारित्व-मङ्गलकारित्वादीनि ज्ञेयानि॥२७॥

अनुवाद

भक्त जगत् के समस्त वस्तुओं के प्रति प्रीति करेगा, समस्त जगत भी उसमें अनुरक्त होंगे। ये दोनों साद्गुण्य में अन्तर्भुक्त होने पर भी पृथक् रूप से कहने का कारण है कि ये दोनों गुण सर्वोत्तम हैं। किं वा ये दोनों यद्यपि सद्गुणों में अन्तर्भुक्त हैं तथापि भक्त में ही ये सम्भव हैं, अन्यत्र ये सद्गुण देखने में नहीं आते। यह भक्ति का स्वरूप है, इसलिए भक्त प्रकरण में पृथक् उल्लेख किया गया है। श्रीमद्भागवत के ४-९-४७ में उक्त है—

यस्य प्रसन्नो भगवान् गुणैर्मैत्र्यादिभिर्हरिः।
तस्मै नमन्ति भूतानि निम्नमाप इव स्वयम्॥

जिस प्रकार जल स्वयं ही नीचे की ओर बहने लगता है, उसी प्रकार मैत्री आदि गुणों के कारण जिस पर श्रीभगवान् प्रसन्न हो जाते हैं, उसके आगे सभी जीव झुक जाते हैं।

आदि शब्द से सर्व वशीकारित्व, मङ्गलकारित्व प्रभृति को जानना होगा॥ २७॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

शुभानीति प्रीणनं भक्तकर्तृकं जगत्कर्तृकानुरक्तता, सद्गुणादिप्रदत्वमित्यत्रादिशब्देनोक्ताद् देवादेर्वशीकारादनयोः पृथगुक्तिर्मर्त्यलोकापेक्षया॥२७॥

अनुवाद

शुभ शब्द का अर्थ है— भक्त के द्वारा जगत को प्रीति करना, और जगत् का भक्त में अनुरक्त होना। सद्गुणादिप्रदत्व में जो आदि शब्द का प्रयोग हुआ है— उसका अर्थ है— देवादि वशीभूत होते हैं, इससे ये दो गुण मर्त्य लोक की अपेक्षा से अलग कहे गये हैं॥ २७॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

श्रेयोहेतुत्वं यथा— श्रेयांसीति शुभानीति; सर्वजगत्कर्मकं प्रीणनं जगत्कर्तृकानुरक्तता च। अनयोः सद्गुणान्तर्भावेऽपि पृथगुक्तिः सर्वोत्तमतापेक्षया; यथोक्तं चतुर्थे ध्रुवचरिते (९-४७)— 'यस्य प्रसन्नो भगवान् गुणैर्मैत्र्यादिभिर्हरिः। तस्मै नमन्ति भूतानि निम्नमाप इव स्वयम्' इति। सद्गुणाः सुखञ्च एतानि शुभपदवाच्यानि॥ २७॥

अनुवाद

श्रेयहेतुत्व यथा— श्रेयांसीति शुभानीति, भक्त जगत् की समस्त वस्तुओं के प्रति प्रीति करेगा,

समस्त जगत भी उसमें अनुरक्त होंगे। ये दोनों साद्‌गुण्य में अन्तर्भुक्त होने पर भी पृथक् रूप से कहने का कारण है कि ये दोनों गुण सर्वोत्तम हैं। ध्रुव चरित्र श्रीमद्‌भागवत (४-९-४७) में उक्त है—

जिस प्रकार जल स्वयं ही नीचे की ओर बहने लगता है उसी प्रकार मैत्री आदि गुणों के कारण जिस पर श्रीभगवान् प्रसन्न हो जाते हैं उसके आगे सभी जीव झुक जाते हैं।

सद्‌गुण एवं सुख शुभपद से कहे जाते हैं॥ २७॥

तत्र जगत्प्रीणनादिद्वयप्रदत्वं, यथा पाद्मे—

येनार्च्चितो हरिस्तेन तर्पितानि जगन्त्यपि ।
रज्यन्ति जन्तवस्तत्र जङ्गमाः स्थावरा अपि॥ (२८)

अनुवाद

जगत्प्रीणनादिद्वय प्रदत्व का उदाहरण पद्मपुराण में इस प्रकार है—

जिस व्यक्ति ने श्रीहरि की अर्चना किया है, उसने जगत्वासी सबको सुखी कर लिया है। और समस्त स्थावर जङ्गम प्राणी भी उसमें अनुरक्त होते हैं॥ २८॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

स्थावरा अपीत्यत्र तद्द्वारा भगवता कृतोऽनुरागस्तेषूपचर्य्यत इति भावः॥ २८॥

अनुवाद

स्थावरा अपि कहा गया है, इससे भक्त के द्वारा भगवान् को किये हुए अनुराग का उनमें आरोप होता है॥ २८॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

तत्र जगत्प्रीणनादिद्वयहेतुत्वं यथा पाद्मे— येनार्चितो इति; जगन्ति जगद्वर्त्तिजीवा इत्यर्थः॥ २८॥

अनुवाद

जगत् प्रीणनादि युगल के हेतुत्व का उल्लेख पद्म पुराण में है— येनार्चितो इति। जगन्ति का अभिप्राय है— जगत्वासी जीव॥ २८॥

सद्‌गुणादिप्रदत्वं यथा पञ्चमे (५-१८-१२)—

यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिञ्चना,
सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः।
हरावभक्तस्य कुतो महद्‌गुणा,
मनोरथेनासति धावतो बहिः ॥ (२९)

अनुवाद

भक्ति के सद्‌गुणादि प्रदत्व का उदाहरण भागवत (५-१८-१२) में इस प्रकार है—

जिस व्यक्ति की भगवान् में अकिञ्चना भक्ति है, उसके हृदय में देवतागण समस्त सद्गुणों के साथ सदा निवास करते हैं, किन्तु जो भगवान् का भक्त नहीं है, उसमें महापुरुषों के वे गुण भला कहाँ से आ सकते हैं? वह तो तरह-तरह के सङ्कल्प करके निरन्तर तुच्छ बाहरी विषयों की ओर ही दौड़ता रहता है॥ २९॥

दुर्गमसङ्गमनी

साद्गुण्यादीत्यत्रादिशब्दग्रहणात् सर्ववशीकारित्वोपलक्षकसुरवशीकारित्वं गृह्यते। सद्गुणादिप्रदत्वमित्यत्र सद्गुणादिवशीकारयितृत्वमित्यर्थः। सुरा भगवदादयः। स च तथा तत्परिकरा देवा मुनयश्चेत्यर्थः। समासते वशीभूय तिष्ठन्तीत्यर्थः॥ २९॥

अनुवाद

'सद्गुणादि' यहाँ पर आदि शब्द ग्रहण से सर्व वशीकारित्व का उपलक्षक सुर अर्थात् देवता वशीकारित्व का ग्रहण होता है। सद्गुणादिप्रदत्वम् से यहाँ पर सद्गुणादिवशीभूत करने वाले गुण समूह का ग्रहण होगा। 'सुरा' भगवान् प्रभृति हैं। इससे भगवान् तथा उनके परिकर देवता, मुनिगण आदि को जानना होगा। समासते शब्द का अर्थ है— भगवान् एवं भगवान् के परिकर, देवता, मुनिगण सब भक्त के वशीभूत होकर रहते हैं॥ २९॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

सद्गुणा ज्ञान वैराग्ययमनियमादयः। 'आदि' शब्दाद्देवर्ष्यादिवशीकारित्वम्; आदि शब्दः सुखमित्यादीनीत्यत आकृष्टः॥ २९॥

अनुवाद

सद्गुण शब्द से ज्ञान वैराग्य, यम, नियम आदि को जानना होगा। आदि शब्द से देवता, ऋषि आदि का भी भक्ति से वशीकरण को जानना होगा। आदि शब्द सुखमित्यादीन्याख्यातानि (श्लोक २७) से ग्रहण किया गया है।॥ २९॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

गुणैरिन्द्रियनिष्ठगुणैः सह, न तु दोषैः सह, सुरा इन्द्रियाधिष्ठातृदेवास्तत्र भक्ते समासते। मनोरथेनासति विषये धावतोऽभक्तस्य कुतो महद्गुणा इन्द्रियाणां निर्दूषणगुणाः॥ २९॥

अनुवाद

इन्द्रियों में रहने वाले गुणों के साथ, न कि दोषों के साथ, सुरा अर्थात् इन्द्रियों के अधिष्ठातृ देवतागण भक्त में वशीभूत होकर रहते हैं। मनोरथ से असत् विषयों में दौड़ने वाले अभक्त का महद्गुण अर्थात् उसकी इन्द्रियों का निर्दुष्ट गुण कहाँ से होगा॥ २९॥

सुखप्रदत्वम्—

सुखं वैषयिकं ब्राह्ममैश्वरञ्चेति तत् त्रिधा॥ (३०)

अनुवाद

भक्ति का सुखप्रदत्व—

सुख तीन प्रकार के होते हैं– विषयमय, ब्राह्ममय एवं ईश्वर सम्बन्धी ॥ ३० ॥

यथा तन्त्रे–

सिद्धयः परमाश्चर्य्या भुक्तिर्मुक्तिश्च शाश्वती।
नित्यञ्च परमानन्दो भवेद्गोविन्दभक्तितः ॥ (३१)

अनुवाद

जैसाकि तन्त्र में कहा गया है–

गोविन्द की भक्ति से परम आश्चर्यजनक सिद्धियाँ, भुक्ति, शाश्वत मुक्ति और नित्य परमानन्द प्राप्त होता है॥ ३१ ॥

दुर्गमसङ्गमनी

सिद्धयोऽणिमादयो, भुक्तिश्च विषयमयसुखं, मुक्तिर्ब्रह्मसुखं। पारिशेष्यान्नित्यं परमानन्दमैश्वरसुखं तत्तच्च तत्तदनुभवमयम्॥ ३१ ॥

अनुवाद

सिद्धयः का अभिप्राय अणिमादि सिद्धियों से है। भुक्ति का अभिप्राय विषयमय सुख से है। मुक्तिः ब्रह्मसुख है। एवं पारिशेष्य न्याय से शेष परमानन्दम् ईश्वरीय सुख है। उन उन सुख का अनुभव भी श्रीगोविन्ददेव की निष्काम भक्ति से ही मिलता है। ये सभी सुख अनुभवमय हैं॥ ३१ ॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

सिद्धयो भुक्तिश्च वैषयिकं सुखं, मुक्तिर्ब्रह्मसुखं, परमानन्दमैश्वरं सुखं, परमानन्दमिति नपुंसकत्वमार्षम्॥ ३१ ॥

अनुवाद

सिद्धिसमूह और भुक्ति विषयमय सुख हैं। मुक्ति ब्रह्मसुख है। परमानन्दम् ईश्वरीय सुख है। 'परमानन्दं' में नपुंसक लिङ्ग का प्रयोग आर्ष है॥ ३१ ॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

सिद्धयोऽणिमादयो भुक्तिश्च विषयमयसुखं, मुक्तिर्ब्रह्मसुखं, पारिशेष्यान्नित्यं परमानन्दमैश्वरसुखम्॥ ३१ ॥

अनुवाद

सिद्धयः का अभिप्राय अणिमादि सिद्धियों से है। भुक्ति का अभिप्राय विषयमय सुख से है। मुक्तिः ब्रह्मसुख है। एवं पारिशेष्य न्याय से शेष परमानन्दम् ईश्वरीय सुख है॥ ३१ ॥

यथा हरिभक्तिसुधोदये च–

भूयोऽपि याचे देवेश! त्वयि भक्तिर्दृढाऽस्तु मे।
या मोक्षान्तचतुर्वर्गफलदा सुखदा लता॥ इति (३२)

अनुवाद

इसी प्रकार हरिभक्ति सुधोदय में भी कहा गया है–

हे देवेश! मैं आपसे बार बार याचना करता हूँ कि आपमें मेरी दृढ़ भक्ति हो। यह भक्ति लतारूपा है, जो मोक्षान्त (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) चतुर्विध फल देने वाली एवं सुख को प्रदान करने वाली है॥ ३२॥

दुर्गमसङ्गमनी

सुखदा ईश्वरानुभवानन्ददात्री॥ ३२॥

अनुवाद

सुखदा अर्थात् ईश्वर के अनुभवानन्द को देने वाली॥ ३२॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

सुखदेत्यैश्वरम्॥ ३२॥

अनुवाद

सुखदा शब्द का अभिप्राय ईश्वरीय सुख से है॥ ३२॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

भूयोऽपीति, या लतारूपा भक्तिर्मोक्षान्तचतुर्वर्गफलदा; सुखदा ईश्वरानुभवानन्ददात्री मोक्षादिलघुताकरी॥ ३२॥

अनुवाद

लतारूपा भक्ति धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप चतुर्वर्ग फल को देने वाली है। सुखदा अर्थात् ईश्वर के अनुभव के आनन्द को देने वाली एवं मोक्षादि को तुच्छ करने वाली है॥ ३२॥

मोक्षलघुताकृत्–

मनागेव प्ररूढायां हृदये भगवद्रतौ।
पुरुषार्थास्तु चत्वारस्तृणायन्ते समन्ततः॥ (३३)

अनुवाद

भक्ति मोक्ष को लघु करने वाली है–

हृदय में (मन में) थोड़ी सी भी भगवद्रति के विकसित अर्थात् उदय होने पर चारो पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) पूरी तरह से तृण के समान हो जाते हैं॥ ३३॥

दुर्गमसङ्गमनी

मनागेवेति। अल्पमपि प्ररूढायां, न तु जनितायां, तस्याः स्वयम्प्रकाशरूपत्वात्। पुरुषार्थाः

धर्मार्थकाममोक्षाख्यास्तृणायन्ते तत्र गन्तुं लज्जन्ते इत्यर्थः॥ ३३॥

अनुवाद

अल्पमात्रा में भी प्ररूढ़ अर्थात् बढ़ने पर, न कि उत्पन्न होने पर, क्योंकि भक्ति स्वयम्प्रकाशरूप है। मन में भाव भक्ति का बहुत थोड़ा सा उदय होने पर भी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष नामक चारों पुरुषार्थ तिनके के समान हो जाते हैं, अर्थात् धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की स्मृति उस मन में जाने से लजाती है॥ ३३॥

यथा श्रीनारदपञ्चरात्रे—

''हरिभक्तिमहादेव्याः सर्वा मुक्त्यादिसिद्धयः।
भुक्तयश्चाद्भुतास्तस्याश्चेटिकावदनुव्रताः॥'' इति। (३४)

अनुवाद

इसी प्रकार श्रीनारद पञ्चरात्र में उक्त है—

मुक्ति आदि सभी सिद्धियाँ, अद्भुत-अद्भुत विषय भोग आदि भी हरिभक्तिरूपा महादेवी के पीछे-पीछे दासी की भाँति चलती रहती हैं॥ ३४॥

दुर्गमसङ्गमनी

हरिभक्तीति चेटिकावदिति भीता इत्यर्थः॥ ३४॥

अनुवाद

चेटिकावद् अर्थात् दासी के समान भयभीत होकर॥ ३४॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अद्भुता भुक्तयः विषयभोगाश्चेटिकावद् दासीवत् पश्चाद्गामिन्यः॥ ३४॥

अनुवाद

अद्भुता भुक्तयः अर्थात् विषयभोग। चेटिकावद् अर्थात् दासी के तरह पीछे-पीछे चलने वाले॥ ३४॥

सुदुर्लभा—

साधनौघैरनासङ्गैरलभ्या सुचिरादपि।
हरिणा चाश्वदेयेति द्विधा सा स्यात्सुदुर्लभा॥ (३५)

अनुवाद

भक्ति सुदुर्लभा है—

हरिभक्ति दो प्रकार से सुदुर्लभा है— अनासङ्ग अर्थात् आसक्ति रहित (रुचि रहित) होकर बहु साधन करते रहने से बहुत काल तक भी हरिभक्ति नहीं मिलती है, तथा आसक्ति के साथ साधन समूह करते रहने पर भी श्रीहरि भक्ति को शीघ्र नहीं देते हैं॥ ३५॥

दुर्गमसङ्गमनी

हरिणा चाश्वदेयेत्यत्रासङ्गेऽपीति गम्यते, अन्यथा द्वैविध्यानुपपत्तेः। द्विधा सुदुर्लभेति

प्रकारद्वयेनापि सुदुर्ल्लभत्वं तस्या इत्यर्थः॥ ३५॥

अनुवाद

'हरि भक्ति को शीघ्र नहीं देते हैं' इस कथन से सूचित होता है कि आसङ्ग साधन करने पर भी श्रीहरि भक्ति को शीघ्र नहीं देते हैं। ऐसा न होने से भक्ति की सुदुर्लभता के द्वैविध्य की उपपत्ति नहीं होगी। 'द्विधा सुदुर्ल्लभा है' इस कथन से यह जानना होगा कि— भक्ति दो प्रकार से सुदुर्ल्लभ है॥ ३५॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

साधनेति— अनासङ्गैः—आसङ्ग आसक्ती-रुचिरपरपर्य्यायाया, तद्रहितैः साधनौघैः 'श्रीमूर्त्तेरङ्घ्रिसेवने प्रीतिः', श्रीभागवतास्वादः', 'सजातीयवासना-भक्तसङ्गो', 'नामसङ्कीर्त्तनं', 'श्रीमन्मथुरामण्डले स्थितिः' इति पञ्चाङ्गानि बिना नतिस्तुतिवन्दनादिभिः सर्वैरलभ्या लब्धुमयोग्या; सासङ्गैः साधनैर्लभ्यापि हरिणा चाश्वदेया स्वस्मिन्नासक्तौ सत्यामेव देयेत्यर्थः। तथा चाग्रे (१-३-८) 'साधनेऽभिनिवेशस्तु तत्र निष्पादयन् रुचिम्। हरावासक्तिमुत्पाद्य तत्र सञ्जनयेद्रतिम्" इति॥ ३५॥

अनुवाद

अनासङ्ग अर्थात् आसङ्ग रहित। आसङ्ग, इसका अपर नाम है— आसक्ति, रुचि। इससे रहित साधन समूह के द्वारा भक्ति प्राप्ति नहीं होती है। कहने का अभिप्राय यह है कि श्रीमूर्त्ति के चरणों की सेवा में प्रीति, श्रीमद्भागवत ग्रन्थ का आस्वादन, सजातीय वासनायुक्त भक्त का सङ्ग, नाम सङ्कीर्त्तन और श्रीमन् मथुरा मण्डल में वास; भक्ति के इन पाँच अङ्गों के आचरण के बिना नति, स्तुति, वन्दनादि करने से भी भक्ति अलभ्य है।

आसक्ति युक्त उन सब साधनों के द्वारा उत्तमा भक्ति लभ्य होने पर भी श्रीहरि सत्वर उत्तमा भक्ति नहीं देते हैं, उनमें (श्रीहरि में) आसक्ति होने पर ही देते हैं। ऐसा आगे ग्रन्थ में कहा गया है (१-३-८)—

साधनेऽभिनिवेशस्तु तत्र निष्पादयन् रुचिम्।
हरावासक्तिमुत्पाद्य तत्र सञ्जनयेद्रतिम्॥

साधन में अभिनिवेश अर्थात् निष्ठा पहले भक्ति में रुचि उत्पादन करता है, फिर श्रीहरि में आसक्ति उत्पन्न करके रति अर्थात् भाव भक्ति का उदय करता है॥ ३५॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अनासङ्गैः श्रद्धादिभक्तिभूमिकान्तर्गतासक्तिरहितैः साधनसमूहैः सर्वथैवालभ्या, आसक्त्युत्तरमेव रत्युत्पत्तेः श्रवणात्। हरिणा चासक्तिसहितैरपि साधनसमूहैराशु शीघ्रमदेया, विलम्बेन तु दीयत इत्यर्थः। द्विधा सुदुर्ल्लभेति प्रकारद्वयेनापि दुल्लर्भत्वं तस्या इत्यर्थः॥ ३५॥

अनुवाद

अनासङ्ग अर्थात् श्रद्धादि (श्रद्धा, साधु सङ्ग, भजन क्रिया, अनर्थ निवृत्ति, निष्ठा, रुचि और आसक्ति) भक्ति की भूमिका के अन्तर्गत आसक्ति रहित साधन समूह के द्वारा उत्तमा भक्ति सर्वथा अलभ्य

है। आसक्ति के बाद ही रति उत्पन्न होती है, यह सुनने में आता है। आसक्ति से युक्त साधन करने पर भी हरि सत्त्वर नहीं देते हैं, विलम्ब से देते हैं, इस प्रकार जानना होगा। 'द्विधा सुदुर्ल्लभा है' इस कथन से यह जानना होगा कि– भक्ति दो प्रकार से सुदुर्ल्लभ है॥ ३५॥

तत्राद्या, यथा तन्त्रे–

ज्ञानतः सुलभा मुक्तिर्भुक्तिर्यज्ञादिपुण्यतः।
सेयं साधनसाहस्रैर्हरिभक्तिः सुदुर्ल्लभा॥ (३६)

अनुवाद

उसमें से प्रथम प्रकार की सुदुर्लभता तन्त्र में इस प्रकार वर्णित है–

ज्ञान से मुक्ति सुलभ है, यज्ञादि पुण्य से भुक्ति अर्थात् भोग सुलभ है, किन्तु सहस्रों साधनों से भी हरिभक्ति सुदुर्लभ है॥ ३६॥

दुर्गमसङ्गमनी

ज्ञानत इति। तन्त्रमतं तावद्विचार्य्यते। अत्र ज्ञानयज्ञादिपुण्ये सासङ्गे एव वाच्ये, तयोस्तादृशत्वं विना मुक्तिभुक्तयोः सिद्धिरपि न स्यात्। अस्तु तावत्सुलभत्ववार्त्ता। अतः साधनसहस्राणामपि सासङ्गत्वमेव लभ्यते। वाक्यार्थक्रमभङ्गस्यावश्यपरिहार्य्यत्वात् सहस्रबाहुल्यासिद्धेश्च। तत्र यदि ज्ञानयज्ञादिपुण्ययोः सासङ्गत्वं तदेकनिष्ठत्वमात्रं वाच्यं, तदा तादृशाभ्यामपि ताभ्यां तयोः सुलभत्वं नोपपद्यते। (गी. १२-५) "क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसामित्यादेः," "क्षुद्राशा भूरिकर्म्माणो बालिशा वृद्धमानिनः", (भा.१०-२३-९) इत्यादेश्च। तस्मात्तयोः सासङ्गत्वं नैपुण्येन विहितत्वमित्येव वाच्यं, नैपुण्यञ्च भक्तियोगसंयोक्तृत्वमिति। "पुरेह भूमन् बहवोऽपि योगिनः" (भा. १०-१४-५) इत्यादेः, "स्वर्गापवर्गयोः पुंसाम्" इत्यादेश्च (भा. १०-८१-१९), अथ हरिभक्तिशब्देन साध्यरूपो रतिपर्य्यायस्तद्भाव एवोच्यते, (भा. ११-३-३१) भक्त्या सञ्जातया भक्त्येतिवत् । ततश्च साधनशब्देन हरिसम्बन्धिसाधनमेवोच्यते, तत्सम्बन्धित्वं बिना तद्भावजन्मायोगात् तथा च साधनशब्देन साक्षात्तद्भजने वाच्ये तत्र पूर्वक्रमतः सासङ्गत्वे लब्धे सहस्रबहुत्वनिर्देशेनापर्य्यवसानात् सुशब्दाच्च भीतस्य कस्यापि तत्र (भावभक्तौ) प्रवृत्तिर्न स्यात्। तेन तत्र सुलभत्वं तु, (भा. २-८-३) ''शृण्वतः श्रद्धया नित्यं गृणतश्च स्वचेष्टितम्। नातिदीर्घेण कालेन भगवान् विशते हृदि॥'' (भा. १-५-२६) ''तत्रान्वहं कृष्णकथाः प्रगायतामनुग्रहेणाशृणवं मनोहराः। ताः श्रद्धया मेऽनुपदं विशृण्वतः प्रियश्रवस्याङ्ग! ममाभवद्रुचिः॥'' इत्यादौ प्रसिद्धं, तस्मात्साधनशब्देन "न साधयति मां योगो" (भा. ११-१४-२०) इत्यादिवत्तदर्थविनियुक्तकर्म्मादिकमेवोच्यते। अतएव साधनशब्द एव विन्यस्तो, न तु भजनशब्दः। तस्य सासङ्गत्वं नाम च तदर्थविनियोगात् पूर्ववन्नैपुण्येन विहितत्वमेव। तत्साहस्रैरपि सुदुर्ल्लभेत्युक्तिस्तु साक्षात् तद्भजनमेव कर्त्तव्यत्वेन प्रवर्त्तयति। तथाऽपि कारिकायामनासङ्गैरिति यदुक्तं, तत्र चासङ्गेन साधननैपुण्यमेव बोध्यते, तन्नैपुण्यञ्च साक्षात्तद्भजने प्रवृत्तिः। ततश्च तस्य तादृशसामर्थ्येऽप्यन्यत्र

स्वर्गादौ प्रवृत्त्या न विद्यते आसङ्गो नैपुण्यं येषु तादृशैर्नानासाधनैरित्यर्थः। तादृशनानासाधनत्वं तु नेष्टं, "तस्मादेकेन मनसा भगवान् सात्त्वतां पतिः। श्रोतव्यः कीर्त्तितव्यश्च स्मर्त्तव्यश्चेच्छताऽभयम्॥" इत्यादौ। (भा. १-२-१४) तस्मादितरमिश्रिताऽपि न युक्तेति साध्वेव लक्षितं ज्ञानकर्म्माद्यनावृतमिति॥ ३६॥

अनुवाद

निर्भेद ब्रह्मानुसन्धान रूप ज्ञान से मुक्ति सुलभ है, यज्ञादि पुण्य से भुक्ति अर्थात् भोग सुलभ है, किन्तु सहस्रों साधनों से भी हरिभक्ति सुदुर्लभ है। इस प्रकार तन्त्र का मत है, उसका विचार यहाँ पर करते हैं–

यहाँ पर ज्ञान, यज्ञादि पुण्य को आसक्ति के साथ ही करने के लिए कहा गया है, क्योंकि ज्ञान, यज्ञादि पुण्य को आसक्ति के साथ नहीं करने से मुक्ति और भुक्ति की सिद्धि नहीं होगी। सुलभता से मिलने की तो बात ही दूर है।

अतः सहस्र-सहस्र साधन से भी सासङ्गत्व ही लाभ होता है, ऐसा अर्थ प्राप्त होता है। वाक्यार्थ क्रमभङ्ग का परिहार करने हेतु ऐसा समझना आवश्यक है। सहस्र अर्थात् साधन बाहुल्य से मुक्ति और भुक्ति की सिद्धि नहीं होती है, इसलिए भी साधनसाहस्रैः से सासङ्गत्व ही लभ्य है।

यदि सासङ्ग शब्द का अर्थ, एकनिष्ठ होकर कार्य करना है, इस प्रकार करेंगे, तो भी बिना आसक्ति से ज्ञान एवं कर्म के अनुष्ठान से मुक्ति और भोग सुलभ नहीं होंगे। गीता के १२-५ में कहा गया है–

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्।
अव्यक्ताहि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते॥

उन सच्चिदानन्दघन निराकार ब्रह्म में आसक्त चित्त वाले व्यक्तियों के साधन में अधिकतर परिश्रम ही है, क्योंकि देहाभिमानियों के द्वारा अव्यक्त विषयक गति दुःखपूर्वक प्राप्त की जाती है। श्रीमद्भागवत के १०-२३-९ में उक्त है–

इति ते भगवद्याच्ञां शृण्वन्तोऽपि न शुश्रुवुः।
क्षुद्राशा भूरिकर्माणो बालिशा वृद्धमानिनः॥

इस प्रकार भगवान् के अन्न माँगने की बात सुनकर भी उन ब्राह्मणों ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। वे चाहते थे, स्वर्गादि तुच्छ फल, और उनके लिए बड़े-बड़े कर्मों में उलझे हुए थे। सच पूछो तो वे ब्राह्मण ज्ञान की दृष्टि से बालक ही थे, परन्तु अपने को बड़ा ज्ञानवृद्ध मानते थे।

इसलिए उन दोनों के सासङ्गत्व शब्द का अर्थ है– निपुणता के साथ आचरण करना। निपुणता का अर्थ है– भक्ति योग के साथ ही करना है। (भा. १०-१४-५) में लिखित है–

पुरेह भूमन् बहवोऽपि योगिनस्तदर्पितेहा निजकर्मलब्धया।
विबुध्य भक्त्यैव कथोपनीतया प्रपेदिरेऽञ्जोऽच्युत ते गतिं पराम्॥

हे अच्युत! हे अनन्त! इस लोक में पहले भी बहुत से योगी हो गये हैं। जब उन्हें योगादि के द्वारा आपकी प्राप्ति न हुई, तब उन्होंने अपने लौकिक और वैदिक समस्त कर्म आपके चरणों में समर्पित कर दिये। उन समर्पित कर्मों से, तथा आपकी लीला-कथा से उन्हें आपकी भक्ति प्राप्त हुई। उस भक्ति से ही

आपके स्वरूप का ज्ञान प्राप्त करके उन्होंने बड़ी सुगमता से आपके परम पद की प्राप्ति कर ली। श्रीभागवत के (१०-८१-१९) में लिखित है–

स्वर्गापवर्गयोः पुंसां रसायां भुवि सम्पदाम्।
सर्वासामपि सिद्धीनां मूलं तच्चारणार्चनम्॥

स्वर्ग, मोक्ष, पृथ्वी, रसातल की सम्पत्ति तथा समस्त योग सिद्धियों की प्राप्ति का मूल उनके चरणों की पूजा ही है।

यहाँ पर हरि भक्ति शब्द से साध्य रूप रति जिसका अपर नाम है– भाव, को जानना होगा। भागवत के ११-३-३१ में उक्त है–

स्मरन्तः स्मारयन्तश्च मिथोऽघौघहरं हरिम्।
भक्त्या सञ्जातया भक्त्या बिभ्रत्युत्पुलकां तनुम्॥

श्रीकृष्ण राशि-राशि पापों का नाश एक क्षण में कर देते हैं। सब उन्हीं का स्मरण करें, और एक दूसरे को स्मरण करावें। इस प्रकार साधन भक्ति का अनुष्ठान करते करते प्रेम भक्ति का उदय होने से वे प्रेमोद्रेक से पुलकित शरीर धारण करते हैं।

यहाँ साधन शब्द के द्वारा हरि सम्बन्धी साधन को ही कहा गया है, क्योंकि उसके सम्बन्ध के बिना भाव उत्पन्न हो ही नहीं सकता।

इस प्रकार साधन शब्द से साक्षात् भगवान् का भजन करने; और श्रद्धा इत्यादि क्रम से इसका अनुष्ठान करने से सासङ्गत्व लाभ होगा। इससे सहस्र बहुत्व निर्देश के द्वारा सीमा न होने, और सु शब्द प्रयोग होने के कारण भय से भाव भक्ति में किसी की प्रवृत्ति ही नहीं होगी; ऐसा डर नहीं होगा। भक्ति की सुलभता प्रसिद्ध है– (भा. २-८-३) में उक्त है–

शृण्वतः श्रद्धया नित्यं गृणतश्च स्वचेष्टितम्।
कालेन नातिदीर्घेन भगवान विशते हृदि ॥

जो लोक उनकी लीलाओं का श्रद्धा से नित्य श्रवण और कथन करते हैं, उनके हृदय में थोड़े ही समय में भगवान् प्रकट हो जाते हैं।

भा. १-५-२६ में कथित है–

तत्रान्वहं कृष्ण कथाः प्रगायतामनुग्रहेणाशृणवं मनोहराः।
ताः श्रद्धया मेऽनुपदं विशृण्वतः प्रियश्रवस्यङ्ग ममाभवद्रुचिः॥

'उस सत्सङ्ग में उन लीलागान परायण महात्माओं के अनुग्रह से मैं प्रतिदिन श्रीकृष्ण की मनोहर कथाएँ सुना करता था। श्रद्धापूर्वक एक एक पद श्रवण करते करते प्रिय कीर्त्ति भगवान् में मेरी रुचि हो गयी।' इत्यादि श्लोकों में भक्ति की सुलभता प्रसिद्ध है। (भा. ११-१४-२०) में उक्त है–

न साधयति मां योगो न साख्यं धर्म उद्धव।
न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो यथा भक्तिर्ममोर्जिता॥

उद्धव! योग, साधन, ज्ञान, विज्ञान, धर्मानुष्ठान, जप, पाठ, तप और त्याग मुझे प्राप्त कराने में

उतने समर्थ नहीं हैं, जितनी दिनों दिन बढ़ने वाली अनन्य प्रेममयी मेरी भक्ति।

इन सबकी भाँति उन श्रीकृष्ण के लिए कर्म समूह का भी ग्रहण होता है। अतएव यहाँ पर साधन शब्द का प्रयोग किया गया है, किन्तु भजन शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है। साधन और भजन में अन्तर है। सासङ्ग शब्द से श्रीकृष्ण सन्तोष के लिए कर्म पूर्ववत् निपुणता से अर्थात् भक्ति से ही करना चाहिये।

सहस्रों साधनों से भी भक्ति सुलभ नहीं है, इस कथन का तात्पर्य है— साक्षात् रूप से उनका भजन ही करना कर्त्तव्य है। तथापि कारिका में अनासङ्ग शब्द प्रयोग हुआ है, वहाँ आसङ्ग शब्द साधन निपुणता को ही समझाता है। निपुणता है— साक्षात् श्रीकृष्ण के भजन में प्रवृत्ति। अतएव उस प्रकार सामर्थ्य होने पर भी अन्यत्र स्वर्ग आदि प्राप्ति में प्रवृत्ति होने पर आसङ्ग नहीं होगा। अनेक प्रकार के साधनों में लगने से नैपुण्य भी नहीं होगा। इसलिए अनेक प्रकार के साधन इष्ट नहीं हैं। इस सम्बन्ध में श्रीमद्भागवत के १-२-१४ में उक्त है—

तस्मादेकेन मनसा भगवान् सात्वतां पतिः।
श्रोतव्यः कीर्त्तितव्यश्च ध्येयः पूज्यश्च नित्यदा॥

इसलिए एकाग्र मन से भक्तवत्सल भगवान् का ही नित्य-निरन्तर श्रवण, कीर्त्तन, ध्यान और आराधन करना चाहिये। इससे भय मिट जायेगा।

इसलिए अपर कुछ अनुष्ठान मिलाकर भी भक्ति नहीं करनी चाहिये। इन सभी के द्वारा उत्तमा भक्ति के लक्षण में दिये हुए— ज्ञानकर्माद्यनावृतम् पद की उत्तम व्याख्या हुई है॥ ३६॥

द्वितीया यथा पञ्चमस्कन्धे (५-६-१८) —

राजन्! पतिर्गुरुरलं भवतां यदूनां,
दैवं प्रियः कुलपतिः क्व च किङ्करो वः।
अस्त्वेवमङ्ग! भजतां भगवान्मुकुन्दो,
मुक्तिं ददाति कर्हिचित् स्म न भक्तियोगम्॥ इति। (३७)

अनुवाद

राजन्! भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं पाण्डव लोगों के और यदुवंशियों के रक्षक, गुरु, इष्टदेव, सुहृद् और कुलपति थे, यहाँ तक कि वे कभी-कभी आज्ञाकारी सेवक भी बन जाते थे। इसी प्रकार भगवान् दूसरे भक्तों के भी अनेकों कार्य कर सकते हैं, और उन्हें मुक्ति भी दे देते हैं; परन्तु मुक्ति से बढ़कर जो भक्तियोग है, उसे सहज में नहीं देते हैं॥ ३७॥

दुर्गमसङ्गमनी

कर्हिचिन्न ददातीत्युक्ते कर्हिचिद्ददातीत्यायाति। "असाकल्ये तु चिच्चनौ।" अतएव कर्हिचिदपीति नोक्तम्। तस्मादासङ्गेनापि कृते साधनभूते साक्षाद्भक्तियोगे सति यावत्फलभूते भक्तियोगे गाढासक्तिर्न जायते, तावन्न ददातीत्यर्थः। तथैव च लक्षितम्— अन्याभिलाषिताशून्यमिति॥ ३७॥

अनुवाद

'कभी नहीं देते हैं'– इस प्रकार कहने पर, 'कभी देते हैं' इस प्रकार समझना होगा। चित् और चन प्रत्यय असाकल्य अर्थ में होता है, अतएव 'कभी' कहा, किन्तु 'कभी भी' नहीं कहा गया है। इसलिए आसंग अथवा आसक्ति के साथ साक्षात् भक्ति योग का साधन करने पर भी फलभूत भक्तियोग में गाढ़ आसक्ति जब तक नहीं होती है, तब तक भाव भक्ति नहीं देते हैं, इस प्रकार जानना होगा। इसलिए उत्तमा भक्ति के लक्षण में 'अन्याभिलाषिताशून्यम्' पद दिया गया है॥ ३७॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

राजन्निति,– अस्त्वेवं युस्माकं यादवानाञ्च स्नेहसम्बन्धाभ्यां वशवर्त्ती दूरे तिष्ठत्वित्यर्थः, भक्तियोगं रतिरूपं कर्हिचिन्न ददातीत्युक्तेः कर्हिचिद्ददातीत्यायाति,– 'असाकल्ये तु चिच्चनौ– अतएव कर्हिचिदपीति नोक्तं; तस्मात् स्वस्मिन्नासक्त्यां सत्यामेव देयत्वम्॥ ३७॥

अनुवाद

श्रीकृष्ण पाण्डव एवं यदुओं के पति-पालक, गुरु-उपदेष्टा, दैव-उपास्य, प्रिय-प्रीतिकारी और कुलपति-नियन्ता हैं। आप यदुकुल में अवतीर्ण होने पर भी यदुकुल एवं पाण्डव कुल दोनों के प्रति समान व्यवहार करते हैं। कभी अधिक प्रेम होने के कारण पाण्डवों के दूत का कार्य भी करते हैं। कभी आदेश पालन करके भी चलते रहते हैं। इस प्रकार होने पर भी मुकुन्द नित्य भजनकारी गण को भक्तियोग (रति भावभक्ति) कभी नहीं देते हैं। मुक्ति ही देते हैं।

रतिरूप भक्तियोग 'कभी नहीं देते हैं' कहने से 'कभी देते हैं', ऐसा जानना होगा। असाकल्य अर्थ में चित् और चन प्रत्यय का प्रयोग होता है, अतएव 'कभी भी' नहीं कहा गया है। इसका अभिप्राय यह है कि श्रीकृष्ण निज विषयक आसक्ति युक्त भक्त को भक्ति (भाव भक्ति) ही देते हैं॥ ३७॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

हे राजन्! भवतां पाण्डवानां यदूनाञ्च पतिः पालकः, गुरुरुपदेष्टा, दैवमुपास्यः, प्रियः प्रीतिकृत्, कुलपतिर्नियन्तेति। यदुष्ववतरतोऽपि कृष्णस्य तेषु भवत्सु च तुल्यएव व्यवहारो दृष्टः। किञ्च, क्व च कदाचिद् वः पाण्डवानां दूत्यादिषु किङ्करो, न च तथा यदूनामिति यदुभ्योऽपि प्रेमवत्त्वे भवतामाधिक्यमेवेति भावः। भजद्भ्यो ह्यभजद्भ्योऽपि परमप्रेमाधिक्यदानस्य वार्त्ता कियती वक्तव्या? सा सर्वोपरि विराजताम्। अन्येभ्यो भजद्भ्योऽपि न भक्तियोगं भावभक्तिमपि प्रायो न ददाति, किञ्च ततोऽप्यतिनिकृष्टां मुक्तिमेवेत्याह अस्त्वेवेति; भजतां भजद्भ्यः; अत्र कर्हिचिदपीत्यनुक्ते मुक्तिमनिच्छद्भ्यः शुद्धभक्तेभ्यस्तु भक्तिमेव ददातीत्यर्थो लभ्यते॥ ३७॥

अनुवाद

हे राजन्! पाण्डवों एवं यदुओं के पति-पालक हैं, गुरु-उपदेष्टा हैं, दैव-उपास्य हैं, प्रिय-प्रीतिकर्त्ता हैं, और कुलपति-नियन्ता भी हैं। यदुकुल में आविर्भूत होने पर भी कृष्ण का व्यवहार पाण्डव एवं यदुओं

के प्रति समान है। कदाचित् पाण्डवों के दूत कार्य करके किङ्कर होते हैं, इसलिए यदुओं से आप सबके प्रति अधिक प्रेम दिखाई देता है। इसलिए भजन करे अथवा न करे, सबके प्रति प्रेम दान करते रहते हैं, यह बात सर्वोपरि है।

कुछ लोक भजन करते हैं, तो भी उन सबको भक्ति योग (भाव भक्ति) प्रायकर नहीं देते हैं, किन्तु अति निकृष्ट मुक्ति ही उन सबको देते हैं। यहाँ पर 'कर्हिचिदपि' न कहने से मुक्ति न चाहकर भजन करने वाले शुद्ध भक्त को भक्ति ही देते हैं, इस प्रकार अर्थबोध हुआ॥ ३७॥

सान्द्रानन्दविशेषात्मा—

ब्रह्मानन्दो भवेदेष चेत् परार्द्धगुणीकृतः।
नैति भक्तिसुखाम्भोधेः परमाणुतुलामपि॥ (३८)

अनुवाद

परार्द्धकाल तक समाधि से सिद्ध ब्रह्मसुख भक्तिसुख सागर के एक परमाणु के भी समान नहीं हो सकता है॥ ३८॥

दुर्गमसङ्गमनी

परार्द्धेति— परार्द्धकालसमाधिना समुदितं तत्सुखमपीत्यर्थः॥ ३८॥

अनुवाद

परार्द्धकाल पर्यन्त समाधि के द्वारा जो ब्रह्मसुख लाभ होता है, वह सुख भक्तिसुख सागर के परमाणु के समान भी नहीं हो सकता॥ ३८॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

परार्द्धेति परार्द्धं कालं व्याप्य क्रियमाणेन समाधिना सिद्धं ब्रह्मसुखमपीत्यर्थः। भक्तिरूपसुखसमुद्रस्य यः परमाणुस्तस्यापि तुलनां नैति न प्राप्नोति॥ ३८॥

अनुवाद

परार्द्धकाल पर्यन्त किया हुआ समाधि सिद्ध ब्रह्मसुख। भक्ति रूप सुख समुद्र का जो परमाणु है, उसके साथ भी उक्त ब्रह्मसुख की तुलना नहीं हो सकती है॥ ३८॥

यथा हरिभक्तिसुधोदये—

त्वत्साक्षात्करणाह्लादविशुद्धाब्धिस्थितस्य मे।
सुखानि गोष्पदायन्ते ब्राह्माण्यपि जगद्गुरो! ॥ (३९)

अनुवाद

हे जगद्गुरो! तुम्हारे साक्षात्कार हेतु विशुद्ध आनन्द समुद्र में मग्न मेरे लिए ब्रह्म स्वरूप प्राप्ति सुख भी गोष्पद के समान लगता है॥ ३९॥

दुर्गमसङ्गमनी

ब्राह्माणीत्यत्र पारमेष्ठ्यानीति तु न व्याख्येयं, परब्रह्मानन्देनैव तस्य तारतम्यं श्रीभागवतादिषु— (भा. ३-१५-४३) प्रसिद्धमिति, 'तस्यारविन्दनयनस्य पदारविन्दे' त्यादिभ्यः॥ ३९॥

अनुवाद

ब्राह्मणी— ब्रह्म सुख के स्थान पर पारमेष्ठ्य सुख व्याख्या करना ठीक नहीं है, परब्रह्मानन्द के साथ उसका तारतम्य श्रीमद्भागवत आदि ग्रन्थ में प्रसिद्ध है। श्रीमद्भागवत के (३-१५-४३) में उक्त है—

तस्यारविन्दनयनस्य पदारविन्दकिञ्जलकमिश्रतुलसीमकरन्दवायुः।
अन्तर्गतः स्वविवरेण चकार तेषां संक्षोभमक्षरजुषामपि चित्ततन्वोः॥

सनकादि मुनिगण निरन्तर ब्रह्मानन्द में निमग्न रहा करते थे, किन्तु जिस समय भगवान् कमलनयन के चरणारविन्द मकरन्द से मिली हुई तुलसी मञ्जरी के गन्ध से सुवासित वायु ने नासिका रन्ध्रों के द्वारा उनके अन्तःकरण में प्रवेश किया, उस समय वे अपने शरीर को सम्भाल न सके, और उस दिव्य गन्ध ने उनके मन में भी भली भाँति क्षोभ पैदा कर दिया॥ ३९॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

त्वत्साक्षादिति तव साक्षात्कारानन्दसमुद्रे स्थितस्य मम ब्राह्माणि ब्रह्मस्वरूपाण्यपि सुखानि गोष्पदायन्ते गोष्पदमिवाचरन्ति। ब्राह्माणीत्यत्र पारमेष्ठ्यानीति न व्याख्येयम्; परब्रह्मानन्देनैव तस्य तारतम्यं श्रीभागवतादिषु (भा. ३-१५-४३) प्रसिद्धम्— 'तस्यारविन्दनयनस्य पदारविन्द' इत्यादिभ्यः॥३९॥

अनुवाद

तुम्हारे साक्षात्कारानन्द समुद्र में स्थित मेरा ब्रह्म स्वरूप सुख भी गोष्पद की तरह लगता है। ब्राह्मणी अर्थात् ब्रह्मसुख, उसके स्थान पर पारमेष्ठ्य अर्थात् कि 'ब्रह्मा के लोक का सुख' ऐसी व्याख्या करना ठीक नहीं है, क्योंकि परब्रह्मानन्द के साथ भक्तिसुख का तारतम्य भागवतादि ग्रन्थ में प्रसिद्ध है— (श्री भागवत ३-१५-४३) में उक्त है—

तस्यारविन्दनयनस्य पदारविन्दकिञ्जलकमिंश्रतुलसीमकरन्दवायुः।
अन्तर्गतः स्वविवरेण चकार तेषां संक्षोभमक्षरजुषामपि चित्ततन्वोः॥

सनकादि मुनिगण निरन्तर ब्रह्मानन्द में निमग्न रहा करते थे, किन्तु जिस समय भगवान् कमलनयन के चरणारविन्द मकरन्द से मिली हुई तुलसी मञ्जरी के गन्ध से सुवासित वायु ने नासिका रन्ध्रों के द्वारा उनके अन्तःकरण में प्रवेश किया, उस समय वे अपने शरीर को सँभाल न सके, और उस दिव्य गन्ध ने उनके मन में भली-भाँति क्षोभ पैदा कर दिया॥ ३९॥

तथा भावार्थदीपिकायाञ्च (भा. १०-८८-११)—

त्वत्कथाऽमृतपाथोधौ विहरन्तो महामुदः।
कुर्वन्ति कृतिनः केचिच्चतुर्वर्गं तृणोपमम्॥ (४०)

अनुवाद

तुम्हारे कथामृतरूप समुद्र में विहारशील, अतएव परमानन्दमय कोई-कोई सुकृति भक्त धर्म, अर्थ, काम व मोक्षरूप चतुर्वर्ग को तृण के समान मानते हैं॥ ४०॥

दुर्गमसङ्गमनी

सत्स्वपि बहुषु उदाहरिष्यमाणेषु श्रीभागवतादिवाक्येषु भावार्थदीपिकोदाहरणन्तु तत्कर्त्तुस्तत्तात्पर्य्यज्ञत्वेन सर्वतत्तद्वाक्यार्थसङ्ग्रहोऽयमित्यभिप्रायात्।॥ ४०॥

अनुवाद

श्रीमद्भागवत आदि के अनेक वाक्य उदाहरण के लिए उपलब्ध होने पर भी श्रीधर स्वामिपाद की भावार्थ दीपिका का उदाहरण इसलिए दिया गया है कि इसमें टीकाकार स्वामिपाद ग्रन्थ के तात्पर्य को जानते हैं, इसलिए आपने उक्त वाक्य के द्वारा उन वाक्यों के अर्थों का संग्रह किया है। समस्त प्राकरणिक वाक्यों का संग्रह इस वाक्य में होने के कारण इस वाक्य को उदाहरण रूप में लिया गया है॥ ४०॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

भावार्थदीपिकायां श्रीस्वामिचरणैः कृतायां श्रुत्यध्यायटीकायाम्। पाथोधौ समुद्रे; महामुदः परमानन्दयुक्ताः॥ ४०॥

अनुवाद

श्रीधर स्वामिपाद ने श्रुत्यध्याय टीका में लिखा है (भा. १०-८७-२१)—

दुखगमात्मतत्त्वनिगमाय तवात्ततनोश्चरित-महामृताब्धि-परिवर्त्त-परिश्रमणाः।
न परिलषन्ति केचिदपवर्गमपीश्वर ते चरण-सरोज-हंसकुल-सङ्ग-विसृष्टग्रहाः॥

भगवन्! परमात्म तत्त्व का ज्ञान प्राप्त करना अत्यन्त कठिन है। उसी का ज्ञान कराने के लिए आप विविध प्रकार के अवतार ग्रहण करते हैं; और उनके द्वारा ऐसी लीला करते हैं जो अमृत के महासागर से भी मधुर और मादक होती है। जो लोक उसका सेवन करते हैं उनकी सारी थकावट दूर हो जाती है, वे परमानन्द में मग्न हो जाते हैं। कुछ प्रेमी भक्त तो ऐसे होते हैं, जो आपकी लीला कथाओं को छोड़कर मोक्ष की भी अभिलाषा नहीं करते, स्वर्ग आदि की तो बात ही क्या है। वे आपके चरण कमलों के प्रेमी परमहंसों के सत्सङ्ग में, जहाँ आपकी कथा होती है, इतना सुख मानते हैं कि उसके लिए इस जीवन में प्राप्त अपनी घर गृहस्थी का भी परित्याग कर देते हैं।

त्वत्-कथामृत पाथोधौ विहरन्तो महामुदः।
कुर्वन्ति कृतिनः केचिच्चतुर्वर्ग तृणोपमम्॥

कोई-कोई विरले शुद्धान्तःकरण महापुरुष आपके अमृतमय कथा समुद्र में विहार करते हुए परमानन्द में मग्न रहते हैं, और चारो पुरुषार्थों (अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष) को तृण के समान तुच्छ बना देते हैं॥ ४०॥

श्रीकृष्णाकर्षिणी—

कृत्वा हरिं प्रेमभाजं प्रियवर्गसमन्वितम् ।
भक्तिर्वशीकरोतीति श्रीकृष्णाकर्षिणी मता॥ (४१)

अनुवाद

प्रेम भक्ति द्वारा श्रीकृष्ण को आकर्षण करने का वर्णन करते हैं—

भक्ति श्रीहरि को प्रियवर्ग के सहित प्रेम का पात्र बनाकर आकर्षण करके वशीभूत करती है, इसलिए यह भक्ति श्रीकृष्णाकर्षिणी कही जाती है॥ ४१ ॥

दुर्गमसङ्गमनी

प्रेमभाजमिति आकर्षणशब्दबलात्, प्रियवर्गसमन्वितमिति श्रीशब्दबलाद् व्याख्यातम्॥ ४१ ॥

अनुवाद

आकर्षण शब्द से बोध होता है कि श्रीकृष्ण को प्रीति युक्त करके भक्ति अपने त्याग, समर्पण व सेवा के द्वारा उनको आकर्षण करती है। श्रीकृष्णाकर्षिणी है,— यहाँ पर श्री शब्द का प्रयोग होने के कारण प्रेमपूर्वक परिकरवर्ग के साथ श्रीकृष्ण को आकर्षण करती है, इसलिए यह प्रेम भक्ति श्रीकृष्णाकर्षिणी कही जाती है॥ ४१ ॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

कृत्वेति,—प्रियवर्गसमन्वितमिति राजायं गच्छतीतिवत् सपरिवारस्य प्राप्तिरिति व्याख्यातम्॥४१ ॥

अनुवाद

'राजा जा रहे हैं', इससे जिस प्रकार सपरिवार राजा का गमन बोध होता है, उसी प्रकार यहाँ पर भी 'प्रियवर्ग के सहित' अर्थात् सपरिवार श्रीकृष्ण का आकर्षण करना बोध होता है॥ ४१ ॥

यथैकादशे (११-१४-२०)—

न साधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव! ।
न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो यथा भक्तिर्ममोर्जिता॥ (४२)

अनुवाद

उद्धव! योग-साधन, ज्ञान-विज्ञान, धर्मानुष्ठान, जप-पाठ और तप-त्याग मुझे प्राप्त कराने में उतने समर्थ नहीं हैं जितनी दिनों-दिन बढ़ने वाली अनन्य प्रेममयी मेरी भक्ति मुझको प्राप्त कराती है॥ ४२ ॥

दुर्गमसङ्गमनी

न साधयतीत्यत्र यद्यपि योगादिसाधनप्रतिस्पर्धित्वेन साधनत्वमेवास्या आयाति, ततश्चाग्रत

इत्यादिवक्ष्यमाणानुसारेण (१-१-४४) साध्यभक्तिमहिमप्रस्तावेऽस्मिन्नुदाहरणं न सम्भवति, तथाऽपि साध्यमेव जनयित्वा वशीकरोत्यासाविति तथोक्तम्॥ ४२॥

अनुवाद

यद्यपि योगादि साधन के प्रतिपक्ष रूप में भक्ति का साधनत्व ही कथित हुआ है, और इस ग्रन्थ के १-१-४४ में कथित है—

अग्रतो वक्ष्यमाणायास्त्रिधा भक्तेरनुक्रमात्।
द्विशः षड्भिः पदैरेतन्माहात्म्यं परिकीर्त्तितम्॥

आगे ग्रन्थ में क्रमवार वर्णित हाने वाली त्रिविध भक्ति (साधन, भाव व प्रेम) का माहात्म्य दो-दो करके कुल छः पदों के द्वारा कीर्त्तित हुआ।

इस पद्य के अनुसार साध्य भक्ति के माहात्म्य सूचक इस प्रस्ताव में यह उदाहरण देना सम्भव नहीं है, साधन प्रकरण में साध्य का सन्निवेश नहीं होना चाहिये। तथापि साधयति पद के निर्देश से बोध होता है कि साधन भक्ति साध्य भक्ति का उदय करवाकर ही श्रीकृष्ण का वशीकरण करती है, इसलिए इस प्रकरण में इसका उदाहरण दिया गया है॥ ४२॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

न साधयतीति, उर्ज्जिता प्रेमलक्षणा सती मां सप्रियवर्गम्। तत्र योगादयोऽपि परमोत्कर्षं प्राप्ता ज्ञेयाः, ऊर्ज्जित भक्तिप्रतिस्पर्द्धित्वात्॥ ४२॥

अनुवाद

उर्ज्जिता अर्थात् प्रेमलक्षणा भक्ति प्रियवर्ग के साथ श्रीकृष्ण को आकर्षण करती है। योगादि भी परमोत्कर्ष को प्राप्त होकर मेरे को प्राप्त नहीं करा सकते हैं। कारण— यह भक्ति उर्ज्जिता है, अर्थात् ज्ञान कर्मादि के द्वारा आवृत न होकर परम प्रबला है॥ ४२॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

न साधयतीति— यद्यपि योगादिसाधनप्रतिस्पर्धित्वेन साधनत्वमेवास्या आयाति, ततश्चाग्रत इत्यादि वक्ष्यमाणानुसारेण (१-१-४४) साध्यभक्तिमहिमप्रस्तावेऽस्मिन्नुदाहरणं न सम्भवति, तथाऽपि साध्यमेव भक्तिं जनयित्वा वशीकरोत्यासाविति तथोक्तम्। न साधयति न प्राप्तिसाधनं भवति, उर्जिता ज्ञानकर्माद्यनावृतत्वेन प्रबला तीव्रेत्यर्थः॥ ४२॥

अनुवाद

यद्यपि योगादि साधन प्रतिस्पर्धिरूप से कथन होने से यहाँ भक्ति का साधनत्व ही कथन हुआ है, आगे कहेंगे—

अग्रतो वक्ष्यमाणायास्त्रिधा भक्तेरनुक्रमात्।
द्विशः षड्भिः पदैरेतन्माहात्म्यं परिकीर्त्तितम्॥

आगे ग्रन्थ में क्रमवार वर्णित होने वाली त्रिविध भक्ति (साधन, भाव व प्रेम) का माहात्म्य दो-दो करके कुल छः पदों के द्वारा कीर्त्तित हुआ।

इस पद्य के अनुसार साध्य भक्ति के माहात्म्य सूचक इस प्रस्ताव में यह उदाहरण देना सम्भव नहीं है, साधन प्रकरण में साध्य का सन्निवेश नहीं होना चाहिये। तथापि साधनभक्ति साध्यभक्ति को उत्पन्न करके श्रीकृष्ण को वश में करती है।

योग भगवत्प्राप्ति का साधन नहीं हो सकता है, क्योंकि योग से केवल चित्तवृत्ति का निरोध होता है। उर्ज्जिता शब्द का अर्थ है– ज्ञानकर्म आदि से अनावृत होकर प्रबला अर्थात् तीव्र ॥ ४२ ॥

सप्तमे च नारदोक्तौ (७-१०-४८)–

यूयं नृलोके बत भूरिभागा, लोकं पुनाना मुनयोऽभियन्ति।
येषां गृहानावसतीति साक्षाद्, गूढं परं ब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्॥ इति। (४३)

अनुवाद

युधिष्ठिर! इस मनुष्य लोक में तुम लोकों के भाग्य अत्यन्त प्रशंसनीय हैं, क्योंकि तुम्हारे घर में साक्षात् परब्रह्म मनुष्य का रूप धारण करके गुप्त रूप से निवास करते हैं। इस सारे संसार को पवित्र कर देने वाले ऋषि मुनि बार-बार उनका दर्शन करने के लिए चारो ओर से तुम्हारे पास आया करते हैं॥ ४३ ॥

दुर्गमसङ्गमनी

अतएव तत्रापरितुष्यन् प्रियवर्गसमन्वितत्वोदाहरणञ्च करिष्यन्नपरमाह– यूयमिति ॥ ४३ ॥

अनुवाद

प्रियवर्ग के साथ श्रीकृष्णवशीकरणकारिणी भक्ति के प्रथम उदाहरण से चित्त सन्तुष्ट न होने के कारण दूसरा उदाहरण प्रस्तुत करते हैं– यूयमिति ॥ ४३ ॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

साक्षाद्वचनगतमप्येतदर्शयति,– यूयमिति। गूढं वेदादिरहस्यत्वात् असर्वबोधस्वभावम्॥ ४३ ॥

अनुवाद

श्रीकृष्णवशीकरण का सुस्पष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, श्रीमद्भागवत के पद्य के द्वारा। आप सब ही सबसे भाग्यशाली हैं। कारण– वेदादि ग्रन्थों में जिनका वर्णन अति गोपनीय रूप से किया गया है, अतएव उन तत्त्व का ज्ञान सबको होना कठिन है, इस प्रकार के गूढ़ तत्व भी तुम्हारे पास सदा निवास करते हैं॥ ४३ ॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अहो प्रह्लादस्य भाग्यम्– येन भगवान् दृष्टः। वयन्तु मन्दभाग्या इति विषीदन्तं राजानं प्रति यूयं प्रह्लादात्, प्रह्लादगुरोर्मत्तोऽप्यऽन्येभ्योऽपि भक्तेभ्यो, यदुगुरुप्रभृतिभ्योऽपि, वशिष्ठ-मरीचि-कश्यपादि-

ऋषिभ्योऽपि, ब्रह्मरुद्राभ्यामपि, भूरिसौभाग्यवन्त इत्याह नारदः— यूयमिति। यूयं नृणां जीवानां लोकमध्ये भूरिभागाः,— येषां युष्माकं गृहान् लोकं स्वदर्शनादिना पवित्रीकुर्वन्त्योऽपि मुनयोऽभि सर्वतोभावेन स्वं कृतार्थीकर्त्तुं गच्छन्ति; यतो गूढ़ं सर्वतोऽपि रहस्यं यन्मनुष्यलिङ्गं नराकृति परं ब्रह्म, तत् सम्यक् प्रकारेण युष्माभिरनाहुतमप्यासक्तिपूर्वकं येषां गृहेषु साक्षाद् वसति। न हि प्रह्लादादीनां गृहेषु नराकृति परं ब्रह्म साक्षाद् वसति; न च तद्दर्शने कृतार्थीभवितुं मुनयो गच्छन्तीति भावः॥ ४३॥

अनुवाद

अहो प्रह्लाद का भाग्य कैसा है! उन्होंने भगवान् को देखा है। हम सब भाग्यहीन हैं। इस प्रकार विषण्ण राजा युधिष्ठिर के प्रति श्री नारद कह रहे हैं—

आप सब प्रह्लाद से, प्रह्लाद के गुरु मुझसे, एवं अन्य सब भक्तों से भी, यदुगुरु प्रभृति से भी, वशिष्ठ, मरीचि, कश्यप आदि ऋषियों से भी, ब्रह्मा और रुद्र से भी बहुत सौभाग्यवान् हैं।

इस प्रकार श्री नारद कहते हैं— आप सब जीवों के मध्य में, लोकों के मध्य में सबसे ज्यादा भाग्यशाली हैं। आप लोगों के घर में सब लोकों को दर्शन देकर पवित्र करने वाले मुनिगण अपने को सब प्रकार से पवित्र करने के लिए आते रहते हैं। इसका कारण है— सर्व प्रकार से रहस्यमय नराकृति परब्रह्म, आप लोगों के द्वारा बिना बुलाये ही आसक्ति पूर्वक आपके घर में सदा साक्षात् रूप से निवास करते रहते हैं। प्रह्लाद आदि के घरों में नराकृति परमब्रह्म नहीं रहते हैं; न ही उनको देखने के लिए जगत् पवित्र करने वाले मुनिगण भी आते रहते हैं। यही कहने का तात्पर्य है॥ ४३॥

अग्रतो वक्ष्यमाणायास्त्रिधा भक्तेरनुक्रमात्।
द्विशः षड्भिः पदैरेतन्माहात्म्यं परिकीर्तितम्॥ (४४)

अनुवाद

आगे ग्रन्थ में क्रमवार वर्णित होने वाली त्रिविध भक्ति (साधन, भाव व प्रेम) का माहात्म्य दो-दो करके कुल छः पदों के द्वारा कीर्त्तित हुआ॥ ४४॥

दुर्गमसङ्गमनी

द्विशो द्वाभ्यां द्वाभ्यां षड्भिः पदैः क्लेशघ्नीत्यादिभिः परिकीर्त्तितमिति; असाधारणत्वेनेति परिशब्दार्थः। तेन साधनरूपाया द्वौ गुणौ, भावरूपायाश्चत्वारो गुणाः, प्रेमरूपायाः षडपि ज्ञेयाः। तत्र तत्तदन्तर्भावाद् वाय्वादिभूतचतुष्टयवत्॥ ४४॥

अनुवाद

द्विशो अर्थात् दो-दो करके क्लेशघ्नीत्यादि छः पदों के द्वारा भक्ति (साधन, भाव व प्रेम) का माहात्म्य परिकीर्त्तित हुआ। परि शब्द का अर्थ है—असाधारण रूप से। साधनरूपा भक्ति में क्लेशघ्नी, शुभदा दो गुण हैं। भावरूपा भक्ति में क्लेशघ्नी, शुभदा, मोक्षलघुताकृत् और सुदुर्लभा चार गुण हैं। प्रेमरूपा भक्ति में समस्त छः गुण हैं।

पृथ्वी, जल, तेज और वायु इन चारों भूतों में जिस प्रकार क्रमशः गुणों की वृद्धि होती है, उसी प्रकार भक्ति के गुणों की वृद्धि क्रमशः साधन, भाव और प्रेम भक्ति में होती है॥ ४४॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अग्रत इति, द्विशो द्वाभ्यां द्वाभ्यां कृत्वा षड्भिः पदैः क्लेशघ्नीत्यादिभिः असाधारणसाधारणत्वेनेति परिशब्दार्थः। तेन साधनरूपाया द्वौ, भावरूपायाश्चत्वारः, प्रेमरूपायाः षडपि ज्ञेयाः, वाय्वादिभूतचतुष्टयवत्तत्र तत्र तत्तदन्तर्भावात्॥ ४४॥

अनुवाद

दो-दो करके क्लेशघ्नी-शुभदा, मोक्षलघुताकृत्-सुदुर्लभा, सान्द्रानन्दविशेषात्मा-श्रीकृष्णाकर्षिणी ये भक्ति के ये छः गुण वर्णित हुए हैं। परिकीर्त्तितम् शब्द के 'परि' शब्द से असाधारण गुण को जानना होगा। साधनभक्ति में क्लेशघ्नी तथा शुभदा दो, भावभक्ति में क्लेशघ्नी, शुभदा, मोक्षलघुताकृत् तथा सुदुर्लभा चार, प्रेमभक्ति में क्लेशघ्नी, शुभदा, मोक्षलघुताकृत, सुदुर्लभा, सान्द्रानन्दविशेषात्मा तथा श्रीकृष्णाकर्षिणी छः गुण होते हैं।

वायु, तेज, जल और पृथ्वी में जिस प्रकार गुणों की वृद्धि होती है, उसी प्रकार साधन, भाव और प्रेमरूपा भक्ति में भी क्रमशः गुणों की वृद्धि होती है। अर्थात् उन-उन गुणों का वहाँ-वहाँ अन्तर्भाव होता है॥ ४४॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अग्रत इति; साधनभावप्रेमरूपायास्त्रिधाभक्तेर्द्विशः द्वाभ्यां द्वाभ्यां षड्भिः पदैः। तथा च– ''क्लेशघ्नी शुभदा'' इत्यनेन पदद्वयेन साधनभक्तेर्माहात्म्यं कथितम्; एवं ''मोक्षलघुताकृत् सुदुर्लभा'' इत्यनेन भावभक्तेः; एवं ''सान्द्रानन्दविशेषात्मा श्रीकृष्णाकर्षिणी'' इति प्रेमभक्तेरित्येवं षड्भिः पदैरित्यर्थः॥४४॥

अनुवाद

साधन, भाव तथा प्रेमरूपा त्रिविध भक्ति के गुण दो-दो करके छै पदों से वर्णित हुए। क्लेशघ्नी शुभदा दो पद के द्वारा साधनभक्ति का माहात्म्य कहा गया है। मोक्षलघुताकृत्, सुदुर्लभा पदद्वय के द्वारा भावभक्ति का माहात्म्य कहा गया है। सान्द्रानन्द-विशेषात्मा, श्रीकृष्णाकर्षिणी पदद्वय के द्वारा प्रेमभक्ति का माहात्म्य कहा गया है। इस प्रकार छै पदों के द्वारा साधन, भाव एवं प्रेमभक्ति के माहात्म्य को कहा गया है॥ ४४॥

किञ्च—

स्वल्पाऽपि रुचिरेव स्याद्भक्तितत्त्वावबोधिका।
युक्तिस्तु केवला नैव यदस्या अप्रतिष्ठता ॥ (४५)

अनुवाद

थोड़ी सी रुचि ही भक्ति तत्व का बोध कराने वाली होती है। केवला युक्ति से बोध नहीं होता है,

क्योंकि वह केवला युक्ति अप्रतिष्ठिता है॥ ४५॥

दुर्गमसङ्गमनी

अत्र बहिर्मुखान् प्रत्यन्यदप्युच्यते इत्याह— किञ्चेति। रुचिरत्र भक्तितत्त्वप्रतिपादकशब्देषु श्रीमद्भागवतादिषु प्राचीनसंस्कारेणोत्तमत्वज्ञानं, सैव भक्तितत्त्वमवबोधयति— यथाशब्दं श्रद्धापयतीति, केवला शुष्का नैवेति किन्तु तद्रुचिसहिता, इत्थमेव वक्ष्यते (१-२-१७) 'शास्त्रे युक्तौ च निपुण' इति॥४५॥

अनुवाद

यहाँ पर बहिर्मुख जनों के प्रति कहते हैं— किञ्च इत्यादि। भक्ति तत्त्व ज्ञान के लिए थोड़ी भी यदि रुचि होती है तो इस भक्ति तत्त्व का बोध होगा। केवल युक्ति के द्वारा भक्ति तत्त्व का बोध नहीं होगा, क्योंकि केवल युक्ति अस्थिर होती है।

यहाँ पर रुचि शब्द का अभिप्राय है— पूर्व जन्म के संस्कार से यदि श्रीमद्भागवत आदि भक्ति तत्व प्रतिपादक शास्त्रों में उत्तम ज्ञान होता है; तो वही ज्ञान, भक्ति तत्त्व जानने के लिए उपयुक्त है। क्योंकि वह ज्ञान श्रीमद्भागवत आदि ग्रन्थों के शब्दों में श्रद्धा उत्पन्न कराता है। केवल शुष्क तर्क के द्वारा श्रद्धा नहीं होती है; किन्तु रुचि सहित ज्ञान, युक्ति से ही भक्ति तत्त्व का बोध होता है। इसको आगे १-२-१७ में कहेंगे—

शास्त्रे युक्तौ च निपुणः सर्वथा दृढ़निश्चयः।
प्रौढ़ श्रद्धोऽधिकारी यः स भक्तावुत्तमो मतः॥

जो शास्त्र कथित अर्थ के प्रतिपादन करने में, एवं शास्त्रानुगत अनुकूल युक्ति के द्वारा सङ्गत अर्थ को स्थिर करने में प्रवीण है, उपास्य विचार में एवं पुरुषार्थ विचार में जो दृढ़ निश्चय है, एवं जागतिक समस्त सुख-समृद्धि को भगवद् भक्ति सुख साम्राज्य की तुलना में तुच्छ जानकर प्रौढ़ श्रद्धावान् है, वह भक्ति का उत्तम अधिकारी है॥ ४५॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

हे महाकृपालो! त्रिविधभक्तेस्तत्तन्माहात्म्यं श्रुतमप्यत्यपूर्व्वत्वात् सम्यङ् नावबुध्यते, ततो युक्तिञ्च दर्शयेति बुभुत्सून् प्रति सत्यमत्यपूर्व्वमेवैतत्, किन्तु साधनाभिनिवेशाद् रुचौ स्वल्पायामपि जातायां मनोनैर्मल्यात् स्वयमेव भक्ति तत्वस्यावबोधो, न तु केवलया युक्त्येत्याह,— किञ्चेति। रुचिरेव स्वयमेव स्वल्परुचावपि सत्यां तदनुकूला युक्तिश्च स्वयं स्फुरेदित्यर्थः। युक्तिस्तु केवला रुचिरहिता नैव, अस्याः युक्तेः॥ ४५॥

अनुवाद

हे महाकृपालो! साधन, भाव और प्रेम तीन प्रकार के भक्ति का माहात्म्य सुनकर भी अति अपूर्व होने के कारण अच्छी तरह समझने में नहीं आता है, इसमें युक्ति बोलें। ऐसे लोगों के लिए कहते हैं कि हाँ यह सत्य है, यह अति अपूर्व पदार्थ है, परन्तु भक्ति साधन के अभिनिवेश से थोड़ी सी भी भक्ति में रुचि

होने पर मन निर्मल होता है, उससे स्वयं भक्ति तत्त्व का बोध होता है। केवल युक्ति से भक्ति तत्त्व का बोध नहीं होता है। थोड़ी रुचि होने पर भी भक्ति की अनुकूल युक्ति स्वयं स्फूर्त्ति को प्राप्त होती है। रुचि रहित युक्ति भक्ति तत्त्व को नहीं जान सकती, कारण वह युक्ति अप्रतिष्ठित है, अस्थिर है, चञ्चल है, दूसरे के द्वारा खण्डित हो जाती है॥ ४५ ॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अथ बहिर्मुखान् प्रत्यन्यदप्युच्यते इत्याह— किञ्चेति। रुचिरत्र भक्तितत्त्वप्रतिपादकशब्देषु श्रीभागवतादिषु प्राचीनसंस्कारेणोत्तमत्वज्ञानम्। सैव भक्तितत्त्वमवबोधयति, केवला शुष्का नैवेति किन्तु तद्रुचिसहिता। इत्थमेव वक्ष्यते— (१-२-१७) 'शास्त्रे युक्तौ च निपुणः' इति॥ ४५ ॥

अनुवाद

इस भक्ति के प्रकरण में भक्ति बर्हिमुख व्यक्तियों के प्रति कहते हैं। भक्ति तत्त्वावबोधिका स्वल्पा यदि रुचि हो तो भक्ति तत्त्व का ज्ञान होगा, केवल युक्ति से भक्ति तत्त्व का ज्ञान नहीं होगा, रुचि हीन युक्ति, तर्क स्थिर नहीं होते हैं, दूसरे से खण्डित हो जाते हैं।

यहाँ पर रुचि शब्द से जानना होगा— जन्मान्तरीय संस्कार के द्वारा भक्ति तत्त्व प्रतिपादक श्रीभागवत आदि ग्रन्थों में श्रेष्ठत्व ज्ञान होना। इस प्रकार का उत्तमात्त्व ज्ञान ही भक्ति तत्त्व का बोध कराता है।

केवल शुष्क युक्ति, तर्क भक्तितत्त्व का ज्ञान कराने में सक्षम नहीं है। रुचि सहित ज्ञान, युक्ति ही भक्ति तत्त्व का बोध कराते हैं। इसी बात को कहते हैं—

शास्त्रे युक्तौ च निपुणः सर्वथा दृढ़निश्चयः।
प्रौढ़ श्रद्धोऽधिकारी यः स भक्तावुत्तमो मतः॥

जो शास्त्र एवं युक्ति में सुनिपुण, सर्वथा दृढ़निश्चय और प्रौढ़ श्रद्धावान् होता है वह भक्ति का उत्तम अधिकारी होता है॥ ४५ ॥

तथा प्राचीनैरप्युक्तम्—

यत्नेनापादितोऽप्यर्थः कुशलैरनुमातृभिः।
अभियुक्ततरैरन्यैरन्यथैवोपपाद्यते ॥ (४६)

इति श्रीश्रीभक्तिरसामृतसिन्धौ पूर्वविभागे सामान्यभक्तिलहरी प्रथमा॥

अनुवाद

इस विषय में प्रचीन विद्वानों का भी कहना है—

अनुमान के विषय में निपुण व्यक्तिगण के द्वारा यत्नपूर्वक स्थापित विषय को निपुण तार्किक व्यक्तिगण निज-निज युक्ति के द्वारा अन्य रूप में स्थिर अर्थात् खण्डन कर देते हैं॥ ४६ ॥

श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु नामक ग्रन्थ के पूर्वविभाग स्थित
सामान्य भक्ति नामक प्रथमा लहरी समाप्त॥ १ ॥

दुर्गमसङ्गमनी

अप्रतिष्ठतामेव दर्शयति— तथेति। प्राचीनैः "तर्काप्रतिष्ठानात्" (ब्र.सू. २-१-१२) इति न्यायानुसारिभिः वार्त्तिककारादिभिः। अभियुक्ततरास्तार्किकेषु प्रवीणतराः॥ ४६॥

इति दुर्गमसङ्गमनीनाम्न्यां श्रीभक्तिरसामृतसिन्धुटीकायां लहरीचतुष्टयात्मके पूर्वविभागे सामान्यभक्तिलहरी प्रथमा॥ १॥

अनुवाद

अप्रतिष्ठित कैसे होते हैं? उसको कहते हैं— ब्रह्मसूत्र के २-१-१२ "तर्काप्रतिष्ठानात्" नियम के अनुसार चलने वाले श्रीशङ्कर भाष्य के वार्तिककार सुरेश्वराचार्य आदि प्राचीनगण अनुमान के विषय में कहते हैं कि प्रवीणतर तार्किकगण निपुण व्यक्तिगण के द्वारा यत्नपूर्वक स्थापित विषय को निज-निज युक्ति के द्वारा अन्य रूप में प्रतिपादित अर्थात् खण्डन कर देते हैं।

अभियुक्ततर का अभिप्राय है— तार्किकों में प्रवीणतर॥ ४६॥

श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु के दुर्गमसङ्गमनी नामक टीका में लहरीचतुष्टयात्मक पूर्वविभाग स्थित सामान्यभक्ति नामक प्रथमा लहरी समाप्त॥१॥

अर्थरत्नाल्प-दीपिका

अप्रतिष्ठतामेव दर्शयति,— प्राचीनैः तर्काप्रतिष्ठानात् इत्यादि (ब्र. सू., २-१-१२) न्यायानुसारिभिः सुरेश्वरवार्त्तिककारैः। अभियुक्ततरास्तार्किकेषु प्रवीणतराः॥ ४६॥

इत्यर्थरत्नाल्पदीपिकानाम्न्यां श्रीभक्तिरसामृतसिन्धुटीकायां लहरीचतुष्टयात्मके पूर्व्वविभागे सामान्यभक्तिलहरी प्रथमा॥१॥

अनुवाद

तर्क की अस्थिरता को दिखाते हैं— ब्रह्मसूत्र के २-१-१२ 'तर्काप्रतिष्ठानात्' नियम के अनुसार चलने वाले श्रीशङ्कर भाष्य के वार्तिककार सुरेश्वराचार्य आदि प्राचीनगण अनुमान के विषय में कहते हैं कि प्रवीणतर तार्किकगण निपुण व्यक्तिगण के द्वारा यत्नपूर्वक स्थापित विषय को निज-निज युक्ति के द्वारा अन्य रूप में प्रतिपादित अर्थात् खण्डन कर देते हैं।

अभियुक्ततर का अभिप्राय है— तार्किकों में प्रवीणतर॥ ४६॥

श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु नामक ग्रन्थ के अर्थरत्नाल्पदीपिका नामक टीका में लहरीचतुष्टयात्मक पूर्वविभाग स्थित सामान्यभक्ति नामक प्रथमा लहरी समाप्त॥१॥

भक्तिसार-प्रदर्शिनी

अप्रतिष्ठतामेव दर्शयति— तथेति। प्राचीनैः (ब्र.सू. २-१-१२) 'तर्काप्रतिष्ठानात्' इति न्यायानुसारिभिः वार्त्तिककारैः। अभियुक्ततरास्तार्किकेषु प्रवीणतराः॥ ४६॥

इति भक्तिसारप्रदर्शिनीनाम्न्यां श्रीभक्तिरसामृतसिन्धुटीकायां लहरीचतुष्टयात्मके पूर्वविभागे सामान्यभक्तिलहरी प्रथमा॥ १॥

अनुवाद

तर्क की अस्थिरता को दिखाते हैं— ब्रह्मसूत्र के २-१-१२ 'तर्काप्रतिष्ठानात्' नियम के अनुसार चलने वाले श्रीशङ्कर भाष्य के वार्त्तिककार सुरेश्वराचार्य आदि प्राचीनगण अनुमान के विषय में कहते हैं कि प्रवीणतर तार्किकगण निपुण व्यक्तिगण के द्वारा यत्नपूर्वक स्थापित विषय को निज-निज युक्ति के द्वारा अन्य रूप में प्रतिपादित अर्थात् खण्डित कर देते हैं।

अभियुक्ततर का अभिप्राय है— तार्किकों में प्रवीणतर॥ ४६॥

श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु के भक्तिसारप्रदर्शिनी नामक टीका में लहरीचतुष्टयात्मक पूर्वविभाग स्थित सामान्यभक्ति नामक प्रथमा लहरी समाप्त॥ १॥

श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु नामक ग्रन्थ के पूर्वविभाग में स्थित
सामान्यभक्ति नामक प्रथमा लहरी का
श्रीहरिदासशास्त्रि कृत
हिन्दी भाषानुवाद समाप्त॥ १॥

श्रीहरिदास शास्त्री सम्पादित ग्रन्थावली

(श्रीगदाधरगौरहरि प्रेस से प्रकाशित)

क्रम सद्ग्रन्थ	मूल्य
१-वेदान्तदर्शनम् भागवतभाष्योपेतम्	१५०.००
२-श्रीनृसिंह चतुर्दशी	१०.००
३-श्रीसाधनामृतचन्द्रिका	२०.००
४-श्रीगौरगोविन्दार्चनपद्धति	२०.००
५-श्रीराधाकृष्णार्चनदीपिका	२०.००
६-७-८-श्रीगोविन्दलीलामृतम्	४५०.००
९-ऐश्वर्यकादम्बिनी	३०.००
१०-श्रीसंकल्पकल्पद्रुम	३०.००
११-१२-चतु:श्लोकीभाष्यम्, श्रीकृष्णभजनामृतम्	३०.००
१३.प्रेम सम्पुट	४०.००
१४-श्रीभगवद्भक्तिसार समुच्चय	३०.००
१५-ब्रजरीतिचिन्तामणि	४०.००
१६-श्रीगोविन्दवृन्दावनम्	३०.००
१७-श्रीकृष्णभक्तिरत्नप्रकाश	५०.००
१८-श्रीहरेकृष्णमहामन्त्र	५.००
१९-श्रीहरिभक्तिसारसंग्रह	५०.००
२०-धर्मसंग्रह	५०.००
२१-श्रीचैतन्यसूक्तिसुधाकर	१०.००
२२-श्रीनामामृतसमुद्र	१०.००
२३-सनत्कुमारसंहिता	२०.००
२४-श्रुतिस्तुति व्याख्या	१००.००
२५-रासप्रबन्ध	३०.००
२६-दिनचन्द्रिका	२०.००
२७-श्रीसाधनदीपिका	६०.००
२८-स्वकीयात्वनिरास, परकीयात्वनिरूपणम्	१००.००
२९-श्रीराधारससुधानिधि (मूल)	२०.००
३०-श्रीराधारससुधानिधि (सानुवाद)	१००.००
३१-श्रीचैतन्यचन्द्रामृतम्	३०.००
३२-श्रीगौरांग चन्द्रोदय	३०.००
३३-श्रीब्रह्मसंहिता	५०.००
३४-भक्तिचन्द्रिका	३०.००
३५-प्रमेयरत्नावली एवं नवरत्न	५०.००
३६-वेदान्तस्यमन्तक	४०.००
३७-तत्वसन्दर्भ:	१००.००
३८-भगवत्सन्दर्भ:	१५०.००
३९-परमात्मसन्दर्भ:	२००.००
४०-कृष्णसन्दर्भ:	२५०.००
४१-भक्तिसन्दर्भ:	३००.००
४२-प्रीतिसन्दर्भ:	३००.००
४३-दश:श्लोकी भाष्यम्	६०.००
४४-भक्तिरसामृतशेष	१००.००
४५-श्रीचैतन्यभागवत	२००.००
४६-श्रीचैतन्यचरितामृतमहाकाव्यम्	१५०.००
४७-श्रीचैतन्यमंगल	१५०.००
४८-श्रीगौरांगविरुदावली	४०.००
४९-श्रीकृष्णचैतन्यचरितामृत	१५०.००
५०-सत्संगम्	५०.००
५१-नित्यकृत्यप्रकरणम्	५०.००
५२-श्रीमद्भागवत प्रथम श्लोक	३०.००
५३-श्रीगायत्री व्याख्याविवृति:	१०.००
५४-श्रीहरिनामामृत व्याकरणम्	२५०.००
५५-श्रीकृष्णजन्मतिथिविधि:	३०.००
५६-५७-५८-श्रीहरिभक्तिविलास:	६००.००
५९-काव्यकौस्तुभ:	१००.००

६०-श्रीचैतन्यचरितामृत २५०.००
६१-अलंकारकौस्तुभ २५०.००
६२-श्रीगौरांगलीलामृतम् ३०.००
६३-शिक्षाष्टकम् १०.००
६४-संक्षेप श्रीहरिनामामृत व्याकरणम् ८०.००
६५-प्रयुक्ताख्यात मंजरी २०.००
६६-छन्दो कौस्तुभ ५०.००
६७-हिन्दुधर्मरहस्यम् वा सर्वधर्मसमन्वय: ५०.००
६८-साहित्य कौमुदी १००.००
६९-गोसेवा ४०.००
७०-पवित्र गो ५०.००
७१-गोसेवा (गोमांसादि भक्षण विधिनिषेध विवेचन) ५०.००
७२-रस विवेचनम् ५०.००
७३-अहिंसा परमो धर्म: ११०.००
७४.भक्ति सर्वस्वम् ५०.००
७५.उत्तमा-भक्ति का लक्षण एवं माहात्म्य
(श्रीश्रीभक्तिरसामृतसिन्धु: भगवद्भक्तिभेदनिरूपक: प्रथमालहरी— सामान्यभक्ति:) १५०.००

बंगाक्षर में मुद्रित ग्रन्थ

१-श्रीबलभद्रसहस्रनाम स्तोत्रम् १०.००
२-दुर्लभसार १०.००
३-साधकोल्लास ५०.००
४-भक्तिचन्द्रिका ४०.००
५-श्रीराधारससुधानिधि (मूल) २०.००
६-श्रीराधारससुधानिधि (सानुवाद) ३०.००
७-श्रीभगवद्भक्तिसार समुच्चय ३०.००
८-भक्तिसर्वस्व ५०.००
९-मन:शिक्षा ३०.००
१०-पदावली ३०.००
११-साधनामृतचन्द्रिका ४०.००
१२-भक्तिसंगीतलहरी २०.००

अंग्रेजी भाषा में मुद्रित ग्रन्थ

१-पद्यावली (Padyavali) २००.००
२-गोसेवा (Goseva) ५०.००
३-पवित्र गो (The Pavitra Go) ८०.००
४. A Review of "Beef in ancient India" २००.००
५. Dinachandrika ५०.००

अन्य भाषाओं में मुद्रित ग्रन्थ

१. Pavitra Go (Spanish)
२- Goseva Pavitra Go (Italian)
३-गोसेवा (गोमांसादि भक्षण विधिनिषेध विवेचन) (तमिल)


वी.सी.डी.

१- श्रीहरिदास— निवास एक परिचय (हिन्दी)

॥श्रीहरि:॥

अन्याभिलाषिताशून्यं ज्ञानकर्म्माद्यनावृतम्।
आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा ।। भ.र.सि. १/१/११

अन्याभिलाषिता शून्य, ज्ञान-कर्मादि के द्वारा अनावृत एवं आनुकूल्य से कृष्णानुशीलन को उत्तमा भक्ति कहते हैं।





मुद्रक : श्री गदाधरगौरहरि प्रेस
श्रीहरिदास निवास
पुरानी कालीदह, वृन्दावन
मथुरा, उ० प्र० ।